PRESS
राष्ट्रीय मुख्यधारा
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, बुधवार
08.01.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 333

mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

शाह ने भारतपोल पोर्टल किया लॉन्च

अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान

- प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़ सकेंगी
- भारतपोल पोर्टल 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया। भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है या फिर अपराध करके विदेश में भाग गये हैं जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एसेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा।

यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करती थी, लेकिन अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी तो बाद में सीबीआई ही रहेगी लेकिन इस तकनीक के आधार पर खड़ी की गई व्यवस्था के माध्यम से ढेरी सारी दूरियों को मिटा पाएंगे, ढेर सारी सूचनाओं को हम प्राप्त कर पाएंगे। इस तरह से सटीकता के साथ अनेक प्रकार के दुनिया के क्राइम को विश्लेषण करके हमारे यहां क्राइम होने से पहले उसे रोकने की संरचना भी खड़ी कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल जांच एजेंसियों और हर राज्य की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। साथ ही संवाद को सरल और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल के पांच प्रमुख मॉड्यूल हैं और यह सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता देंगे। उन्होंने कहा कि देश जब 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा तब भारत हर क्षेत्र में सर्वप्रथम होगा और हम प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए कई पड़ाव हैं। उसमें 2027 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है। वहीं से एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का पहला कदम उठेगा। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आईएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं।

भारत परमाणु पनडुब्बी बेड़े के नए बेस 'आईएनएस वर्षा' से करेगा चीनी नौसेना का मुकाबला

- बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर और पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना को मिलेगी ताकत

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी बेड़े के लिए एक नया बेस 'आईएनएस वर्षा' बना रहा है, जिसका निर्माण दो साल के भीतर पूरा होगा। भारत का नौसैनिक विस्तार बंगाल की खाड़ी सहित हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति के जवाब में है। साथ ही भारतीय नौसेना को 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य भी पूरा करेंगी। भारत का परमाणु पनडुब्बी कार्यक्रम दुनिया की सबसे बड़ी चीनी नौसेना का मुकाबला करने के लिए तेजी से चल रहा है। भारत के पास 2036 तक अपनी पहली स्वदेशी परमाणु हमला पनडुब्बी होने की उम्मीद है। यह भूमिगत बेस आंध्र प्रदेश के तटीय गांव रामबिली के पास स्थित है, जो विशाखापट्टनम नौसैनिक अड्डे से लगभग 70 किमी दूर है। यह बेस न केवल बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसैनिक शक्ति को नया आकार देगा। हालांकि, आईएनएस वर्षा की सटीक लागत का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन अनुमान है कि इसकी लागत लगभग 3.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकती है। इस अड्डे को 12 से अधिक परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें अरिहंत-क्लास और भविष्य के एस5-क्लास के जहाज शामिल हैं। आईएनएस वर्षा क्वाड देशों के भागीदारों संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए यह बेस नौसेना की वर्तमान और भविष्य की पनडुब्बियों के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत की पहली परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमताओं को बदल देंगी। इसके अलावा ये पनडुब्बियां हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन और पाकिस्तान की बढ़ती समुद्री गतिविधियों को जवाब देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा यह बेस भारत की नौसैनिक शक्ति को प्रदर्शित करने और विशाल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाने की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे भारतीय नौसेना अपने तत्काल जल क्षेत्र से कहीं आगे तक काम कर सकेगी। भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने पुष्टि की है कि देश की पहली स्वदेशी परमाणु हमला पनडुब्बी 2036 तक तैयार होने की उम्मीद है और दूसरी दो साल के भीतर तैयार हो जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

तिब्बत में कांपी धरती: 36 की मौत 38 घायल, भारत में भी लगे झटके

नई दिल्ली। तिब्बत और नेपाल के लिए मंगलवार की सुबह मौत का पैगाम लेकर आई। यहां 7.1 की तीव्रता से आए भूकंप ने भारी तबाही मचा दी। इसमें 36 लोगों को मौत हो गई और 38 लोग घायल हो गए। इधर भारत और बांग्लादेश के कई हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनका केंद्र तिब्बत था। जहां 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, नेपाल और भारत के सिक्किम की सीमा के पास चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत क्षेत्र में सुबह 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र नेपाल के लोबुचे से करीब 91 किमी दूर था। भूकंप के झटके भूटान और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। चीन के बयान में बताया गया कि नेपाल सीमा के पास तिब्बत क्षेत्र में आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 36 लोगों की मौत हुई है और 38 लोग घायल हैं। भारत, नेपाल और बांग्लादेश में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत में थोड़ी-थोड़ी देर में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 7:00 बजे दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग इलाके में 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद भी कई बार झटके महसूस किए गए।

एचएमपीवी के बढ़ते केसों पर राज्य रखें पैनी नजर, लोगों को करें जागरुक

नई दिल्ली। एचएमपीवी के बढ़ते मामले को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की। स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को आईएलआई और एसएआरआई की निगरानी को और मजबूत करने की सलाह दी। साथ ही राज्यों से कहा गया है कि वह इसके उपायों के बारे में जनता को जागरुक करें, ताकि ऐसे मामलों का समय पर पता चल सके। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि राज्यों को ऐसे मामलों की निगरानी बढ़ाने और उनकी समीक्षा करना चाहिए, ताकि श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने में कोई कमी न हो। चीन से शुरू हुआ एचएमपीवी वायरस ने अब भारत में भी दस्तक दे दी है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल के अलावा तमिलनाडु में इस वायरस से जुड़े मामलों की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र सरकार ने इस संबंध में एडवाइजरी भी जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को पहले ही कह दिया है कि वह समय-समय पर इस संबंध में अपडेट कराए।

दिल्ली चुनाव की घोषणा

5 फरवरी को मतदान, 8 को मतगणना

- उप्र की मिल्कीपुर, तमिलनाडु की इरोड सीट पर उपचुनाव की भी घोषणा
- जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही दिल्ली में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। इन दोनों सीटों पर मतदान और मतगणना दिल्ली चुनाव के साथ ही होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में बर्फीले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी रहेगी। 20 जनवरी तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 8 फरवरी को होगी। उन्होंने तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि 10 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जानी चाहिए। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनावों की घोषणा का नड्डा ने किया स्वागत, कहा- पार्टी विकास के लिए कटिबद्ध

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किए जाने का स्वागत किया है। पार्टी ने दिल्ली वासियों से अपील की कि वे विकसित दिल्ली बनाने वाली सरकार चुनें। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को सुनिश्चित करने में इसकी अग्रणी भूमिका है। मैं यहां की जनता से 'विकसित दिल्ली' बनाने और लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील करता हूं।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा अंत्योदय के संकल्प के साथ दिल्ली के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है। गौरतलब है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया।

बीपीएससी मामले की सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा-पटना हाईकोर्ट जाएं



एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि यह मामला पटना हाईकोर्ट में सुलझाया जाना चाहिए। याचिका में परीक्षा रद्द करने और प्रदर्शन के दौरान कैंडिडेट्स पर लाठीचार्ज करने के लिए जिले के एसपी और डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और कहा कि याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट में अपील करनी चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने यह दावा किया कि पूरे देश ने देखा है कि बिहार पुलिस ने कैसे बेरहमी से प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज बरसाई, लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह हाईकोर्ट का मामला है, आप वहीं जाएं। यह याचिका आनंद लीगल एंड फोरम ट्रस्ट की ओर से दायर की गई थी, जिसमें बीपीएससी परीक्षा के दौरान धांधली का आरोप लगाया गया। याचिका में पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में सीबीआई से कराने की भी मांग की गई थी। बीपीएससी परीक्षा की असमंजस स्थिति बीपीएससी 70वीं कंबाइंड सिविल सेवा परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन 20 सितंबर 2024 को जारी किया गया था। इस परीक्षा के लिए 1964 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जो बीपीएससी के इतिहास में सबसे बड़ी वैकेंसी मानी जा रही है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से परीक्षा को लेकर असमंजस की स्थिति बनी, क्योंकि पांच बार पदों को अपडेट किया गया और परीक्षा की तारीख को तीन बार बढ़ाया गया।

रेल मंत्री ने भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया लॉन्च

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लॉन्च किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री के विजन और कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में जो बड़ा बदलाव आया है वह इस कैलेंडर में दिखाई पड़ता है। प्रौद्योगिकी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक विरासत, खिलाड़ियों, गरीब कल्याण, महिलाओं और गरीबों के लिए किये गये काम शामिल हैं।

आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की भी खोज की। वार्षिक बैठकें आयोजित करके वार्ता को संस्थागत बनाने पर सहमति बनी। दरअसल, यह सुरक्षा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अगस्त 2024 में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम की भारत यात्रा का परिणाम है। इस यात्रा के दौरान भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया तथा दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

लक्षद्वीप में मिला सदियों पुराना युद्धपोत

एजेंसी। चेन्नई

लक्षद्वीप समूह में कल्पेनी द्वीप के पास मरीन लाइफ को एक्सप्लोर कर रहे गोताखोरों को समुद्र की गहराई में एक युद्धपोत का मलबा मिला है। शोधकर्ताओं का मानना है कि तोपों से लैस यह जहाज संभवतः तीन यूरोपीय शक्तियों पुर्तगाली, डच या ब्रिटिश में से किसी का हो सकता है। माना जा रहा है कि यह 17वीं और 18वीं शताब्दी में मध्य पूर्व और श्रीलंका को जोड़ने वाले प्राचीन समुद्री मार्ग पर वर्चस्व की लड़ाई के दौरान डूब गया था। मरीन लाइफ खोजकर्ता ने कहा कि जब उन्होंने कल्पेनी के पश्चिमी हिस्से में मलबा देखा, तो नहीं पता था कि यह एक युद्धपोत है। जब एक तोप और एक लंगर मिला, तो एहसास हुआ कि यह एक महत्वपूर्ण खोज हो सकती है। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों के समूह का नेतृत्व किया। उनकी टीम में नसरुल्ला और सजुदीन शामिल थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारियों को इस खोज के बारे में सूचित कर दिया है। खोजकर्ता माने ने कहा कि उन्हें यह लैगून के मुहाने पर सिर्फ़ चार या पांच मीटर की गहराई पर मिला। मलबा अरब सागर के गहरे हिस्सों में फैला हुआ मालूम होता है। जहाज, तोप और धातु के आकार को देखते हुए, यह एक यूरोपीय युद्धपोत हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस युद्धपोत के मलबे को लेकर और खोजबीन की जरुरत है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिक और गोताखोरों के समूह के सलाहकार इदरीस बाबू ने कहा कि इस क्षेत्र में पहले ऐसे जहाज़ का मलबा कभी नहीं मिला है। जहाज की लंबाई करीब 50-60 मीटर है। सत्यजीत माने ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 17वीं या 18वीं सदी में इस व्यापार मार्ग पर लोहे के जहाजों का इस्तेमाल किया था। इसके बारे में ज्यादा जानने के लिए पानी के नीचे पुरातात्विक अध्ययन की जरुरत है। तब तक इस स्थल की सुरक्षा करना जरुरी है। जानकारी के मुताबिक अंग्रेज़ लोहे के जहाजों का इस्तेमाल करते थे, पुर्तगाली लोहे और लकड़ी से बने जहाजों का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने कहा कि मलबे पर कोरल की वृद्धि और जंग के कारण यह पता लगाना मुश्किल है कि जहाज पूरी तरह से लोहे से बना था या इसमें लकड़ी के भी घटक थे।

जहाज पर मिले तोप और लंगर

- लंबाई करीब 50-60 मीटर, पुर्तगाली, डच या ब्रिटिश से हो सकता है संबंध

हिंदुस्तान-पाकिस्तान के बीच अच्छे रिश्ते कायम हों और दोनों देश एक हो जाएं

अजमेर। अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती गरीब नवाज के 813वें उर्स में शिरकत करने और पाकिस्तान सरकार की ओर से चादर पेश करने पाकिस्तान से आए 89 जायरीनों का एक दल दरगाह पहुंचा। ये जायरीन वाघा बॉर्डर से भारतीय सीमा में प्रवेश कर अजमेर पहुंचे हैं। दल के साथ पाकिस्तान एंबेसी के दो अधिकारी भी आए। अजमेर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर पाकिस्तान से आए जायरीनों ने ख्वाजा साहब की दरगाह में दुआ करने और उनकी शान में नात पढ़ी। एक जायरीन ने मेरे ख्वाजा पिया, दर पर बुलवा लिया नात पढ़ी और सभी ने हाथ उठाकर दुआ मांगी। इन जायरीनों ने खासतौर पर पाकिस्तान की मशहूर मिठाइयां और विशेष फूलों के गुलदस्ते ख्वाजा साहब के दरबार में पेश किया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, बुधवार, 08 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

बड़गाईं सीओ को रांची शहर अंचल का प्रभार

एजेंसी । रांची। बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को रांची शहर अंचल का प्रभार दिया गया है। शहर अंचल में होने वाले कार्य सुचारू रूप से हों इसके लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर का प्रभार दिया गया। उपायुक्त ने दाखिल-खारिज, सर्टिफिकेट एवं अन्य ऑनलाइन कार्य को कार्य को लेकर ऑफिस आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

पुलिस ने नक्सली को किया गिरफ्तार

एजेंसी । गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस ने जिले के नक्सल प्रभावित भेलवाघाटी थाना इलाके से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य रहे तालो मरांडी उर्फ सुनील मरांडी को गिरफ्तार किया है। वह जमुई के चकाई का रहने वाला है। मरांडी भेलवाघाटी के बलिहारी जंगल में अपने परिजनों के साथ पैदल जाने के क्रम में गुप्त सूचना पर गिरफतार किया है। मंगलवार को एसपी डा विमल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार नक्सली का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 - 20 में झारखंड - बिहार के सीमावर्ती इलाके में दहशत कायम करने , ठेकेदारों से लेवी वसूली करने , सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने सहित अन्य नक्सली कांडों के आरोप में सीमावर्ती चमाई , भेलवाघाटी थाने में मामले दर्ज है। एसपी ने कहा की तालो मरांडी बिहार झारखंड के ईनामी और कुख्यात नक्सलियों के मारक दस्ते से जुड़ा रहा है। इसमें पिंटू राणा, मारा गया ईनामी नक्सली चिराग दा के दस्ते से जुड़ा हुआ था। एक समय इन दोनों के इशारे पर तालो मरांडी इलाके में चलने वाली योजनाओं में ठेकेदारों से लेवी वसूलने का काम करता था। साल 2020 में इसने दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांव गुनायाथर के जेडी नदी के समीप जमीन में बड़े पैमाने पर विस्फोटक छिपाकर रखा था।उन्होंने बताया कि जमीन के भीतर छिपाकर रखने का मकसद किसी बड़े नक्सली घटना को अंजाम देना था। गुनियाथर में तालो मरांडी के नेतृत्व में नदी पर निर्माणाधीन पुल के ठेकेदारों से लेवी का मांग किया गया था। नहीं देने पर तालो मरांडी ने अपने दस्ते के साथियों के साथ सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया था।

एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे थे श्रीवास्तव गैंग के अपराधी, छापेमारी में चार गिरफ्तार

एजेंसी । रामगढ़। रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस काफी संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। अपराधियों की भनक लगते ही पुलिस ना सिर्फ अलर्ट हो रही है, बल्कि बेहद शातिर तरीके से अपराधियों को दबोच भी रही है। रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे अपराधियों को पुलिस ने भी बेहद नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी श्रीवास्तव गैंग से ताल्लुकात रखते थे। वे लोग वहां पतरातू क्षेत्र में ठेकेदारों को धमकाने की योजना बना रहे थे। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि श्रीवास्तव गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पतरातू थाने के स्टीम कॉलोनी निवासी दीपक कुमार, रोचाप गांव निवासी शहादत अंसारी, एहसान अंसारी और एक नाबालिक युवक शामिल है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जैसे ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एलेक्सा रिजॉर्ट को घेरा गया, वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की, तो कुछ लोगों ने चलाकी भी बरती। वह अपना फर्जी नाम पता बता कर भागने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन पुलिस को पहले पुख्ता जानकारी थी। कड़ाई से पूछताछ हुई और दीपक, शहादत, एहसान और एक अन्य अपराधी को दबोच लिया गया। दीपक और शहादत के पास से 9 एमएम का दो देसी पिस्टल और तीन जिंदा गोली बरामद हुआ है। इसके अलावा अपराधियों की स्कॉर्पियो गाड़ी (जेएच 01 डीसी 5893), सुजुकी कार (जेएच 01 एफएच 8859), एक बिना नंबर की कार और छह मोबाइल जब्त हुआ है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि अपराधियों की इस मीटिंग का पूरा प्लान होटवार जेल में बना था। जेल में बंद अमन श्रीवास्तव, रियाज अंसारी, शिव शर्मा और रतन सिंह के द्वारा धमकी दिए जाने और रंगदारी वसूलने की योजना बनाई गई थी। इस मीटिंग को सफल बनाने के लिए एलेक्सा रिसोर्ट के बाहर तीन लोगों को रेकी करने के लिए लगाया गया था। एहसान अंसारी और एक अन्य नाबालिक युवक इस रेकी में शामिल था, जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि दीपक कुमार और शहादत अंसारी का आपराधिक इतिहास रहा है। दीपक के खिलाफ पतरातू और भुरकुंडा थाने में कई मामले दर्ज हैं।

रातू लूटकांड के दो आरोपितों के पोस्टर जारी, 20 हजार इनाम घोषित

एजेंसी । रांची

शहर के रातू थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से दिनदहाड़े 14 लाख रुपये लूट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपितों के पोस्टर जारी किए हैं। सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पोस्टर में बताया गया है कि रांची के रातू थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर, 2024 को स्टेट बैंक काठीटांड पास एक व्यवसायी से पैसे की छिनैती की गई थी, जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई है। इन दोनों अपराधियों के बारे में कोई भी जानकारी यदि किसी के पास हो तो वह निःसंकोच पुलिस को इसकी सूचना जरूर दे। सूचना देने वाले का नाम एवं पहचान पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। पुलिस ने सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर 9431706136, 9431706138, 9431706142 और 9431706175 जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर की दोपहर रातू स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी 14 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए निकले थे। बैंक से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार दो अपराधियों ने कर्मचारी को रोका और पैसे भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद भी हो गई थी। अपराधियों की तस्वीर भी स्पष्ट रूप से पहचान की जा रही थी लेकिन इसके बावजूद रातू पुलिस कांड का खुलासा नहीं कर पाई है। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने घटना में शामिल अपराधियो के पोस्टर जारी किए हैं।

चुनावी वादों से पीछे हटकर झामुमो-कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रहे : बाबूलाल

एजेंसी । रांची

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस प्रभारी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का बहाना बनाकर और चुनावी वादों से पीछे हटकर झामुमो-कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रहे हैं। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने घोषणा की थी कि एक दिसंबर से हर परिवार को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा लेकिन अब चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री का रुख बदल गया है। वे अब कह रहे हैं कि 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने के लिए गठबंधन के साथी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की मंजूरी जरूरी है। मरांडी ने कहा कि अब सवाल यह उठता है कि क्या कांग्रेस ने झामुमो की सहमति के बिना यह वादा कर दिया था? और यदि झामुमो वाकई इस वादे को लागू करने में बाधा बना हुआ है, तो कांग्रेस को खुलकर जनता के सामने सच रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी वादे केवल वोट बटोरने का जरिया नहीं होते, बल्कि जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक होते हैं। इसलिए आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर जनता को जल्द से जल्द 450 में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की पहल शुरू की जाए।

झारखंड में ठंड से राहत नहीं, छाया रहेगा कोहरा

एजेंसी । रांची

झारखंड में इन दिनों ठंड का कहर जारी है। राजधानी रांची में मंगलवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। रुक-रुक कर चल रही हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। गुमला, खूंटी और हजारीबाग सहित कई जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। शाम में चल रही शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। रांची का तापमान एक बार फिर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। बुधवार को उत्तर पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी भागों में घना कोहरा छाया रह सकता है। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिन 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कई इलाकों में सुबह घना कोहरा देखने को मिलेगा। इनमें गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह कोडरमा, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़ साहिबगंज और गोड्डा शामिल है। आसमान में बादल साफ रहेगा। आठ और 11 जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेंटीग्रेड गुमला में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.8 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देखा गया। सबसे अधिक वर्षा 0.1 एमएम डाल्टनगंज में दर्ज किया गया।

खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है: राज्यपाल

एजेंसी । रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को कहा कि खादी महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है। राज्यपाल मंगलवार को झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित "राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25" के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान "खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन" का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों के जरिये तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। साथ ही कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। साथ ही राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

झारखंड हाई कोर्ट में डीजीपी और डीजी होमगार्ड हुए हाजिर, कोर्ट ने अवमानना याचिका किया ड्रॉप

एजेंसी । रांची

झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की बेंच में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता और महानिदेशक (डीजी) होमगार्ड अनिल पालटा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप करते हुए कहा कि चूंकि इस मामले में राज्य सरकार अपील (एलपीए) में गई है, इसलिए होमगार्ड के जवानों का एरियर सरकार के अपील के फैसले पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड को वर्तमान में मिल रही बढ़ी हुई सैलरी मिलती रहेगी। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट के 25 अगस्त, 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की है। राज्य सरकार ने 10 अगस्त, 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। इसके आधार पर वर्तमान में होमगार्ड जवानों को बढ़ी हुई सैलरी मिल रही है। होमगार्ड जवानों को एरियर भुगतान में कई वित्तीय कठिनाइयों भी हैं, सरकार स्तर पर अभी इस पर निर्णय नहीं हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त, 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था। आदेश की तारीख से पुलिसकर्मियों के समकक्ष होमगार्ड जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ देना होगा। दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने अवमानना याचिका दायर की है। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। इस मामले में राज्य सरकार की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट से पहले ही खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था तथा एसएलपी खारिज कर दी थी। होमगार्ड जवानों अजय प्रसाद एवं अन्य ने पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य लाभ के लिए के लिए झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। प्रार्थियों का कहना था कि होमगार्ड का पोस्ट सिविल पोस्ट है। क्योंकि, वह पुलिसकर्मियों की तरह ड्यूटी करते हैं।

घरों से जेवर चुराने वाला चोर और गलाने वाला सोनार गिरफ्तार

एजेंसी । रामगढ़

घरों से जेवरात चोरी करने वाले चोर और जेवर गलाने वाले सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि शातिर और आदतन चोर व्यापारी साहू उर्फ़ नेपाली साहू पकड़ा गया है। एसपी ने बताया कि वह शातिर चोर को हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनुवा गांव से पकड़ा गया है। पूछताछ के दौरान उसने रामगढ़ एवं कुजू क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधी के घर से चोरी किया गया 40 हजार रुपये नगद, चार मोबाइल फोन, एक टैब और पांच चांदी का सिक्का भी बरामद हुआ है। उस अपराधी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर जेवर गलाने वाले सोनार रामगढ़ गोलपार्क निवासी ओमहरि सोनी को गिरफ्तार किया गया। ओमहरि सोनी की निशानदेही पर कांड में चोरी गए जेवरात को गलाकर बनाए गए विभिन्न प्रकार के आभूषण को उसके दुकान से बरामद किया गया है। बरामद आभूषण और सामान से संबंधित वैध कागजात की जब मांग की गई तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि व्यापारी साहू उर्फ नेपाली साहू का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पिछले 16 सालों से लगातार चोरी कर रहा है।

कांग्रेस के जनता दरबार में 40 लोगों ने रखी समस्याएं, मंत्री इरफान ने निराकरण के दिए निर्देश

एजेंसी । रांची

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की उपस्थिति में मंगलवार को जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 लोगों ने समस्याएं रखी। मंत्री इरफान ने तत्काल अधिकारियों से बात कर समाधान का रास्ता निकालने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आये कुल 40 मामलों में स्वास्थ्य संबंधी आठ, जमीन संबंधित तीन, थाना विवाद के दो, स्थानांतरण के दो, नौकरी के सात मामलों के अलावा मंईयां सम्मान, अबुआ आवास विभागीय कार्रवाई सहित अन्य मामले आए। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी। जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस लोगों के जीवन शैली को सरल बनाने का प्रयास करती है। इसी प्रयास के तहत जनता दरबार की पहल की गई है। हमें जनता का प्रति जवाबदेह और संवेदनशील होना होगा। तभी लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रगति में सबका साथ हो। झारखंड के अधिकारियों को भी जनता के नजरियों को समझ कर उनके उत्थान के लिए कार्य करना होगा। महागठबंधन सरकार पार्ट दो में हम तीव्र गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में शुमार होंगे। केंद्र सरकार झारखंड को सहयोग करेगा तो देश की तरक्की में झारखंड और मजबूती से अपना योगदान देगा। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जनता के पास जाकर उनकी समस्याओं को जानकर उसका निराकरण करना है। झारखंड के लोगों का स्वास्थ्य ठीक रखना है। पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। एक सप्ताह के बाद परिणाम दिखना शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के भी पूर्व के कुछ मामले सामने आए हैं उसकी जांच कराई जाएगी। यदि कोई दोषी निकलता है तो उस पर कार्रवाई होगी। एचएमवीपी वायरस का झारखंड में कोई प्रकोप नहीं है। सभी सिविल सर्जन से बात करने का निर्देश सचिव को दिया जा चुका है। हम केंद्र सरकार के एडवाइजरी का इंतजार कर रहे हैं। इरफान ने कहा कि केंद्र सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश का अनुपालन किया जाएगा। यह वायरस 5 वर्ष से कम और 70 वर्ष से ऊपर की उम्र के लोगों पर प्रभाव डालता है। झारखंड इससे निपटने को पूरी तरह तैयार है। बाहर से आने वाले लोगों की भी जांच की व्यवस्था की जाएगी। जनता को आश्वस्त करते हैं कि अगले कुछ दिनों के अंदर स्वास्थ्य विभाग में व्यापक सुधार दिखने लगेगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, बुधवार, 08 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

कसमार प्रखंड के अधिकतर स्कूलों में मैट्रिक की प्री टेस्ट परीक्षा में आधे से ज्यादा बच्चे नदारद

डीसीएलआर ने कसमार एवं मंजुरा हाई स्कूल में परीक्ष का लिया जायजा

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : बोकारो जिले के डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने मंगलवार को कसमार स्थित प्लस टू हाई स्कूल एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय मंजूरा में चल रहे मैट्रिक की प्री टेस्ट परीक्षा का जायजा लिया। इस दौरान कसमार बीडीओ नम्रता जोशी एवं सीओ प्रवीण कुमार एवं प्लस टू हाई स्कूल कसमार के प्राचार्य फारूक अंसारी, बीपीओ कमरू जमा समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान डीसीएलआर ने बोर्ड परीक्षा के दिशा-निर्देशों के तहत सभी स्कूलों में अनुशासित तरीके से परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रधानाध्यापक को दिशा निर्देश दिया। इस दौरान कसमार प्रखंड के विभिन्न हाई स्कूल में आयोजित प्री मैट्रिक टेस्ट परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थी शामिल नहीं हो सके। बताया जाता है कि अत्यधिक ठंड के कारण विद्यालयों में छुट्टी थी, लेकिन अचानक मंगलवार को प्री टेस्ट की परीक्षा आयोजित करने के निर्देश के कारण अधिकतर स्कूलों में आधे से ज्यादा बच्चों तक सूचना नहीं मिल पाई। इसमें प्लस टू हाई स्कूल दांतू 252 विद्यार्थियों में 100, प्लस टू हाई स्कूल हरनाद 262 में 102, प्लस टू हाई स्कूल कसमार 207 में 117, उत्क्रमित हाई स्कूल मधुकरपुर 80 में 36, उत्क्रमित हाई स्कूल बरईकला 74 में 37, उत्क्रमित हाई स्कूल टांगटोना 41 में 40, उत्क्रमित हाई स्कूल मंजुरा 118 में 68, उत्क्रमित हाई स्कूल केदला 48 में 42, उत्क्रमित हाई स्कूल रघुनाथपुर 42 में 35,

उत्क्रमित हाई स्कूल बगदा 103 में 49, उत्क्रमित हाई स्कूल प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल 198 में 104 विद्यार्थी ही प्री मैट्रिक टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए। यह परीक्षा तीन दिनों तक चलेगी।

बोकारो में महिला समिति ने कर्मियों के बीच किया कंबल वितरण

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : महिला समिति, बोकारो द्वारा श्रीमती अनिता तिवारी की अध्यक्षता में समिति की कर्मियों के बीच कंबल वितरण तथा पिकनिक का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस साल भी समिति की स्वावलंबन तथा सुरभि केंद्र में काम कर रहे 80 कर्मियों को ऊनी कम्बल दिए गए, उनके जलपान की व्यवस्था की गई तथा मनोरंजन के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अध्यक्षा श्रीमती अनिता तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी तथा सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार के नेतृत्व में कमेटी सदस्यों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्षा मोनिका रंगानी, इति रथ, अल्का मनवटी, देवजानी मिश्रा उपस्थित रहीं तथा कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी, सुरभि प्रभारी अनीशा झा व जया मधुलिका, सदस्या नीतू सुनीत, प्रीति राजेश, समिता मोहंती, आशा राज उपस्थित रहीं।

आजाद सिपाही के बोकारो प्रभारी दीपेंद्र प्रभंजन को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : आजाद सिपाही के बोकारो प्रभारी दीपेंद्र प्रभंजन के असामयिक निधन पर आज बोकारो परिषद में पत्रकारों द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने दीपेंद्र प्रभंजन को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर पीड़ित परिवार की सहायता के लिए आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से कशिश न्यूज के पत्रकार संजीव कुमार का क्यूआर कोड जारी किया गया है, ताकि जो भी इस परिवार की मदद करना चाहें, वे स्वेच्छा से सम्मानजनक सहायता राशि प्रदान कर सकें।

सभा में सभी ने एकजुट होकर इस पहल को सफल बनाने का संकल्प लिया और सहयोग करने वाले सभी सज्जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जियो टावर से चोरी हुई बैटरियां बरामद, 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बोकारो रेलवे स्टेशन के पास स्थित जियो के चार टावरों से चोरी हुई बैटरियों के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चोरी की गई चार बैटरियां बरामद कर लीं।

घटना का विवरणः शिकायतकर्ता उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा (उम्र 28 वर्ष), जियो के एचएम सुपरवाइजर, ने बालिडीह थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि 5 जनवरी 2025 को जियो टावरों में लगी चार 12 वोल्ट डीजी बैटरियां चोरी हो गईं। बैटरियां चोरी होने से सभी टावर ठप हो गए। इस मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई, और शिकायत के आधार पर बालिडीह थाना कांड संख्या 06/25 दर्ज किया गया।

पुलिस की कार्रवाईः मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो के पुलिस अधीक्षक ने डिप्टी पुलिस हेडक्वार्टर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तेज कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चोरी की गई बैटरियां बरामद कर लीं।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम और पतेः संचित कुमार (उम्र 24 वर्ष), पिता- जितेंद्र सिंह, निवासी- गांव सुतार, थाना एनटीपीसी खैरा, जिला औरंगाबाद, बिहार। वर्तमान पता- गोविंद मार्केट, थाना बालिडीह, जिला बोकारो। सुमित कुमार सिंह (उम्र 21 वर्ष), पिता- सूरजदेव सिंह, निवासी- गोदाबली, थाना बालिडीह, जिला बोकारो। बरामद सामानः चार 12 वोल्ट डीजी बैटरियां। दो स्मार्टफोन। बैटरियां खोलने में उपयोग किया गया रिंच।

छापेमारी दल के सदस्यः नवीन कुमार सिंह (एसआई सह थाना प्रभारी), वीरमणि कुमार (सब-इंस्पेक्टर), अभिषेक कुमार (सब-इंस्पेक्टर), शशि कांत ठाकुर (सब-इंस्पेक्टर), जितेंद्र कुमार यादव (सब-इंस्पेक्टर), संदीप कुमार (सब-इंस्पेक्टर), अजय कुमार राय (सब-इंस्पेक्टर), शोभापति मिंज (हवलदार), उमेश कुमार सिंह (सिपाही)

पुलिस की प्रशंसाः पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के कारण जियो टावर की सेवाएं जल्द बहाल कर दी गईं। स्थानीय निवासियों और जियो अधिकारियों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

चास में कार-ट्रक की सीधी टक्कर, कार चालक बाल-बाल बचा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः चास-तालगड़िया पथ पर तालगड़िया स्टेशन के पास मुख्य सड़क पर कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर में कार चालक सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार, कार चालक अनिल कुमार प्रसाद, बोकारो बारी को-ऑपरेटिव का निवासी है।

घटना के संबंध में बताया गया कि कार चास से तालगड़िया होते हुए झरिया जा रही थी। इसी दौरान, तालगड़िया स्टेशन के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सड़क से बाहर जा गिरी। टक्कर के कारण कार का दाहिना हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार चालक को गाड़ी से सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना पर बनगड़िया ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर जांच में जुट गई।

बोकारो : युवा अधिवक्ता नील रतन सिंह के आकस्मिक निधन से शोक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बोकारो जिले के जैनामोड़ निवासी 50 वर्षीय अधिवक्ता नील रतन सिंह उर्फ दिलीप सिंह का मंगलवार सुबह निधन हो गया। मंगलवार दोपहर उनका दाह संस्कार खांजो नदी के तट पर कर दिया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा पर बोकारो सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ता नील रतन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि स्व नील रतन सिंह के सम्मान में मंगलवार को सभी अधिवक्ता अपने आप को न्यायीक कार्य से अलग रखा। श्री गिरि ने कहा कि नील रतन सिंह कैंसर रोग से पीड़ित थे। वे बोकारो कोर्ट में वर्ष 2000 से वकालत कर रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं पत्नी छोड़ गए है। उनके सम्मान में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, अतुल कुमार, गोविंद राम, जेपी झा, नीतीश नंदी, राजेश कुमार, अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार, अंजनी चौधरी, विजय कुमार, ओम प्रकाश लाल, चंदन कुमार, कृष्ण देव प्रसाद, विकास कुमार, राज श्री, दीपिका सिंह, संजीत कुमार सिंह, सुमन वर्मा, विकास प्रजापति, मो हसनैन आलम, वंशिका सहाय, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी, अरूप चक्रवर्ती, इंद्रनील चटर्जी, सुभाष चक्रवर्ती, संदीप कुमार सिंह, संजीत महतो व अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के बोकारो आगमन को लेकर बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः मंगलवार को बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक सर्किट हाउस में जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य 9 जनवरी को "जय बापू, जय भीम, जय संविधान" अभियान के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के बोकारो आगमन और चास भाग 1 के कुर्मीडीह में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च में भागीदारी की तैयारियों पर चर्चा करना था।

बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला पर्यवेक्षक मदन मोहन महतो उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने पर्यवेक्षक का स्वागत करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत बोकारो जिले में कार्यक्रम 3 जनवरी 2025 से शुरू हो चुका है और 26 जनवरी 2025 तक बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया जाएगा। सभी प्रखंड और नगर में इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रखंड पर्यवेक्षक और प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

पर्यवेक्षक मदन मोहन महतो ने बैठक में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। उन्होंने कहा, "अमित शाह का बयान संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता को उजागर करता है।" उन्होंने आरक्षण समाप्त करने की साजिश और संविधान बदलने की बीजेपी की कोशिशों की निंदा की।

पर्यवेक्षक ने आगे कहा कि कांग्रेस, डॉ. अंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अडिग है। जब तक इस्तीफा नहीं दिया जाएगा, कांग्रेस विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं।

इस बैठक में रास नारायण सिंह, इन्द्रदेव पासवान, अशोक मिश्रा, सतेंद्र यादव, मनोज कुमार, नागेंद्र चौधरी, मोख्तार अंसारी, जीतेन्द्र यादव, गौरव राय, हसानुल्लाह अंसारी, शाहिद रजा, बैद्यनाथ जायसवाल, नजीर अहमद, लखन सिंह, नेहा यादव, अरविंद ठाकुर, अजय शर्मा, शिवू यादव, नजीर अंसारी, अशोक रजक, राजू कुमार, घनश्याम नारायण, सलीम अंसारी समेत कई ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों में रहने वाले लोगों को जल्द मिलेगी खुशखबरीः श्वेता सिंह

बोकारो विधायक ने मंत्री दीपिका पांडेय से पंचायत गठन के संबंध में मुलाक़ात की

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विस्थापित क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विस्थापित गांवों में पंचायत गठन के लंबित प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

झारखंड सरकार जल्द ही बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए उत्तरी क्षेत्र के 19 गांवों को पंचायत का दर्जा देने की दिशा में कदम उठाने जा रही है। विधायक श्वेता सिंह ने बताया कि इन गांवों को मिलाकर 6 पंचायतों का गठन किया जाएगा।

श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार विस्थापितों को उनका हक और अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। इन गांवों में निवास करने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को वर्षों से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती है, लेकिन पंचायत के अभाव में गांव की सरकार का गठन नहीं कर पाती है।

उन्होंने बताया कि बीएसएल प्लांट के निर्माण के बाद इन 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य व्यवस्था में। इस कारण यह क्षेत्र विकास की मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह गया।

विधायक ने मंत्री से आग्रह किया कि सभी मामलों को बिंदुवार तरीके से संज्ञान में लेकर शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने 19 विस्थापित गांवों को पंचायत में शामिल कर उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की पहल शुरू की है, जो सराहनीय है।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिनिधिः राज कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, मिथुन मंडल, महेश मंडल, जन्मजय महतो, अमित कुमार, गफ्फार अंसारी, राजन सिंह, अजीत कुमार, संतोष मुर्मू, सरोज कुमार, विनोद राय, और कलाम अंसारी।

कसमार : पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने पिरगुल गांव में गरीबों को बांटे कंबल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने सोमवार की देर शाम को कसमार प्रखंड के पिरगुल गांव पहुंचे, जहां कालिंदी टोला में दर्जनों विधवा व असहाय ग्रामीणों के बीच कंबलों का वितरण किया। मौके पर माधवलाल ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई मानव धर्म नहीं है। कहा कि वह मानवता के नाते गांवों में स्वयं घूम घूमकर गरीब और जरूरतमंद महिला-पुरुषों के बीच कंबलों का वितरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी अनेक लोग कंबल और गर्म कंपडों के अभाव में ठंड में ठिठुरते हैं. इसलिए समाज के सभी सक्षम लोगों को गरीबों व जरूरतमंद ग्रामीणों की सेवा में बढ़ चढ़कर आगे आने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और उसके समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार कपरदार, वरीय अधिवक्ता मनबोध डे, दिलीप कुमार जायसवाल, सौरभ राय, आकाश कुमार, पंकज रवानी, वकार अहमद, जमील अख्तर, प्रेमचंद कालिंदी आदि मौजूद थे।

स्वदेशी मेला में नगर वासियों की उमड़ने लगी भीड़

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : यहां के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित इस्पतांचल स्वदेशी मेला के दूसरे दिन दर्शकों का उमड़ना शुरू हो गया। मेला घूमने आए नगरवासियों के लिए आयोजित गीत संगीत संध्या में संस्कार भारती के कलाकारों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मालूम हो कि स्वदेशी मेला में मंच द्वारा घूमने आए दर्शकों का विशेष ध्यान रखा जाता है इनके खरीदारी और मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्कार भारती द्वारा आयोजित की गीत संगीत संध्या में कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करते हुए मेला घूमने आए दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख अमरजीत सिन्हा ने बताया कि सर्वप्रथम संस्कार भारती के बाल कलाकारों द्वारा ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। वही अमरजीत सिन्हा ने मैली चादर ओढ के...भजन से सबों को मोहित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा भजनान्जली प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को धार्मिक बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन सिन्हा मनीष सिन्हा की अहम भूमिका रही।

ईएसएल स्टील ने एनसीक्यूसी 2024 में ऐतिहासिक सफलता का मनाया जश्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एबीवी-आईआईआईटीएम, ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी) 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 607 कंपनियों की 2,227 टीमों और 12,000 से अधिक प्रतिनिधियों के चुनौतीपूर्ण पूल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए ईएसएल ने प्रतिष्ठित पार उत्कृष्टता पुरस्कार और 2 उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किये। एसएमएस रिफ्रैक्टरी की टीम उड़ान को पार उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें कुमार दिवाकर, प्रियदर्शिनी और जितेंद्र कुमार शामिल थे। उनकी परियोजना के लिए जिसने एसएमएस के अब तक के सबसे अधिक बीओएफ जीवन को प्राप्त किया, जबकि सबसे कम विशिष्ट रिफ्रैक्टरी खपत दर्ज की।

उत्कृष्टता पुरस्कारों ने दो उत्कृष्ट टीमों को उनके अभिनव योगदान के लिए मान्यता दी। टीम प्रयास, एसएमएस, जिसमें जयदेव मुर्मू, अरिंदम कोटल और अभिनीत कुमार शामिल हैं, उनके प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया गया, जिसने एसएमएस में विशिष्ट नाइट्रोजन की खपत को काफी कम कर दिया। इसके अलावा बार मिल की टीम परिवर्तन, जिसमें शुभेंदु बनर्जी, शालू राज और ऋचा शुक्ला शामिल हैं, ने हुकिंग को कम करने और मिल की उपलब्धता बढ़ाने की अपनी पहल के लिए प्रशंसा अर्जित की।

सफलता की इस यात्रा को ईइसएल की व्यावसायिक उत्कृष्टता टीम के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया गया, जिसने आंतरिक चयन और तैयारी प्रक्रिया का प्रबंधन किया। इस व्यापक प्रयास में प्रारंभिक स्क्रीनिंग शामिल थी, जहां सीसीक्यूसी उत्कृष्टता विजेताओं को एक संरचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया था। तकनीकी और गुणवत्ता पद्धतियों में टीमों की विशेषज्ञता का कड़ाई से मूल्यांकन करने के लिए एक ज्ञान परीक्षण, केस स्टडी ड्राफ्टिंग, जिसमें नवीन समाधानों और मापने योग्य परिणामों पर प्रकाश डालने वाले विस्तृत केस स्टडी विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया और प्रस्तुति परिशोधन, जिसका उद्देश्य प्रभावशाली प्रस्तुतियां बनाना था, जो एनसीक्यूसी के उत्कृष्टता के उच्च मानकों को पूरा करती थीं।

टीम और नेतृत्व का योगदान- यह सफलता मुख्य गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता अधिकारी सुश्री मीनाक्षी सभरवाल और व्यवसाय उत्कृष्टता प्रमुख विनय भूषण कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में हासिल की गई। उनके रणनीतिक मार्गदर्शन ने सुनिश्चित किया कि ईएसएल टीमें उद्योग बेंचमार्क हासिल करने के लिए कंपनी के मिशन के साथ संरेखित रहें। आंतरिक चयन, ज्ञान परीक्षण और प्रस्तुति परिशोधन के समन्वय में उनके असाधारण प्रयासों के लिए सुश्री शालू प्रिया, प्रमुख पीएमओ और बाहरी पुरस्कारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाता है।

इस अवसर पर वेदांता ईएसएल की मुख्य गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता अधिकारी मीनाक्षी सभरवाल ने कहा कि एनसीक्यूसी 2024 में यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति ईएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें उनके प्रयासों और नए उद्योग मानक स्थापित करने में उनके योगदान पर बेहद गर्व है और यह प्रशंसा हमारी टीमों की गुणवत्ता, समस्या समाधान और टीम वर्क की खोज का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरे ईएसएल परिवार की ओर से टीम में शामिल सदस्यों को बधाई दी है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, बुधवार, 08 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

DGP की नियुक्ति करेगी जस्टिस की अध्यक्षता में गठित कमेटी, कैबिनेट ने लगाई मुहर

राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांचीः पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति अब झारखण्ड हाइकोर्ट के सेवानिवृति जस्टिस की अध्यक्षता में गठित कमेटी तय करेगी। हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट ने इसके बाबत बकायदा महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही कैबिनेट ने नौ प्रस्ताव पर मुहर लगाई। कैबिनेट ने षष्ठम झारखण्ड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र आगामी 24 फरवरी, 2025 से 27 मार्च, 2025 तक आहूत करने का भी फैसला लिया है। इसके साथ ही महत्वपूर्ण फैसलों पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

फोरलेन टोल निर्माण साइट पर फायरिंग, मजदूर के पैर में लगी गोली

राष्ट्रीय मुख्यधाराः पलाम। एनएच 39 डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके में फोरलेन टोल निर्माण साइट पर मंगलवार शाम फायरिंग हुई। सात राउंड गोली चलाई गयी। एक गोली वहां कार्य कर रहे मजदूर के पैर में लग गयी। उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। गोली चलाए जाने से पास में लगा जेसीबी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस छानबीन में जुट गयी है। दो लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। घटना को बाइक सवार दो अपराधियों ने अंजाम दिया।

जख्मी मजदूर की पहचान पोखराहा के पूर्णाडीह निवासी मनीष भुइयां (23) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार फोरलेन टोल निर्माण साइट कार्य हो रहा था। मिस्त्री एवं मजदूर लगे हुए थे। अचानक एक बाइक पर दो अपराधी पहुंचे एवं काम कौन करा रहा है यह कहते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। सात राउंड गोली चलाने के बाद खुद को लातेहार के राहुल सिंह का आदमी बताकर मौके से दोनों डालटनगंज की ओर भाग निकले।

गोली चलते देखकर मिस्त्री एवं मजदूर भागने लगे। इसी क्रम में एक गोली मजदूर मनीष भुइयां को लग गयी। घटना को रंगदारी के लिए अंजाम देने की चर्चा है। हालांकि किस अपराधी संगठन ने इस घटना को अंजाम दिया, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

पांच एकड़ में लगे पोस्ता खेती को पुलिस और वन विभाग में किया नष्ट

राष्ट्रीय मुख्यधाराः चतरा। हंटरगंज प्रखंड के लूटा और फटा गांव में एसपी विकास पांडे और डीएफओ राहुल मीणा के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस, सीआरपीएफ और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोस्ता खेती विनष्टीकरण अभियान चलाया गया।

इस दौरान दोनों गांवो में वन विभाग एवं गैर वन भूमि पर लगे करीब पांच एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। पोस्ता की खेती को जेसीबी और ट्रैक्टर से जुताई कर नष्ट किया गया। खेती में शामिल लोग फरार हो गए।

प्रभारी वनपाल मनीष कुमार ने बताया कि पोस्ता खेती करने वाले को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। हिदायत देने के बावजूद भी पोस्ता खेती करने वाले लोगों के मंसूबे पर पानी फेर दिया जाएगा। किसी भी कीमत पर क्षेत्र में पोस्ता की खेती नहीं होने दिया जाएगा। इसमें शामिल लोगों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से पोस्ता खेती करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। अभियान में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मुकेश शर्मा, अनिल कुमार सिंह, थाना के एस आई भोला साव, वनरक्षी रितेश विश्वकर्मा, अमित रंजन सुरेश दास के अलावा पुलिस बल के जवान और वनकर्मी शामिल थे।

कोल वाहनों के परिचालन पर लगे रोक, कभी भी हो सकती है बड़ी घटनाः सत्यानंद भोगता

राष्ट्रीय मुख्यधाराः चतरा। राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने चतरा के रास्ते कोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है। हजारों कोल वाहन टंडवा से कटकमसाडी रेलवे साइडिंग आवागमन करते हैं।

हाइवा और ट्रक चतरा विधानसभा के सीमा पंचायत होते नगर परिषद देवरिया, आरा कुल्लू मोड़ होते दारियातु पंचायत से कटकमसांडी जाने के क्रम में कई जर्जर पुल और पुलिया से गुजरते हैं। चतरा शहर से सटे अंग्रेजो द्वारा बनाया गया हेरुवा पुल जो क्षतिग्रस्त है। कभी भी ध्वस्त हो सकता है। चतरा-हजारीबाग कटकमसांडी मुख्य मार्ग में स्थित यह पुल के टूटने से आवागमन बंद हो जायेगा। अधिक वाहनों की परिचालन से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। मंत्री ने कहा कि उक्त सभी वाहनों का परिचालन दूसरे रास्ते से करें अन्यथा बाध्य होकर कोयला परिचालन करने वाले वाहनों को रोक दिया जायेगा।

अफवाहों से बचें, जारी एडवाइजरी का करें अनुपालनः उपायुक्त

ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (HMPV) से बचाव के दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (HMPV) के मामलों को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। भारत के विभिन्न राज्यों में इस वायरस के मामले दर्ज किए गए हैं। यह एक एमआरएनए वायरस है, जो न्यूमोविरिडे फैमिली से संबंधित है। इस बीमारी का उपचार लक्षणों पर आधारित है, और कोरोना वायरस की तरह ही इसका बचाव करना सबसे कारगर उपाय है।

इस बीमारी के लक्षणों में सर्दी, खांसी, जुकाम, सांस फूलना, और बुखार शामिल हैं। कुछ गंभीर मामलों में ब्रोंकाइटिस और निमोनिया भी हो सकता है।

उपायुक्त की अपील- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने जिला वासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और एडवाइजरी के दिशा-निर्देशों का पालन करें। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं।

क्या करें: - मास्क का नियमित उपयोग करें। हाथों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। खांसते या छींकते समय नाक और मुँह को ढकें। पौष्टिक आहार और पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थ का सेवन करें। पर्याप्त नींद लें और किसी भी लक्षण के दिखने पर तुरंत चिकित्सीय सलाह लें।

क्या न करें:- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अनावश्यक रूप से न जाएं। सर्दी, खांसी, जुकाम, और बुखार की स्थिति में अनावश्यक लोगों से संपर्क न करें। हाथ मिलाने से बचें। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचें। बार-बार आँख, नाक, और मुँह को छूने से बचें। स्वयं दवा लेने से बचें।

यह दिशा-निर्देश लोगों को सुरक्षित रखने और संक्रमण को रोकने के लिए दिए गए हैं। उपायुक्त ने अपील की है कि लोग स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें और अफवाहों से दूर रहें।

रिश्वत लेते पकड़े गये रांची सदर सीओ मुंशी राम निलंबित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

रांचीः राज्य सरकार ने रिश्वतकांड के मामले में रांची के सदर अंचल अधिकारी मुंशी राम को निलंबित कर दिया है। एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार किया था। मुंशी राम, जो रांची के निवासी हैं, एक व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी के बदले 37 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

पीड़ित ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में की थी। तफ्तीश के बाद, एसीबी ने रांची के कचहरी स्थित मुंशी राम के कार्यालय पर छापेमारी की और उन्हें 37 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, एसीबी की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की, जहां से 11 लाख 42 हजार रुपये नगद बरामद किए गए।

मामले की विस्तृत जांच जारी है और राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने मुंशी राम के निलंबन का आदेश जारी कर दिया है, जो 2 जनवरी से प्रभावी रहेगा।

राज्यपाल "राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25" के समापन समारोह में सम्मिलित हुए

राष्ट्रीय मुख्यधारा

रांचीः राज्यपाल ने खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने पर बल दिया और सभी से इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया। राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25" के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान "खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन" का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

राज्यपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है।

राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

चास रोटरी ने स्कूली बच्चों के लिए लगाया नेत्र जांच शिविर

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : रोटरी क्लब चास द्वारा ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के दृष्टि दोष की जांच की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि नेत्र की समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और ऐसे बच्चे पढ़ाई में पिछड़ते जाते हैं। शहर की प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ दीपिका सिंह ने कहा कि नेत्र जांच शिविर के दौरान आंखों के स्वास्थ्य का आकलन के लिए कई तरह के परीक्षण किए जाते हैं। डॉ दीपिका ने कहा कि बच्चों को आंखों की नियमित जांच जरूर करवानी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश केजरीवाल ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना था। प्रकाश ने कहा बच्चों में दृष्टि दोष विकट एवं गंभीर समस्या हो गई है।

ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुंवर ने शिविर लगाने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चे और उनके अभिभावक लाभान्वित होंगे। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि 1063 बच्चों के नेत्र की जांच की गई। मुकेश ने बताया कि जांचोपरांत दृष्टि दोष पाए गए बच्चों को चश्मा एवं उपचार की सलाह दी गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, विजय अग्रवाल, धनेश बंका, ललिता चोपड़ा, रितु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूर्वी केजरीवाल, डिंपल पासवान, स्कूल के शिक्षकों के अलावा संजीव नेत्रालय की सराहनीय भूमिका रही। संजीव नेत्रालय ने घोषणा की कि अगले एक सप्ताह तक नेत्रालय में बच्चों की निःशुल्क जांच की जाएगी।

डा. सहदेव राम द्वारा लिखी पुस्तक का विमोचन दिल्ली में 11 जनवरी को

राष्ट्रीय मुख्यधारा

रांचीः डा. सहदेव राम द्वारा लिखी पुस्तक जिसका नाम है सोशल वर्क वेरियर्स - बेटलिंग फॉर ए बेटर वर्ल्ड (सामाजिक कार्य योद्धाः बेहतर दुनिया के लिए संघर्ष कर रहे हैं), यह पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है। इसका विमोचन 11 जनवरी को नई दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सूर्या होटल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा।



इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई हस्तियां शामिल होंगी, जिनमें शामिल हैंः बेसेम एफ. हेलिस (काउंसलर, एंबेसी ऑफ स्टेट ऑफ फिलिस्तीन), डॉ. रनडीमा पथीरगे (अकादमिक सलाहकार, वाशिंगटन डिजिटल यूनिवर्सिटी), बिंदु दारा सिंह (बॉलीवुड अभिनेता), श्री जितेंद्र सिंह संटी (संस्थापक, शहीद भगत सिंह सेवा दल)

प्रो. राजीव मिश्रा (डीन, ग्लोटियाज यूनिवर्सिटी, नोएडा), डॉ. अरुण कुमार शर्मा (प्रिंसिपल, दर्शन विद्यालय, फरीदाबाद), प्रो. शमीम अहमद (वाइस चांसलर, नीलम यूनिवर्सिटी), डॉ. पंकज कुमार सिंह (प्रोफेसर, मोनाड यूनिवर्सिटी), मिस्टर पंकज प्रभाकर (ग्रुप सीएफओ, दिल्ली एनसीआर), श्री मनोज आर्या (मशहूर समाजसेवी) मिस आसमा गुलजार (बॉलीवुड फैशन डिज़ाइनर) .

पुस्तक का उद्देश्यः- "इस पुस्तक का उद्देश्य सामाजिक कार्य को रोमांटिक बनाना या इसे जीत से भरा आसान रास्ता बताना नहीं है। इसके बजाय, यह उन अथक संघर्षों, भारी बाधाओं और निराशा के क्षणों की कच्ची वास्तविकता को उजागर करता है, जिसका सामना सामाजिक कार्यकर्ता प्रतिदिन करते हैं। फिर भी, इन चुनौतियों के बीच एक गहन सुंदरता छिपी हुई है - त्रासदी के बाद स्कूल लौटने वाले बच्चे की सुंदरता, वित्तीय स्वतंत्रता पाने वाली माँ, या वर्षों की उपेक्षा के बाद अपनी गरिमा को पुनः प्राप्त करने वाला समुदाय।

सामाजिक कार्य योद्धाओं की निरंतर यात्रा दुनियाभर में जारी है। सामाजिक कार्यकर्ता ऐसी लड़ाइयाँ लड़ते रहते हैं, जो अक्सर लोगों की नजरों से ओझल रहती हैं। वे आपदा क्षेत्रों में मौजूद रहते हैं, सरकारी दफ्तरों में वकालत करते हैं, हाशिए पर पड़े समुदायों में लचीलापन पैदा करते हैं और उन खामोश कोनों में सहायता प्रदान करते हैं, जहाँ पीड़ा अक्सर किसी की नजर में नहीं आती। उनके प्रयासों को हमेशा तत्काल सफलता नहीं मिलती, लेकिन उनकी दृढ़ता ऐसी लहरें पैदा करती है, जो समय के साथ बदलाव की बड़ी लहरों में बदल जाती है।"

डा. सहदेव राम का कथनः- डा. सहदेव राम ने कहा, "मेरी जिंदगी का अथक प्रयास इस पुस्तक की सफलता है, जो विश्व स्तर पर प्रकाशित हो रही है। बाद में यह पुस्तक 9 भाषाओं (हिंदी, बंगला, मराठी, तेलुगू, उड़िया, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़ और संथाली) में भी प्रकाशित होगी। ये विभिन्न स्टालों और पुस्तकालयों में उपलब्ध होगी। इस पुस्तक से सामाजिक कार्य योद्धा प्रोत्साहित होंगे, जो देश के विकास में सहायक साबित हो रहे हैं।"

बोकारो के विस्थापित गावों को पंचायत का दर्जा देने को लेकर मंत्री से मिलीं विधायक श्वेता सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : अपने रांची प्रवास के दौरान बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विस्थापित क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर विस्थापित गांवों में पंचायत गठन के संबंध में वार्ता की। ज्ञात हो कि कुछ प्रस्तावित पंचायतों का गठन लंबित है, जिसे मंत्री श्रीमती दीपिका के संज्ञान में दिया गया। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार जल्द ही बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों में रहने वाले लोगों को खुशखबरी देने जा रही है। इन गांवों को जल्द ही पंचायत का दर्जा दिया जायेगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही विस्थापितों को उनका हक और अधिकार देने हेतु प्रतिबद्ध हैं। झारखंड सरकार विस्थापित क्षेत्रों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए अग्रसर है। 19 गांवों को मिलाकर 6 पंचायतें बनाई जाएंगी। श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि काफी संघर्ष के बाद सरकार ने यह पहल शुरू की है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 19 विस्थापित गांवों को मिलाकर 6 पंचायतों का गठन किया जाना हैं। बीएसएल प्लांट के निर्माण के बाद उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य व्यवस्था में, जिसके कारण इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका। इसके कारण ये लोग सभी सुविधाओं से वंचित हो गये। हालांकि, यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती थी, लेकिन ये लोग गांव की सरकार नहीं चुन पाते हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सभी मामले को बिंदुवार तरीके से व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेते हुए मामले का निष्पादन करें। इस अवसर पर राज कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, मिथुन मंडल, महेश मंडल, जन्मजय महतो, अमित कुमार, गफ्फार अंसारी, राजन सिंह, अजीत कुमार, संतोष मुर्मू, सरोज कुमार, विनोद राय, कलाम अंसारी उपस्थित रहे।

नवनिर्मित दशभुजी दुर्गा देवी प्राण-प्रतिष्ठा 1 मार्च से

मंदिर परिसर में ग्यारह दिनों तक चलने वाली शतचंडी महायज्ञ सह संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा व झांकी महोत्सव में डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बेड़ोः- बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में नव निर्मित दशभुजी दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा आगामी एक मार्च से ग्यारह मार्च तक आयोजन किया जाएगा। इस ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ 1 मार्च दिन शनिवार को प्रातः आठ बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से होगा। वहीं दो बजे से पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश किया जाएगा। 2 मार्च दिन रविवार को सभी देवी देवताओं का आह्वान पूजन, सर्ववेदी प्रतिष्ठा, दुर्गा पाठ प्रारंभ, प्रतिमा का जलाधिवाश 3 मार्च दिन सोमवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि आवाहन स्थापन, हवन प्रारम्भ, प्रतिमा को अन्नाधिवाश 4 मार्च दिन मंगलवार को आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा को घृताधिवाश 5 मार्च दिन बुधवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा को पुष्पाधिवाश , 6 मार्च दिन गुरुवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा को फलाधिवाश 7 मार्च दिन शुक्रवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा को धुपाधिवाश 8 मार्च दिन शनिवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा का हरिद्रा वंदन 9 मार्च दिन रविवर आवाहित देवी देवताओं का पूजन प्रतिमा का सहस्त्र स्नान, नगर भ्रमण, प्रतिमा न्यास, शय्याधिवाश 10 मार्च दिन सोमवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन, शिखर न्यास, मंदिर प्रतिष्ठा, देवी प्राण प्रतिष्ठा 4:30 में संध्या कालीन आरती एवं संध्या 5 बजे से 12 घंटा का अखंड हरी कीर्तन 11 मार्च दिन मंगलवार आवाहित देवी देवताओं का पूजन, पूर्णाहुति, नौ कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्यारहों दिन संध्या 4:30 में संध्या कालीन आरती एवं संध्या में 5 बजे से श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं झांकी। वहीं यज्ञ के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी आचार्य नरोत्तम पाण्डेय काशी के आचार्य मृत्युंजय मिश्रा आंचल पाठक अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भारद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी, आचार्य सोनू पाण्डेय और कथा व्यास सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज के कृपापात्र शिष्या देवी रश्मि किशोरी जी के साथ-साथ अयोध्या, हरिद्वार , वृंदावन और काशी से साधु-संतों का आगमन होगा। इधर मां दुर्गा का यह आकर्षक और भव्य मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं ग्यारह दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, बुधवार, 08 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

रेलवे सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर दिल्ली में सम्मानित

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर रेलवे सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर संतोष कुमार को भारत सरकार से मानव सेवा व आपदा राहत कार्य के लिए रजत पदक मिलने पर दिल्ली के एसडीएम प्रवीण सिंह धामा, दिल्ली सिविल डिफेंस के कंट्रोलर दीनानाथ यादव और सीनियर इंसपेक्टर कमल शर्मा ने सम्मानित किया। दिल्ली के एसडीएम ने संतोष कुमार को अन्य पदाधिकारियों से भी मिलाया और दिल्ली के सिविल डिफेंस वालेंटियर को आपदा प्रबंधन कार्यो के लिए संतोष कुमार से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। दिल्ली के सिविल डिफेंस कंट्रोलर ने वालेंटियर को संतोष कुमार द्वारा ट्रेन हादसे में यात्रियों की सहायता कार्य और आपदा प्रबंधन के प्रति रेलकर्मियों को जागरूक व प्रशिक्षित करने की जानकरी दी।

अयोध्या में रामलाल की प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर मंदिरों को होगा हनुमान चालीसा पाठ

धनबाद , एजेंसी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की धनबाद जिला ग्रामीण इकाई की बैठक सोमवार को गोविंदपुर के धोरियो महुबनी स्थित शिव मंदिर में हुई. बैठक की अध्यक्षता विहिप के जिला उपाध्यक्ष शशिधर गोप ने की. विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल ने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पौष शुक्ल द्वादशी यानी 11 जनवरी को मनाई जाएगी. इस मौके पर धनबाद जिले के सभी प्रखंडों के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.उन्होंने कहा कि मंदिरों की साफ-सफाई कर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा. साथ ही भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान की महाआरती की जाएगी.

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने बासुकिनाथ की पूजा-अर्चना की

दुमका , एजेंसी। पूर्व प्रधानमंत्री सह जेडीएस के संस्थापक एचडी देवगौड़ा सोमवार को दुमका जिले के बासुकिनाथ मंदिर पहुंचे. उन्होंने मंदिर में बाबा बासुकिनाथ की पूजा-अर्चना की और बाबा फौजदारीनाथ से उत्तम स्वास्थ्य व सलामती का आशीर्वाद मांगा. मंदिर के पुजारी सारंग झा ने पूर्व प्रधानमंत्री को संकल्प कराया. इसके बाद सारंग झा व 5 सहयोगी पुजारियों ने षोडशोपचार विधि से पूजा कराई. बाबा का दूध, दही, घी, गुड़, भांग, ईख का रस, गंगाजल से स्नान कराकर अभिषेक कराया. इसके बाद पूर्व पीएम ने मंदिर स्थित माता पार्वती, मां काली व माता बगलामुखी की विधिवत पूजा-अर्चना की. साथ ही दस महाविद्याओं की भी पूजा की. इसके बाद बाबा की आरती की. इस दौरान मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे.इस मौके पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार व डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को बाबा बासुकिनाथ का स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया. डीडीसी ने रूद्राक्ष की माला भी भी भेंट की. मौके पर एसी राजीव झा, आईटीडीए निदेशक, जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप, बीडीओ कुंदन भगत मंदिर न्यास पर्षद के सदस्य पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस से युवक ने होटल के कमरे में लड़की को बुलाया, पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

रांची, एजेंसी। ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस से एक युवक ने होटल के कमरे में लड़की को बुलाया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल की है। शराब पीने के बाद होटल में आयी उस युवती ने इतना हंगामा किया कि जानकारी पुलिस तक पहुंच गयी। इसके बाद ग्राहक और युवती दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि कोडरमा जिले के रहने वाले एक युवक ने रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में कमरा लिया था। कमरा लेने के बाद युवक ने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस के लिए अप्रोच किया। जिसके बाद पैसे का भुगतान हुआ और एक लड़की युवक के कमरे तक पहुंचा दी गयी। शुक्रवार देर रात तक मामला बिल्कुल ठीक चला। लड़की युवक के कमरे में ही रही। लेकिन मामला तब बिगड़ गया, जब लड़की ने अत्यधिक शराब पी ली। शराब पीने के बाद लड़की को जब नशा चढ़ा, तब वह होटल में हंगामा करने लगी। लड़की के हंगामा करने पर होटल वालों को यह पता चला कि कमरे में ऑनलाइन भुगतान कर एक युवती को बुलाया गया है। लड़की को हंगामा करते देख होटल के कर्मचारियों ने चुटिया पुलिस को मामले की जानकारी दी।

500 परिवारों को मिला नया मुकाम, रेशम की डोर से जोड़ लिए 55 लाख

देवघर, एजेंसी। झारखंड के एक बेहद पिछड़े आदिवासी क्षेत्र में गरीबी मिटाने का संकल्प लेकर 250 किसान, 100 बुनकर और 100 दीदियां रेशम की डोर से सुनहरे सपने बुन रही हैं।

जंगलों में उत्पादित जैविक रेशम व अन्य प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग करने के साथ हथकरघा-हस्तशिल्प पर आधारित नवाचार किए गए हैं।

यह अब 500 गरीब परिवारों की आजीविका का बड़ा साधन बन गया है। वर्तमान में आवरण नाम के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क के साथ यह रोजगार समूह सामाजिक सरोकार का अभीष्ट उदाहरण पेश करते हुए सालाना 55 लाख रुपये का कारोबार कर रहा है।

पूरी टीम रेशम धागा निकालने से लेकर कपड़ा बुनने और उसे बेचने के काम में दिन-रात जुटी रहती है। झारखंड के संताल परगना क्षेत्र में वर्ष 2019 में महज पांच लाख की पूंजी से शुरू हुआ आवरण हैंडलूम एंड फैब्रिक्स धीरे-धीरे इस इलाके में आर्थिक समृद्धि लाकर गरीबी उन्मूलन का पर्याय बन गया है।

रेशम के धागे से कपड़ा तैयार करतीं महिलाएं : बड़ी बात यह है कि आदिवासियों के अथक परिश्रम से साल-दर-साल कारोबार बढ़ रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में गरीब-गुरबों को रोजगार सृजन का सुअवसर मिला है।

आवरण से जुड़कर जहां सैंकड़ों महिलाएं रेशम से तैयार कपड़ों पर काथा वाली कढ़ाई व मधुबनी पेंटिंग करके इन्हें उत्कृष्ट बनाने के काम में लगी हुई हैं।

वहीं हाथ से बने प्राकृतिक कपड़े के आदर्श वाक्य के साथ आवरण स्वरोजगार और गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में भी नया अध्याय लिख रहा है।प्रक्षेत्र में गरीबी से जूझ रहे किसानों, बुनकरों और रीलर्स के लिए स्थाई आय की परिकल्पना के साथ इसकी शुरुआत हुई थी।

उत्पाद को बाजार के अनुकूल बनाने में संस्थापक निदेशक नीतू बरियार और विपणन-बिक्री की जिम्मेवारी संभाल रहे रवि बरियार की भी बड़ी भूमिका है।

रेशम की कताई-बुनाई से जुड़े हैं सैंकड़ों लोग : आवरण संस्था में रेशम की कताई-बुनाई से सैकड़ों लोग जुड़े हैं। ये कोकून से कटिया धागा बनाते हैं। ये धागे बेहद नाजुक होते हैं और केवल हथकरघा पर ही बुने जा सकते हैं।

धागे की क्वालिटी के आधार पर रीलिंग की लागत की गणना की जाती है। रेशम के कपड़े को कई चरणों में प्रसंस्करण के जरिये पहनने योग्य बनाया जाता है।

आम तौर पर हथकरघे पर बुना गया तसर सिल्क लगभग तेरह मीटर या फिर दो साड़ियों के रोल में आता है। इस कपड़े को या तो रंगे हुए रूप में बेचा जाता है या छपाई-हाथ की कढ़ाई के बाद मूल्यवर्धन किया जाता है। इन दिनों रेशम के कपड़ों पर मांग के अनुकूल मधुबनी पेंटिंग व अन्य डिजाइनर पेंटिंग भी की जा रही है।

कुरियर कंपनी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 2.30 लाख रुपए की चोरी

दुमका , एजेंसी। दुमका के नगर थाना क्षेत्र के दुधानी चोरों ने महिंद्रा शोरूम के सामने स्थित कुरियर कंपनी ई-कार्ट के कार्यालय का ताला तोड़कर नकद करीब 2.30 लाख रुपए की चोरी कर ली. घटना रविवार की रात की है. चोरों ने दीवार में लगे लॉकर को काटकर वारदात को अंजाम दिया. सोमवार की सुबह कार्यालय खुलने पर घटना की जानकारी हुई, इसके बाद नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने कार्यालय पहुंचकर जांच-पड़ताल की. वारदात की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है. इसमें तीन लोग चोरी करते दिख रहे हैं. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है.

कुरियार कंपनी की सीनियर अधिकारी अनुजा बनर्जी ने पुलिस को बताया कि शनिवार की देर शाम काम पूरा होने के बाद कार्यालय को बंद कर दिया गया. सुबह नौ बजे कार्यालय खुला तो मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था. चोर दरवाजे को तोड़कर लॉकर रूम में घुसे और लॉकर में रखो रुपए निकाल कर फरार हो गए. लॉकर में 2.30 लाख रुपए थे. थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.

होमगार्ड जवानों के एरियर भुगतान का मामला, अदालत में हाजिर नहीं हुए डीजीपी, कोर्ट ने नाराजगी के साथ जारी किया नया आदेश

रांची, एजेंसी। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की पीठ में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन का बकाया एरियर नहीं देने के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई।इस दौरान डीजीपी के उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि अदालत के आदेश को हल्के में नहीं लिया जाए। अदालत ने मामले में अब डीजी होमगार्ड को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

मामले में अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी। हाई कोर्ट के आदेश पर गृह सचिव वंदना दादेल कोर्ट में हाजिर हुईं। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त 2017 से होमगार्ड जवानों को बढ़े वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था।कोर्ट ने पुलिसकर्मियों के समान होमगार्ड जवानों को काम के लिए समान वेतन का लाभ देते हुए दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने गृह सचिव और डीजीपी को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था।इस संबंध में प्रार्थी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने अवमानना याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को सही मानते हुए सरकार की अपील खारिज कर चुकी है। प्रार्थियों का कहना था कि होमगार्ड भी पुलिसकर्मियों की तरह सेवा देते हैं, इसलिए उन्हें भी नियमित पुलिसकर्मियों की तरह लाभ दिया जाए।

हिंडालको अनलोडिंग में मजदूरों ने किया धरना प्रदर्शन

लोहरदगा, एजेंसी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को हिंडालको के जरिये संचालित लोहरदगा अनलोडिंग परिसर में ट्रक अनलोडर मजदूर संघ का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनिल उरांव ने किया । इस कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सह कोयला ,इस्पात एवं खनन मंत्रालय लोकसभा के स्थायी समिति के सदस्य सुखदेव भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।

मौके पर मजदूरों ने अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराते हुए उन्हें न्याय दिलाने और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किए। मौके पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के जरिये आयोजित आंदोलन में वह उनके साथ हैं क्योंकि हिंडालको कंपनी ने दोहरे चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

सांसद ने कहा कि सैकड़ो ट्रक अनलोडर मजदूर विगत 17 वर्षों से यहां काम करते आ रहे हैं और हिंडाल्को कंपनी बिना मजदूर मजदूरों को सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर दो माह से अलोडिंग स्टेशन को बंद कर दिया है जिसके कारण हजारों मजदूर प्रभावित हुए हैं। मजदूरों के समझ भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर अपने बच्चों की फीस की राशि नहीं दे पा रहे हैं ।देश के निर्माण में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान होता है और हिंडाल्को मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। कंपनी प्रदूषण को लेकर अगर ट्रकों का परिचालन बंद किया है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा ।

हिंडाल्को के दोहरे नीति से हजारों मजदूरों का रोजगार समाप्त हो गया। कंपनी को हर हाल में मजदूर का वैकल्पिक व्यवस्था कर ही अनलोडिंग स्टेशन को बंद करना चाहिए था । किसी भी कंपनी को रोजगार उपलब्ध कराना होता है ना कि रोजगार छिनना। सांसद ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो चलेगा लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । सांसद ने मजदूरों को भरोसा दिलाया कि वे आपके आंदोलन एवं सुख-दुख में आपके साथ हैं और हिंडाल्को कंपनी से वे रोजगार दिलवाने का प्रयास करेंगे और अगर जरूरत पड़ा तो मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री से भी वार्ता करेंगे ।सांसद मजदूरों के साथ रोपवे स्थल पर गए जहां 10 दिन पूर्व रोपवे का 22 ट्रॉली गिर गया था। सांसद ने रोपवे का निरीक्षण करते हुए कहा कि लोहरदगा जिलावासी सौभाग्यशाली रहे की हादसा में किसी का जान माल का नुकसान नहीं हुआ ।हिंडालको प्रशासन के लापरवाही से यह घटना घटी है क्योंकि इसे अब चलाने के लिए प्राइवेट कंपनी को दे दिया गया है ।इस घटना का दोषीवर हिंडालको कंपनी है और जिला प्रशासन का लापरवाही है जो इस मामला को संज्ञान में लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया है ।

मौके पर सांसद ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला प्रशासन एवं हिंडालको कंपनी कोआर्डिनेशन कर पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के बाद ही रोपवे को चालू करेंगे और इसकी जानकारी मुझे देंगे। बिना संतुष्ट हुए अगर रोपवे को चालू किया जाता है और इस बीच कोई हादसा होता है तो हिंडालको एवं जिला प्रशासन इसका दोषी वार होगा । मौके पर मजदूरों ने कहा कि हिंडालको कंपनी हमें रोजगार उपलब्ध नहीं करती है तो अगला कार्यक्रम हिंडालको मुख्यालय का घेराव और उसके आगे चक्का जाम भी संवैधानिक प्रक्रिया के तहत मजदूर करेंगे।

माओवादी नक्सली षड्यंत्र के मामले में गिरफ्तार बच्चा सिंह को एनआईए ने सात दिनों की रिमांड पर लिया

रांची, एजेंसी। नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई माओवादी नक्सली षड्यंत्र के मामले में गिरफ्तार बच्चा सिंह को रांची स्थित स्पेशल कोर्ट की इजाजत के बाद सोमवार से सात दिनों की रिमांड पर लिया है। उससे झारखंड में माओवादी षड्यंत्र के मामले में पूछताछ शुरू कर दी गई है। बच्चा सिंह बोकारो जिले के बोकारो थर्मल गोविंदपुर का निवासी है। उसे एनआईए ने 3 जनवरी को गिरफ्तार किया है। वह प्रतिबंधित मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का राज्य सचिव रह चुका है।

बच्चा सिंह सीपीआई (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा से जुड़े मामले में नामजद है। आरोप है कि वह प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) और उसके शीर्ष नेताओं से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था और संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन उगाही में शामिल था।

माना जा रहा है कि उससे पूछताछ के दौरान झारखंड में माओवादियों के नेटवर्क और टेरर फंडिंग से जुड़े मामलों का खुलासा हो सकेगा। बच्चा सिंह जिस एमएसएस (मजदूर संगठन समिति) नामक संगठन का नेता है, उस पर साल 2017 में झारखंड की तत्कालीन सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। जांच में यह बात सामने आई थी कि एमएसएस नक्सली संगठनों का सहयोगी है।

बच्चा सिंह पर पहले भी नक्सलियों के साथ सांठ-गांठ और नक्सलियों को बढ़ावा देने का आरोप लग चुका है और इस तरह के मामले में उसे पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में वह अदालत से जमानत मिलने के बाद बाहर आ गया था। उल्लेखनीय है कि नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी (एनआईए) ने माओवादी षड्यंत्र से जुड़े मामले में शनिवार को बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड और हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में कई गांवों में माओवादी नक्सलियों के खिलाफ दबिश दी थी। इस दौरान डिजिटल उपकरण, डायरी सहित कई सामान जब्त किए गए थे। एजेंसी की आठ टीमों ने चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड और हरयिदमो गांव में कई घरों की सघन तलाशी ली थी।

झारखंड में शराब पीने पर भड़की पत्नी, पति को लाठी से पीटकर मार डाला

दुमका, एजेंसी। झारखंड के दुमका में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां आपसी विवाद में पत्नी ने अपने ही पति की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना शुक्रवार की देर रात रानेश्वर थाना अन्तर्गत बागजोबड़ा गांव में हुई। घटना के बाद आरोपी महिला रासमुनी टुडू अपने एक बच्चे को लेकर फरार हो गई है। हालांकि, इस घटना की जानकारी मिलने पर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि हत्या का कारण का पता नहीं लगा पाया है। इस मामले में फरार चल रही पत्नी की पुलिस तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

मृतक हेमलाल टुडू (35)मूलरुप से टोंगरा थाना क्षेत्र के वृंदावनी गांव का निवासी था। शादी के बाद वह अपने ससुराल में ही बस गया था। युवक को एक बच्चा भी है। रात में शराब पीने के दौरान दंपति के बीच विवाद हुआ और आवेश में आकर नशे में धुत पति की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद उसकी पत्नी अपने बच्चे को लेकर फरार हो गई है। घर के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। इस दौरान ही पति और पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और पत्नी ने लाठी-डंडों से पीटकर पति की हत्या कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर रानेश्वर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका पीजेएमसीएच भेज दिया।

झारखंड की इस महिला ने अपने डॉगी के बर्थडे पर खर्च कर डाले 5 लाख से अधिक

जमशेदपुर, एजेंसी। डॉगी पालने के कई शौकीन आपने देखे होंगे, लेकिन जमशेदपुर की समाजसेवी सपना सोना उनसे अलग हैं. पांच जनवरी को उन्होंने अपने छह साल के डॉगी रोज सोना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, जिसमें शहर के 300 से अधिक लोग शामिल हुए. जन्मदिन पर पांच लाख रुपये से अधिक खर्च किये गये. बर्थडे के लिए विशेष रूप से आकर्षक कार्ड छपवाया और अतिथियों को निमंत्रण दिया गया. डीजे और लाइव म्यूजिक के साथ रोज सोना की बर्थडे पार्टी में इंट्री करायी गयी.

इतनी ही नहीं जमशेदपुर की रहने वाली सपना सोना ने 40 हजार रुपये का केक भी काटा. अतिथियों के स्वाद के अनुसार केक के लिए लाइव केक स्टॉल लगाया गया. बर्थडे पार्टी में लोगों ने जमकर डांस किया. वहीं, जुगसलाई थाना क्षेत्र स्थित अंत्योदय भवन परिसर के समीप के अंत्योदय बस्ती में करीब डेढ़-दो लाख रुपये की लागत से 20 सोलर स्ट्रीट लाइट लगायी गयी. बस्ती के कम्युनिटी सेंटर में करीब 30 हजार से मैट कोटिंग करायी.

कदमा निवासी सपना सोना बताती हैं कि वह सिंगल मदर हैं और रोज सोना उनकी बेटी है. छह महीने की थी, तभी उसे गोद में लेकर रायपुर से जमशेदपुर आयी थी. वह परिवार का ही नहीं बल्कि उनके जीवन का अहम हिस्सा है. हर साल उसके जन्मदिन पर गरीबों को खाना खिलाना, कंबल वितरण करना, गरीब बेटी की शादी करवाना जैसे कार्य वह करती हैं. इस साल बस्ती में सोलर लाइट लगवायी है. शहर के श्मशान घाट में भी सेवा कार्य करने की योजना है.

रोज सोना के लिए आउट डोर के साथ इनडोर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं. मीनू उसकी केयर टेकर है. जो उसका ख्याल रखती है और टाइम टू टाइम खाना खिलाती है. हर माह उसके रख-रखाव और देखभाल पर 25- 30 हजार रुपये खर्च होते हैं. दिन की शुरुआत से रात तक वह अपनी मालकिन के साथ रहती है और दोनों साथ में सोते हैं. सोना रोज के घूमने के लिए 20 लाख रुपये की एमजी हेक्टर कार है. सपना बताती हैं कि, जब वह कार खरीदने गयी थी, तो रोज सोना को साथ में लेकर गयी थीं. उसके पैरों में आलता लगाकर घर में प्रवेश कराया था. इस साल 16 जनवरी के बाद उसके लिए फॉर्च्यूनर लेजेंडर लेंगी, जिसकी कीमत करीब 45 लाख रुपये है.

पहाड़ों से आनेवाली बर्फीली हवाओं से फिर गिरेगा झारखंड का पारा

रांची, एजेंसी। झारखंड के करीब-करीब सभी जिलों के लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली हुई है. अधिकतर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है. सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची सहित करीब-करीब सभी जिले सुबह में घने कोहरे के साये में रहे. सबसे कम विजिबिलिटी राजधानी रांची की रही. यहां सुबह सात बजे के करीब लोग 300 मीटर से आगे देख नहीं पा रहे थे. आठ बजे तक राजधानी में कोहरे का असर रहा. बाद में मौसम साफ हो गया. अन्य जिलों में भी कोहरे का असर रहा. इसका असर जनजीवन पर भी पड़ा. संताल में तो न्यूनतम तापमान 10 से लेकर 14 डिग्री सेल्सियस तक रहा. राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा.

मौसम केंद्र ने पूर्वानुमान किया है कि मंगलवार से आसमान पूरी तरह साफ रहेगा. पहाड़ों से आनेवाली हवा का असर राजधानी रांची समेत अन्य जिलों पर पड़ेगा. राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान एक बार फिर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है. आनेवाले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है. सुबह में कोहरा या धुंध हो सकता है.

राजधानी रांची में सोमवार को कोहरे का असर लगातार तीसरे दिन भी विमान सेवाओं पर पड़ा. इसकी वजह से यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा. एयर इंडिया एक्सप्रेस की मुंबई-रांची फ्लाइट (आइएक्स 1237) सुबह 8.20 बजे की जगह सुबह 9.48 बजे, इंडिगो की पुणे-रांची फ्लाइट (6 ई 6484) सुबह 8ः25 बजे की जगह सुबह 9ः14 बजे, इंडिगो की दिल्ली-रांची फ्लाइट (6 ई 5044) सुबह 8ः40 बजे की जगह सुबह 9.02 बजे, इंडिगो की कोलकाता-रांची फ्लाइट (6 ई 7561) सुबह 8ः50 बजे की जगह सुबह 11.05 बजे, इंडिगो की हैदराबाद-रांची फ्लाइट (6 ई 421) सुबह 10ः20 बजे की जगह सुबह 10.26 बजे पहुंची.

एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु-रांची फ्लाइट (आइएक्स 2722) सुबह 11ः20 बजे की जगह सुबह 11ः58 बजे, इंडिगो की कोलकाता-रांची फ्लाइट (6 ई 6152) सुबह 11ः55 बजे की जगह दोपहर 3.20 बजे, इंडिगो की मुंबई-रांची फ्लाइट (6 ई 2348) शाम 4ः15 बजे की जगह शाम 4.40 बजे, एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु-रांची फ्लाइट (आइएक्स 2706) शाम 4ः40 बजे की जगह शाम 5ः48 बजे, एयर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-रांची फ्लाइट (आइएक्स 1113) शाम 5ः55 बजे की जगह शाम 6.47 बजे रांची पहुंची. वहीं इंडिगो की चेन्नई-रांची फ्लाइट (6 ई 6113) शाम 6ः35 बजे की जगह शाम 7.10 बजे और एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु-रांची फ्लाइट (आइएक्स 2975) शाम 6ः45 बजे की जगह रात 8.36 बजे रांची पहुंची.

दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बना मध्य प्रदेश

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आज़ादी नहीं पहुँची। वह गाँव आज़ाद नहीं है। आज़ादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है। एक तरफ़ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ़ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं। दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं। हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यादा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हें भी आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है। अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हज़ार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हज़ार 214 मामले दर्ज किए गए। ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज़्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है। एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2,521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। इन तीन सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदिवासियों के घर जलाए गए। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज बची ही नहीं है। राज्य में जो हत्याएं और यातनाएं हो रही हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बार-बार बेनकाब हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि पिछले तीन से चार साल में पांच लाख दलित और आदिवासी बहनें गायब हुई हैं। देशभर में दर्ज हुए 10 हजार से अधिक मामले देश भर में साल 2022 में एसटी के खिलाफ अपराध के कम से कम 10,064 मामले दर्ज किए गए, जो 14.3त्न की वार्षिक वृद्धि है। इसके साथ ही प्रदेश में इस केटेगरी में क्राइम रेश्यो साल 2021 में 8.4 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 9.6 हो गया है। एससी अपराध की बात की जाए तो सामान्य चोट के 1607 मामलें और गंभीर चोट के 52 तो वहीं, हत्या के 61 मामले सामने आए है। देश का दुर्भाग्य है कि दलितों के साथ अपराध के मामलों में उच्च स्थान पर है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश में भाजपा पिछले 20 वर्षों से सत्ता में है। भाजपा का शासन दलित-विरोधी नीतियों और संविधान-विरोधी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अत्याचारियों को सजा देने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। यह लड़ाई अब केवल अन्याय के खिलाफ नहीं, बल्कि दलितों की गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। पूरी कांग्रेस पार्टी इन अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और हर दलित भाई-बहन को न्याय दिलाने के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। न्याय की इस लड़ाई में कांग्रेस एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी।इन सब घटनाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा संविधान की रक्षा के लिए 25 जनवरी 2025 को महू में 'जय भीम-जय संविधान, जय बापूÓ आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सभी सीडब्ल्यूसी मेंबर समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। दुर्भाग्य की बात है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दलितों पर होने वाले अत्याचार और शोषण को लेकर कुछ भी कहने से बचते हैं। वे दलितों की सुरक्षा करना ही नहीं चाहते। प्रदेश का गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है।

प्रयागराज महाकुंभः सामाजिक समरसता के साथ भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक

रमेश शर्मा

प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा मेला "महाकुंभ" आरंभ हो रहा है। मेले में भारतीय समाज जीवन के उस मूलतत्व के दर्शन होते हैं जो सामाजिक समरसता और संपूर्ण भारत राष्ट्र की एक सूत्र बद्धता में निहित है। इसके साथ तिथि निर्धारण में भारत की समृद्ध विज्ञान परंपरा की स्पष्ट झलक मिलती है।<प्रयागराज में इस वर्ष यह महाकुंभ 14 जनवरी से आरंभ हो रहा है और 26 फरवरी तक 45 दिन चलेगा। कुंभ मेला प्रयागराज के अतिरिक्त हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में भी आयोजित होता है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर आयोजित होने वाले कुंभ के बीच तीन वर्षों का अंतर होता है। जबकि एक ही स्थान पर दोबारा कुंभ आयोजन में बारह वर्ष का अंतर होता है। इस प्रकार प्रयागराज में यह कुंभ बारह वर्ष बाद आयोजित हो रहा है। पूजन अनुष्ठान के बाद औपचारिक शुभारंभ 14 जनवरी मकर संक्रांति से होगा पर संत समाज और अखाड़े समय से पहले पहुँच गये हैं। उनके पाँडाल सज गये हैं। भारत के प्रत्येक क्षेत्र और परंपरा के संत प्रयागराज पहुँच गये हैं। प्रयागराज में पिछला महाकुंभ 2013 में हुआ था। इस बार पिछली बार की तुलना में कम-से-कम चार गुना अधिक तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है। तैयारी इसी संभावना को ध्यान में रखकर की जा रही है। तीर्थ यात्रियों की यह संख्या बढ़ने का कारण अयोध्या में रामलला के अपने जन्मस्थान पर विराजमान होना माना जा रहा है। इसके बाद भारत के सभी धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की बढ़ी है। अनुमान प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में आ सकते हैं। यह महाकुंभ पूरे विश्व में विशेष आकर्षण का केन्द्र है। इसमें भारत के अतिरिक्त विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धा अथवा कौतूहल से आते हैं। इनमें समाज के प्रत्येक वर्ग से होते हैं। सामान्य जन, एवं साधु-संत के अतिरिक्त नृत्य, संगीत, साहित्यिक और शोधकर्ता भी होते हैं। सभी वर्गों की सभाएं भी होती हैं, सैकड़ों पांडाल तो कथा एवं प्रवचन के होते हैं। हजारों दुकानें लगती हैं। इसी सबको ध्यान में रखकर संगम के किनारे तैयारी की गई है। लगभग चार हजार हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्र मेले केलिये सुरक्षित किया गया है। इस वर्ष मेला तैयारी के लिये 6,382 करोड़ रुपये का बजट है। पूरे क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाकर पेयजल की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा तंबू आदि पर व्यय होना है। गुप्तचर विभाग के संकेत के बाद इस वर्ष महाकुंभ सुरक्षा के लिये अतिरिक्त और अत्याधुनिक व्यवस्था भी गई है। तीर्थ यात्रियों की सुविधा का भी पिछली बार की तुलना में अधिक साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसे मेले के लिए की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से समझा जा सकता है। पेयजल आपूर्ति के लिए मेला क्षेत्र में 1249 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई है। 200 वाटर एटीएम और 85 वाटर पंप इसके अतिरिक्त हैं। राजमार्गों पर सात हजार बसें चलाई जा रही हैं। मेले के भीतर भी 550 शटल बसों की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज विमानतल का भी नवीनीकरण हुआ है। एक नई टर्मिनल बिल्डिंग और विमानों के पार्क होने वाले परिक्षेत्र का भी विस्तार हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले की व्यवस्था में व्यक्तिगत रुचि ले रहे हैं। लगभग दो वर्षों से मेला क्षेत्र में व्यवस्था बनाना आरंभ कर दिया गया था। जैसे-जैसे तिथियाँ समीप आईं वैसे-वैसे उनकी प्रयागराज यात्रा बढ़ी। अभी हाल ही बीते दिसम्बर माह में ही मुख्यमंत्री ने चार यात्राएँ कीं।

तिथि निर्धारण में वैज्ञानिकता– प्रयागराज सहित चारों स्थानों पर आयोजित होने वाले कुंभ की तिथियों का निर्धारण यूँ ही नहीं होता । यह अंतरिक्ष में सूर्य, चंद्र, गुरु और शनि की स्थिति के अनुसार होता है । गुरु जब कुंभ राशि में और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं तब हरिद्वार (उत्तराखंड) में, सूर्य एवं गुरू जब सिंह राशि में होते हैं तब नासिक (महाराष्ट्र) में, गुरु जब कुंभ राशि में प्रवेश करते है तब उज्जैन (मध्यप्रदेश) में और जब गुरु मेष राशि में हों, एवं चन्द्रमा के साथ सूर्य मकर राशि में प्रवेश करें तब प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में कुंभ का आयोजन होता है । भारत के इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है, कुंभ के आयोजन का संदर्भ मिलता है। मौर्यकाल में भी और शुंग काल में भी। गुप्तकाल में तो कुंभ का बहुत विस्तार से वर्णन मिलता है। गुप्तकाल के इस विवरण में ग्रहों की स्थिति के अनुसार कुंभ के आयोजन का उल्लेख है। यदि गुप्तकाल को ग्रह नक्षत्र के अनुसार कुंभ का आरंभ मान लिया जाय तो यह अपने आप प्रमाणित है कि लगभग डेढ़ हजार वर्ष पूर्व भी भी भारत मनीषियों का अंतरिक्ष विज्ञान बहुत उन्नत और व्यापक था। भारतीय चिंतकों द्वारा डेढ़ हजार पूर्व ग्रहों की गति और तिथि गणना कितनी सटीक थी वह आज के आधुनिक विज्ञान के निष्कर्ष से मेल खाती है। जबकि सोलहवीं शताब्दी तक पूरी दुनियाँ ग्रहों के ज्ञान से अपरिचित थी। यदि गैलीलियो और ब्रूनों ने अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में कुछ शोध परक बात बताई तो गैलीलियो को जेल और ब्रूनों को मौत की सजा दी गई थी। जबकि भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की झलक वेदों में भी मिलती है। उसका ध्यान समाज जीवन में कितना व्यापक था, इसे कुंभ की तिथियों के निर्धारण की गणना से समझा जा सकता है। बृहस्पति एक राशि लगभग एक वर्ष रहते हैं। सभी राशियों में भ्रमण करते हुये उन्हें पुनः उसी राशि में लौटने में 12 वर्ष लगते हैं। इसलिए एक स्थान पर कुंभ के पुनः आयोजन में बारह वर्ष लगते हैं। कुंभ तिथि निर्धारण का यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि भारत में केवल सूर्य, चंद्रमा या पृथ्वी का ही नहीं अंतरिक्ष जगत के अन्य ग्रहों की सटीक जानकारी थी ।

सामाजिक समरसता का प्रमाण– भारतीय समाज रचना का मूल स्वरूप कैसा है इसकी झलक भी कुंभ मेले में मिलती है। यद्यपि हमलावरों ने भारत पर अपनी विजय के लिये विभाजन की नीति अपनाई थी। सिकन्दर के आक्रमण से सल्तनतकाल तक राज्यों के विभाजन की नीति और अंग्रेजीकाल में जाति विभाजन की नीति बनाई। अंग्रेजीकाल के इस षड्यंत्र को आज भी हम सरकारी नीतियों और राजनीति की राहों में देख सकते हैं। लेकिन भारतीय समाज जीवन कितना समरस है इसका दर्शन भारत के किसी भी तीर्थस्थल और महाकुंभ में देखा जा सकता हैं। वर्ष 2013 में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ में लगभग बारह करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगाजी और संगम में स्नान किया था। इनमें भारत के प्रत्येक समाज वर्ग के लोग थे। इसमें धनी लोग भी थे और निर्धन भी, वनवासी भी थे और ग्रामवासी भी। नगरवासी भी थे और विदेशी भी, सबने एक-दूसरे को सहयोग करके डुबकी लगाई थी। ऐसे सैकड़ों हजारों लोग थे जिन्होंने अपरिचित का हाथ पकड़ कर उसे डुबकी लगवाई थी। किसी ने किसी से जाति नहीं पूछी, नाम-पता नहीं पूछा। किसी के झलकती अमीरी या गरीबी देखकर मुँह न फेरा। सबने हँसते-हँसाते भजन गाते या हर-हर गंगे का उद्घोष करते हुये डुबकी लगाई थी। विशेष पर्व के दिनों जब घाटों पर भीड़ बढ़ जाती है तब किनारे पर पंक्ति बनाकर श्रद्धालुओं को रोका जाता है। सब एक पंक्ति में होते हैं। कोई किसी से उसकी जाति नहीं पूछता। कुंभ मेले में सैकड़ों हजारों दुकानें लगतीं हैं। आधी से अधिक तो खाने-पीने और प्रसाद की वस्तुओं की होती हैं। पर भोजन सामग्री भी बिना किसी पूछताछ के प्रसाद खरीदकर भगवान को अर्पण होती है और अपने घर लाकर पड़ोसियों और शुभ चितकों में वितरित की जाती है। भारतीय समाज जीवन का यही समरस स्वरूप उसकी वास्तविकता है जो महाकुंभ में इस बार भी साक्षात हो रहा है ।

संपूर्ण भारत राष्ट्र का एक सूत्र स्वरूप– भारत के किसी भी तीर्थस्थल पर और विशेष रूप से महाकुंभ में समाज जीवन की समरसता के जो दर्शन होते हैं वहीं दर्शन संपूर्ण भारत राष्ट्र की एकरूपता के होते हैं। महाकुंभ की पुण्य तिथियों में डुबकी लगाने केलिये भारत के हर क्षेत्र और हर भाषा के श्रृद्धालु आते हैं। अंग्रेजीकाल में भाषा और भूषा के आधार पर जो विभाजन की रेखाएँ गहरी कीं गई थी वह आज हमें राज्यों के विभाजन के रूप में दिख रही है । लेकिन कुंभ में स्नान करने आये समूहों में न भाषा का भेद होता है और न राज्य या क्षेत्र का । कयी बार श्रृद्धालुओं की भाषा दुकानदार या सुरक्षा प्रहरी नहीं समझ पाते किन्तु संकेतों से आशय समझकर सहायता करते हैं। अभी औपचारिक शुभारंभ के पहले संतों और अखाड़ों की टोलियाँ अपने भक्तों के साथ प्रयागराज पहुँच गई हैं उनमें भी प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के संत हैं। उनकी अपनी भाषा है जिसका उपयोग वे अपने शिविर में करते हैं लेकिन शिविर से बाहर आकर घाट पर पहुँचने के मार्ग में और गंगा जी में डुबकी लगाने में मानो सब एक स्वरूप और एक सूत्र में पिरोयी हुई माला हैं जो हजार कुचक्रों के बीच भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वभौमिकता का साक्षात स्वरूप है ।

महाकुंभ आयोजन की पुराण कथाएँ और उनका संदेश– भारत के चारों स्थानों पर आयोजित होने वाले महाकुंभ की तीन कथाएँ विभिन्न पुराणों में हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध कथा समुद्र-मंथन की है। जिसमें चौदह अलौकिक वस्तुओं के साथ अमृत कलश भी प्रकट हुआ। कलश का अर्थ घट और कुंभ भी होता है। कथा के अनुसार देवों और दैत्यों में परंपरागत शत्रुता थी। दैत्य छल बल में बहुत कुशल थे जबकि देव छल नहीं जानते थे लेकिन अमृत के लालच में दैत्य भी देवों के साथ आ गये। दोनों ने मिलकर समुद्र-मंथन किया इसमें कामधेनु, ऐरावत, उच्चश्रवा, धन्वन्तरि, विष आदि चौदह रत्नों के साथ अमृत कलश प्रकट हुआ इसे प्राप्त करने के लिये संघर्ष आरंभ हो गया। इसी बीच इन्द्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागे। भागते समय चार स्थानों पर अमृत की बूंदें छलक गईं। ये चार स्थान हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज हैं। इसलिये इन चारों स्थानों पर महाकुंभ आयोजित होता है। अमृत कलश के लिये वह संघर्ष बारह दिन चला। इसलिये महाकुंभ का एक पूरा चक्र बारह वर्ष में पूरा होता है। अमृत घट से अमृत की बूंदेंतीन दिन बाद छलकीं, इसलिए एक स्थान पर आयोजन होकर दूसरे स्थान पर कुंभ आयोजन में तीन वर्ष का अंतर होता है। एक अन्य कथा में असुरों ने अमृत घट नागलोक में छिपा दिया। गरुड़ ने अमृत घट ढूँढा और लेकर चले। उन्होंने कुल चार स्थानों घट रखा। जिन स्थानों पर घट रखा, उन्हीं चार स्थानों पर कुंभ आयोजन होता है। एक अन्य कथा में कश्यप ऋषि की पत्नियों के बीच विवाद और नागलोक से अमृत कलश लाने की कथा है ।

होना अच्छा पति

डॉ. प्रशांत करण

उसका विवाह नया-नया हुआ था। बड़े घर का बिगड़ा लड़का। यह उसका प्रेम विवाह है। लड़की भी कम बड़े घर की नहीं है, सही अर्थों में लड़के से इस मामले में कहीं आगे। दोनों के विचार आधुनिक हैं। दोनों एक ही हिंदू धर्म के, लेकिन विजातीय हैं। इस विषय में दोनों ने अपने-अपने पारिवारिक धरोहर को आगे बढ़ाया है। घर के बड़े लोगों ने समझाया, अच्छा पति बनो। ससुराल से शिक्षा मिली - अच्छा पति बनो। मित्रों ने कान फूंके - अच्छा पति बनो।

अब उसका आत्मविश्वास डोलने लगा। उसे यह विश्वास हो गया कि उसमें ऐसे कोई भी गुण विद्यमान नहीं हैं, कोई लूर-लक्षण नहीं हैं, जिससे किसी भी दृष्टिकोण से वह अच्छा पति कहला सके। अब उसने अच्छे पति के लक्षणों की खोज निजी स्तर पर प्रारंभ की। सबसे पहले मित्रों से सलाह ली। उसके मित्रों ने उसे बताया - पत्नी की किसी भी बात को बहुत ध्यान से सुनो, चाहे वह बात छोटी हो या बड़ी, प्रासंगिक हो अथवा अप्रासंगिक, तार्किक अथवा अतार्किक। मात्र धैर्यपूर्वक सुन लेने से बीस प्रतिशत सफलता मिलती है।

मनोवैज्ञानिक ने बताया कि पत्नी की हर बात का उत्तर देना, तुरंत उत्तर देने से बचो। अपना समय लो। अच्छा पति अपनी सगी पत्नी से कभी असहमत होने की बात सोच भी नहीं सकता। संत-महात्मा ने कहा - हमारे धर्म में पति-पत्नी का सात जन्मों तक का नाता होता है। एक भी जन्म बिगड़ा तो शेष जन्म भुगतना होगा। स्त्री शक्ति स्वरूपा है, इसलिए तुम्हें सहनशक्ति स्वरूप बनना होगा। धैर्य ही पति का शौर्य है। हमने अपने समय में धैर्य नहीं रखा, सो अब साधु-महात्मा बनकर फिर रहे हैं।

बड़े-बूढ़ों ने समझाया - वैवाहिक जीवन में पति-पत्नी रेल की दो पटरियाँ हैं, साथ समानांतर चलती हैं, कभी मिलती नहीं। बच्चे इन्हें जोड़कर रखते हैं। माता ने ज्ञान दिया - पत्नी की गुलामी में मत लग जाना। नहीं तो लोग तुम्हें माँ का लाल नहीं, जोरू का गुलाम कहने लगेंगे। लोकाचार देखना होता है बेटा। पत्नी के आँचल में मत छिपना। अपना स्वाभिमान रखना। अपने पिता की देखा-देखी मत करना। उनको तो हमने सोंट रखा है, क्या मजाल जो मेरे नियंत्रण से बाहर हों। बहू भी तुमको अपने नियंत्रण में करने के लिए क्या-क्या नहीं करेगी। सब जानती हूँ मैं। तू तो माँ का एकलौता और लाड़ला बेटा है, अच्छा पति बनने के चक्कर में अपनी माँ से दूर मत चले जाना। जरा संभलकर।

पिता अकेले में बोले - अपनी मम्मी के चक्कर में मत पड़ना बेटा, नहीं तो तुम्हारी भी दुर्दशा मेरी तरह हो जाएगी। पत्नी के फेरे में भी मत पड़ना। अच्छे पति बनने के लिए अपना आत्मसम्मान मत खोना। अपनी बुद्धि और अपने विवेक से काम लेना।

अब वह असमंजस में है। कभी पत्नी की सुनता है तो कभी माँ की। पत्नी की सुनता तो माँ हल्ला मचाकर घर माथे पर उठा लेती, माँ की सुनता तो पत्नी इतना चिल्ल-पों मचाती कि क्या कहना। बेचारा संतुलन की खोज में तनाव में रहने लगा। ससुराल वाले अलग दबाव देने लगे और उधर से कोई न कोई लगातार आकर पत्नी के पक्ष में उसके कान भरता। उसका जीवन दूभर हो गया। उसने माता और पत्नी दोनों से दूरी बनानी प्रारंभ की, लेकिन यह निभा नहीं। पत्नी जिद पकड़कर बैठी कि हमलोग अलग रहेंगे। माता ने भी जिद पकड़ ली कि परिवार के साथ रहो। अब उसका तनाव और बढ़ गया। वह खिन्न रहने लगा।

माता ने उसकी कुंडली दिखवाई। पंडित जी ने कहा - अभी शनि की साढ़े साती शुरू हुई है। साढ़े सात वर्ष के बाद राहु की दशा होगी। पूजा-जप सब कराए गए। उसका तनाव बढ़ता चला गया। वह उदास रहने लगा।

एक रविवार की शाम अचानक ही मुझसे मिलने आ गया। आधे घंटे तक अपनी पीड़ा सुनाकर फफक-फफककर रोने लगा। भावातिरेक में इतना तक कह गया - अब मन करता है कि आत्महत्या कर लूँ। मैंने उसे समझाया - इस संसार में कोई भी अपनी सगी और एकलौती पत्नी के लिए अच्छा पति बना ही नहीं। सृष्टिकर्ता ने ईश्वरों की जोड़ी बनाकर फॉर्मा ही तोड़ दिया है। हर पत्नी को लगता है कि पड़ोसिन का पति, उसकी बहन का पति सबसे अच्छा पति है। लेकिन उनकी पत्नियों से पूछो तो वे भी ऐसा ही कहेंगी और स्पष्ट कर देंगी कि उनका पति संसार का सबसे बेकार आदमी है। सच्चाई यह है कि कोई अच्छा पति संज्ञा का व्यक्ति होता ही नहीं। पति हो तो अपनी हद में रहो, मान-अपमान से परे। ऊँचा सुनने की आदत डालो। अपनी दिनचर्या खूब व्यस्त कर लो।

इतना ही समझा पाया था कि मेरी एकलौती सगी धर्मपत्नी बीच में कूद पड़ीं। आकर कहने लगीं - क्यों भड़का रहे हो बेचारे को। वह भाग खड़ा हुआ। उसके बाद मुझ पर क्या बीती, उसकी चर्चा करना निरर्थक है। लेकिन अब वह संतुलन बनाकर खुश है। सुबह नौ बजे काम पर निकलता है, नौ बजे रात में लौटता है। पत्नी के समक्ष पत्नी की और माता के समक्ष माता की प्रशंसा करता है। दोनों के समक्ष तटस्थ रहकर किसी बहाने कट लेता है। प्रसन्न रहता है। सामंजस्य जो बैठा लिया है।

मेष राशि– आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे।

वृष राशि– आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए, जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि– आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

कर्क राशि– आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

सिंह राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

कन्या राशि– आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा।

तुला राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जाएगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा खासा फायदा मिलने के संकेत हैं।

वृश्चिक राशि– आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्ते में हो रही परेशानियों से आपको छुटकारा मिलेगा।

धनु राशि– आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आयेगा।

मकर राशि– आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

कुंभ राशि– आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी। साथ ही जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा।

मीन राशि– आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

शब्द पहेली - 8366



बाएँ से दाएँ

1.इच्छा,मन्नत-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3
28.तिजोरी-3
30.तरंग,हिलोर-3
32.गुंडा,बदमाश-3
35.अनुकृति-3
37.नाप करना-3
39.थोड़ा-2
40.उल्टी,कै-3
41.मां के पिता-2

ऊपर से नीचे

1.सप्तम,सातवां-2
2.पृथ्वी,वसुंधरा-3
4.घ्राणेद्रिय-2
5.वासना,लालसा-3
7.खुमार,सरुर-2
9.रनिवास (उर्दू-3)
11.चतुर,तेज-3
13.थकावट-3
15.नृत्य करना-3
16.कुल,खानदान,वंश-3
18.पुराना जुकाम-3
20.कटि,शरीर का मध्यांग-3
22.ईमामदस्ता-3
24.नकद राशि,रोकड़-3
27.जलने की क्रिया-3
29.रवानगी,विदा होना-3
31.राशि,धन-3
33.आलेप करना, पोतना-3
34.रहस्य-2
36.बुरी आदत-2
38.अनेक प्रकार-2

शब्द पहेली -8365 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी

संक्षिप्त समाचार

महिला बैंक मित्र प्रेमी संग लापता, पति ने कराया केस

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। अहियापुर थाने के एक गांव निवासी महिला बैंक मित्र पति व बच्चे को छोड़कर प्रेमी संग लापता हो गई है। मामले में उसके पति ने अहियापुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी एक अंजान नंबर पर अक्सर बात करती थी। पूछने पर बताती थी कि बैंक के ग्राहक हैं, काम की बात हो रही है। बीते दो जनवरी को पत्नी को बैंक में बाइक से पहुंचाया था। उसने बताया कि शाम चार बजे वापस जाएंगे। जब चार बजे पत्नी को वापस लाने गया तो पता चला कि वह तो पहले ही जा चुकी है। उसके नंबर पर कॉल की तो बंद था। पत्नी जिस नंबर पर अक्सर बात करती थी उसका नंबर भी बंद है।

गले में 'मैं चोर हूं की तख्ती लटका कर घुमाया

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मिठनपुरा के खादी भंडार चौक पर चोरी के आरोप में एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की गई और गले में 'मैं बहुत बड़ा चोर हूं की तख्ती लटका कर घुमाया गया। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो और फोटो भी वायरल कर दिया गया। हालांकि वायरल तस्वीर व वीडियो की सत्यता की पुष्टि हिन्दुस्तान अखबार नहीं करता है। युवक की पिटाई की सूचना मिलने पर मिठनपुरा पुलिस खादी भंडार चौक पर पहुंची। इलाके में छानबीन की। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही आरोपी युवक को छोड़ दिया गया था। इस संबंध में मिठनपुरा थाने में शिकायत नहीं की गई है। थानेदार राम इकबाल प्रसाद ने बताया कि आरोपित युवक थाना के समीप का ही रहने वाला है। वह भूंसा व्यवसायी के यहां काम करता है। आरोप है कि भूंसा व्यवसायी का 70 हजार रुपया चोरी कर लिया था। व्यवसायी उसके घर पर आया तो युवक को पकड़ा गया। इसी दौरान किसी ने उसके गले में तख्ती लटकाकर घुमा दिया। थानेदार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर थाने में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। वीडियो से यह पता लगाया जा रहा है कि युवक के गले में किसने तख्ती लटकाई थी। उससे पूछताछ में भी वह नाम नहीं बता पा रहा है कि उसके गले में किसने तख्ती लटका दी थी।

शेर मोहम्मद बने एनसीईआरटी के चीफ अकाउंटेंट इंचार्ज

भागलपुर, एजेंसी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के वरिष्ठ लेखा अधिकारी शेर मोहम्मद को अगले आदेश तक प्रभारी मुख्य लेखा अधिकारी (चीफ अकाउंटेंट इंचार्ज) बनाया गया है। इसको लेकर अवर सचिव (गैर शैक्षणिक) पीके राय ने आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि प्रभारी मुख्य लेखा अधिकारी सुभाष चंद्र बीते 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद से ही उनका पद खाली था।

जेल से छूटने के 15 दिन बाद अपराधी फिर गिरफ्तार

आरा(भोजपुर), एजेंसी। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंदनगर मोहल्ला में पुलिस ने छापेमारी कर एक पुराने हिस्ट्रीशीटर मंटू कहार को कारतूस और मैगजीन समेत पकड़ा है। हालांकि, उसके दो साथी पिस्टल लेकर फरार हो गए। पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर मंटू कहार आनंदनगर मोहल्ला का ही निवासी है। पूर्व से गोलीबारी समेत समेत दर्जनभर केस उसके विरुद्ध दर्ज हैं। वर्तमान में किसी केस में वांटेड नहीं था। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश समेत तीन के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी की है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि 10-15 दिन पहले ही वह जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आया था। पुलिस लगातार जमानत पर छूटकर बाहर आए अपराधियों की गतिविधियों के बारे में पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि आनंदनगर मोहल्ला में जेल से जमानत पर छूटकर आया मंटू कहार अपने दो साथियों के साथ अपराध की साजिश रच रहा था।

2023 में गोलीबारी हुई थी: इसके बाद एसपी राज और एएसपी के आदेश पर टीम गठित कर वहां छापेमारी की गई। छापेमारी में वह मैगजीन, दो कारतूस और दो मोबाइल समेत पकड़ा गया। जबकि, उसके दो साथी भाग निकले। मालूम हो कि वर्ष 2023 में गाड़ी खड़ा करने को लेकर उपजे विवाद में गोलीबारी की घटना घटित हुई थी, जिसमें मंटू कहार समेत उसके गुर्गों पर प्राथमिकी हुई थी।

'प्रगति यात्रा': वैशाली में 276 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

मुख्यमंत्री नीतीश बोले- विरोधी कुछ भी बोलते हैं... मैं अब भाजपा के साथ ही रहूंगा

पटना, एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। कहा-विरोधी सब खाली अंड-बंड बोलता है। मैं इस पर ध्यान नहीं देता। सिर्फ जनता का काम करता रहता हूं। मुझे अटल बिहारी वाजपेयी ने सीएम बनाया। दो बार गलती से राजद में चला गया था। अब भाजपा के साथ ही रहूंगा। वे सोमवार को वैशाली जिले में अपनी 'प्रगति यात्रा' के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने 276 करोड़ की 344 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

2005 के पहले व बाद के बिहार के बारे में सबको बताएं : मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों से कहा-2005 के बाद बदले बिहार और 2005 के पहले के बदहाल बिहार के बारे में लोगों को बताएं। जब से हमें बिहार में काम करने का मौका मिला, हमारे निरंतर प्रयास से काफी बदलाव आया है। अमन चैन है। 2005 से पहले शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे।

अस्पताल, सड़क, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य आदि की स्थिति बहुत खराब थी। अपने काम बताए : मुख्यमंत्री ने कब्रिस्तान व मंदिरों की घेराबंदी, साइकिल-पोशाक योजना, स्कूल भवनों का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की बेहतर स्थिति, नए मेडिकल कॉलेज, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नाली, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली, हर टोले तक पक्की सड़क, पंचायती राज व नगर निकायों में महिलाओं को 50त्न, पुलिस बहाली में 35त्न व सरकारी नौकरियों में 35त्न आरक्षण से लेकर 'जीविका' तक की व्यापक चर्चा की। कहा-हमने 'जीविका' की शुरुआत की।

प्रमुख घोषणाएं

बया नदी की उड़ाही होगी। बरैला झील का विकास व सौंदर्यीकरण होगा।

महुआ में ग्रिड सब स्टेशन, 4 प्रखंड में नया पावर सब स्टेशन बनेगा। हाजीपुर शहर में जल निकासी के लिए नाला बनेगा।

गोरौल में डिग्री कॉलेज बनेगा। गंडक नदी के हाजीपुर साइड में छूटे हिस्से में बांध बनेगा।

आमस-दरभंगा रोड के किनारे 1293 एकड़ में औद्योगिक पार्क बनेगा।

9 लाख को नौकरी, 24 लाख को रोजगार

नीतीश ने कहा-हमने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य तय किया। इसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया। अब तक 9 लाख लोगों को नौकरी दी गई है। 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है। इस साल 12 लाख लोगों को नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा।

'यात्रा' का तीसरा चरण 16 जन. को खगड़िया से : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' का तीसरा चरण 16 जनवरी को खगड़िया जिला से शुरू होगा। वे 18 जनवरी को बेगूसराय, 20 को सुपौल, 21 को किशनगंज, 22 को अररिया, 23 को सहरसा, 27 को पूर्णिया, 28 को कटिहार तथा 29 जनवरी को मधेपुरा जिला जाएंगे। इस दौरान वे 5 दिन मधेपुरा में रात्रि विश्राम करेंगे।

27 जनवरी से होगी मध्यमा बोर्ड की परीक्षा, शेड्यूल जारी: दो पालियों में लिया जाएगा एग्जाम

500 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवादा, एजेंसी। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षा 27 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक होगी। परीक्षा के लिए जिले में कन्हाई इंटर स्कूल को केंद्र बनाया गया है, जिसमें लगभग 500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 1:45 से शाम 5:00 बजे तक होगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। मध्यमा परीक्षा को मैट्रिक के समकक्ष मान्यता दी जाती है। परीक्षार्थियों को 25 जनवरी तक पंजीयन पत्र और प्रवेश पत्र संस्कृत स्कूलों के प्रधानों से उपलब्ध कराया जाएगा। ये दस्तावेज संस्कृत शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे, जहां से स्कूल प्रधान इन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को देंगे। वहीं इसकी प्रायोगिक परीक्षा 3 और 4 फरवरी को संबंधित संस्कृत स्कूलों में आयोजित होगी। इसका अंकपुटक और रौल सीट 5-6 फरवरी तक बोर्ड कार्यालय में जमा करना होगा। परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 13 फरवरी से शुरू होगा। किसी त्रुटि की स्थिति में स्कूल प्रधान बोर्ड कार्यालय को सुधार के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराएंगे। परीक्षा की सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जा रही हैं।

परीक्षा का शेड्यूल

27 जनवरी को पहली पाली में संस्कृत व्याकरण (प्रथम पत्र) और दूसरी पाली में संस्कृत साहित्य (द्वितीय पत्र) की परीक्षा होगी। 28 जनवरी को पहली पाली में संस्कृत सामान्य (तृतीय पत्र) और दूसरी पाली में हिंदी (चतुर्थ पत्र) का आयोजन होगा। 29 जनवरी को पहली पाली में सामाजिक शिक्षा (पंचम पत्र) और दूसरी पाली में अंग्रेजी (षष्टम पत्र) की परीक्षा होगी। 30 जनवरी को पहली पाली में सामान्य विज्ञान (सप्तम पत्र) और दूसरी पाली में अतिरिक्त विषय की परीक्षा ली जाएगी।

कोहरे में रेलवे के फॉग सेफ्टी डिवाइस फेल, पूर्व मध्य रेल 8 करोड़ की लागत से ट्रेनों में किया फाग डिवाइस से लैस

पटना, एजेंसी। घने कोहरे में रेलवे के फाग सेफ्टी डिवाइस फेल हो गया है। कोहरे से निपटने के लिए पूर्व मध्य रेल ने 8 करोड़ खर्च कर सभी ट्रेनों के इंजन में डिवाइस लगाया गया है। लेकिन डिवाइस का फायदा नहीं मिल रहा है। यात्रियों को हर दिन 1 से 8 घंटे तक अधिक ट्रेन में सफर करना पड़ रहा है। राजधानी और संपूर्ण क्रांति पटना के वीआईपी ट्रेन मानी जाती है। यह ट्रेन हर दिन दिल्ली से पटना पहुंचाने में 4 से 8 घंटे से अधिक समय लगा रही है। ट्रेन ड्राइवर के मुताबिक फॉग सेफ्टी डिवाइस लगा है। लेकिन ट्रेन के लेटलतीफी जारी है। स्थिति ऐसी हो गई है कि जो ट्रेन 110-120 किमी प्रति घंटा चलती थी, वह ट्रेन अभी 70-75 किमी प्रति घंटा चल रही है। वहीं मालगाड़ी की स्पीड 90 से घटाकर 60 किमी प्रति घंटे रह गई है।

लेट होने के कारण

1 कोहरे के कारण ट्रैक पर जम रहा पानी ट्रेन के चक्के स्लीप कर रहे हैं

2 घने कोहरे होने के कारण इंजन से 50 मीटर दूरी तक ही ट्रैक दिख रहा है

3 कोहरे के कारण आने वाले सिंगल पूरी तरह से नहीं पता चल रहा है

फॉग सेफ्टी डिवाइस फेल, ट्रेन में यात्री हो रहे परेशान : पूर्व मध्य रेल मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष जफर हसन का कहना है कि फॉग से निपटने के लिए इंजन में लगाए गए फॉग सेफ्टी डिवाइस पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है। पटना जंक्शन से हर दिन करीब दो लाख से अधिक यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है।

जुगाड़ वाला ट्रैक्टर:मोटे टायर की जगह लोहे का पतला पहिया; मिनटों में कीटनाशक का छिड़काव

बेगूसराय, एजेंसी। बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर के किसान ने खेती में जुगाड़ के इस्तेमाल से कमाल कर दिखाया है। मेहदा शाहपुर के रहने वाले किसान अखिलेश रंजन ने एक ऐसा ट्रैक्टर बनाया है, जिससे रासायनिक दवा का छिड़काव करने में किसानों को न सिर्फ 80 फीसदी तक लागत की बचत हो रही है, बल्कि उनका समय भी बच रहा है। अखिलेश रंजन एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर खेती करने के साथ-साथ प्राइवेट कंपनी में खेती से जुड़े काम करते हैं। अपनी खेती और किसानों के बीच आने-जाने के दौरान उन्हें लगा कि किसानों को अपने फसल की रक्षा करने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव करने में काफी परेशानी होती है।

जापान में यूज होने वाला ट्रैक्टर देखा, तो आया आइडिया : अखिलेश बताते हैं कि जब किसानों की समस्याओं को देखा, तो यूट्यूब और गूगल पर सर्च करना शुरू किया, जिसमें मुझे जापान में खेत में उपयोग होने वाला ट्रैक्टर दिखा। जानकारी जुटाई तो पता चला कि इस ट्रैक्टर की मदद से जापान के किसान घंटों नहीं, बल्कि मिनटों में अपने खेत में कीटनाशक दवा का स्प्रे कर लेते हैं।

काफी स्टडी करने पर अखिलेश ने पाया कि न केवल जापान बल्कि भारत में पंजाब में भी ऐसे ट्रैक्टर का उपयोग होता है। ये देख उनके दिमाग में तुरंत आइडिया आया। उनके पास पहले से एक ट्रैक्टर था। फिर अखिलेश ने करीब 3 लाख रुपए खर्च कर विदेश से पाइप और टंकी सहित अन्य मशीन मंगवाया। अब परेशानी थी कि ट्रैक्टर में मशीन तो लग जाएगा, स्प्रे भी आसानी से हो जाएगा, लेकिन ट्रैक्टर का पहिया काफी मोटा होता है। अगर फसल में चलेगा तो इससे फसल की क्षति होगी। इसके बाद उन्होंने इसका भी जुगाड़ निकाला। मैकेनिक से बात की और पहले के समय में तांगा में लगने वाले डिजाइन का लोहे का मजबूत चक्का बनवाया। ट्रैक्टर के मैकेनिक से रबर वाले मोटे चक्के को खुलवाकर लोहे का बनवाया गया चारों चक्का लगवा दिया। करीब चार लाख खर्च कर अखिलेश का ये जुगाड़ स्प्रे मशीन तैयार हो गया।

सबसे पहले अपने ही खेत में किया एक्सपेरिमेंट: अखिलेश ने जुगाड़ से बनाए गए स्प्रे ट्रैक्टर का सबसे पहले यूज अपने ही खेत में किया और एक बार में ही 40 फीट की चौड़ाई में स्प्रे कर लिया। समय भी मात्र 15 से 20 मिनट का लगा। इतने कम समय में उनके 1 एकड़ खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव हो गया। एक्सपेरिमेंट के सक्सेस होते ही उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए किसानों तक अपने जुगाड़ के इनोवेशन को पहुंचाया। अब न सिर्फ बेगूसराय, खगड़िया और समस्तीपुर, बल्कि दूर-दूर तक अखिलेश के इस जुगाड़ ट्रैक्टर की डिमांड हो रही है। खास बात ये कि इस जुगाड़ वाले ट्रैक्टर से कीटनाशक के छिड़काव के साथ-साथ सिंचाई भी होती है।

सबसे अधिक डिमांड मोकामा टाल में है। जहां हजारों एकड़ में दलहन की खेती की जाती है। टाल में पानी की समस्या, ऊपर से एक-एक किसानों के सैकड़ों एकड़ में लगे चना और मसूर। एक एकड़ की सिंचाई करने में किसानों को तीन से चार मजदूर लगते थे, पूरे दिन का समय लगता था, 1600 से 2000 रुपए खर्च हो जाते थे। लेकिन अखिलेश का ट्रैक्टर पहुंचा तो वहां किसानों के एक-एक एकड़ खेत में 15 से 20 मिनट में ही सिंचाई हो जाता है।

पटना में शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम लागू होगा

पटना, एजेंसी। राजधानी पटना को बाढ़ व जलभराव से निजात दिलाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पहली बार पटना को देश के उन 9 शहरों में शामिल किया है, जहां बाढ़ से खतरा है। पहली बार पटना में शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम पर 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 150 करोड़ केंद्र देगा। 50 करोड़ रुपए राज्य सरकार का अंशदान होगा। इसके लिए पटना का नए सिरे से सर्वे होगा। बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बुडको) को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। पटना की भौगोलिक स्थिति को देखकर जमीन के नीचे और सतही हिस्से का सर्वे होगा। इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसमें नगर निगम के सभी छह अंचलों के साथ ही पटना सिटी से लेकर दानापुर तक के ऐसे हिस्से को चिन्हित किया जा रहा है, जहां जलभराव के चलते बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। बता दें कि 2019 में पटना में जलभराव के चलते बाढ़ आई

थी। मानसून से पहले कई स्तरों पर इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप कर दिया जाएगा। सभी संप हाउस की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का फैसला, पहली बार पटना शामिल : राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अबतक देश के सात शहरों में बाढ़ से बचाव के लिए ही राशि देता रहा है। इसमें चेन्नई, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरू जैसी मेट्रो सिटी शामिल हैं। अब 9 और शहर शामिल किए गए हैं, जिसमें राजधानी पटना भी है। पटना के अलावा भोपाल, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, जयपुर, कानपुर, रायपुर, त्रिवेंद्रम और विशाखापत्तनम शामिल है। इन शहरों में बाढ़ नियंत्रण पर 1350 करोड़ केंद्र और 450 करोड़ रुपए राज्य सरकारों को खर्च करना है। पटना में जलभराव और बाढ़ प्रबंधन के लिए विश्व के करीब 10 बड़े शहरों का अध्ययन किया गया। खासकर अमेरिका, इंगलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के प्रमुख शहरों की केस स्टडी को लेकर वहां जलनिकासी व बाढ़ प्रबंधन के उपायों का अध्ययन किया गया है। इसी तर्ज पर पटना के साथ देशभर के अन्य 16 शहरों में बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम को लागू किया जाएगा। बुडको के एमडी डॉ. योगेश कुमार सागर अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम को पटना में लागू किया जाएगा।

ट्रक ने 20 फीट घसीटा, बक्सर में ट्रक से टक्कर में 2 की मौत

बक्सर, एजेंसी। बक्सर में सोमवार की देर शाम ट्रक ने बाइक सवार 2 युवकों को कुचल दिया। ट्रक ने दोनों को 20 फीट तक घसीटा। इससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया, जिससे शवों के चिथड़े उड़ गए और चेहरों से उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया था।

एक मृतक का पैर जांघ से कटकर शरीर से अलग हो गया। पैर शरीर से 10 फीट दूर गिरा था। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। ट्रक झारखंड नंबर का है। हादसा मुरार थाना क्षेत्र के मुरार गांव में हुआ। मृतकों की पहचान वासुदेवा थानाक्षेत्र के भदार गांव निवासी कमलेश राम और रघुनाथपुर के रामबाबू राम के रूप में हुई हैं।

ओवरलोड ट्रक से टकराई बाइक

बताया जा रहा है कि ओवरलोड ट्रक चौगाई की ओर जा रहा था और कोरान सराय की ओर से बाइक सवार आ रहे थे। इसी दौरान मुरार गांव के पास ट्रक से बाइक टकरा गई। हल्की टक्कर में ही बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे चली गई। ट्रक का पहिया दोनों पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

चश्मदीद बोला- हादसा बहुत भयानक था, रौंगटे खड़े हो गए : चश्मदीद मुन्ना सिंह ने बताया, मैं अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तभी मजदूरों ने शोर मचाया। मैंने देखा कि ट्रक ने बाइक सवारों को धक्का मार दिया। दोनों ट्रक के पहिए में फंस गए थे और ट्रक ने उन्हें करीब 20 फीट तक घसीट दिया। एक व्यक्ति का पैर शरीर से अलग हो गया। यह नजारा बेहद भयानक था। रौंगटे खड़े हो गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मुरार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दोनों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

गांव वाले बोले- तेज रफ्तार की वजह से हो रहे हादसे : घटना के बाद इलाके के लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि ओवरलोड ट्रकों की तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसे लगातार हो रहे है। पुलिस से मांग की है कि इस मामले में दोषी ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

गले में माला थी, 13 साल के दोस्त ने खींची तो मर गया, शव पुआल में छोड़कर भागा

खेल-खेल में 6 साल के बच्चे की हत्या

नालंदा, एजेंसी। नालंदा में खेल-खेल में 13 साल के नाबालिग ने 6 साल के बच्चे की हत्या कर दी। रविवार की शाम बच्चे घर के बाहर ही खेल रहे थे। तभी दोनों बच्चों के बीच खेल-खेल में ही कहासुनी हो गई। मासूम ने गले में माला पहनी थी, नाबालिग ने उसी माले को जोड़ से पकड़ लिया, जिससे बच्चे का गला दब गया और उसकी जान चली गई। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के डोईया गांव की है। मृतक की पहचान सोनू पासवान के बेटे दिव्यांशु कुमार (6) के रूप में हुई है। बताया गया कि दिव्यांशु 5 जनवरी की शाम से लापता था। बच्चे के पिता सोनू ने उसके अपहरण के लिए आवेदन दिया था। अगले दिन 6 जनवरी की शाम घर से कुछ दूरी पर पुआल के ढेर में बच्चे की लाश मिली। पुलिस, डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पूछताछ में नाबालिग ने सब कबूला

पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। तकनीकी, वैज्ञानिक जांच के आधार पर एक संदिग्ध नाबालिग को पकड़ा गया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दिव्यांशु ने गले में माला पहनी थी। जब दोनों की खेल-खेल में लड़ाई हो गई तो उसने वो माला पकड़कर उसका गला दबा दिया। उसके बाद उसके शव को छोड़कर भाग गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी बच्चे की गला दबाकर हत्या करने की बात कही गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

6 दिन पहले नानी के घर से आया था

उधर, मासूम की नानी सुलेखा देवी ने बताया था कि %दिव्यांशु रविवार की शाम घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान वह लापता हो गया। काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार को खलिहान में पुआल के ढेर के पास बच्चे का शव मिला। दिव्यांशु दो भाई और एक बहन था। छह दिन पहले ही दिव्यांशु अपने ननिहाल से घर आया था। पुलिस ने कुछ ही घंटे में मामले का खुलासा कर लिया है। नाबालिग से पूछताछ भी चल रही है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। इधर, बेटे की मौत से परिवार सदमे में है। मां बार-बार अपने बच्चे को याद कर बेसुध हो रही है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी

संक्षिप्त समाचार

मडियांव थाना पुलिस ने कैंची से हमला करने के आरोपी 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लखनऊ मडियांव थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिन पर एक व्यक्ति पर कैंची से हमला कर घायल करने का आरोप है। घटना के संबंध में 4 जनवरी 2025 को श्री शिवम सोनी ने थाना मडियांव में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि विपक्षीगण ने उन्हें पेट में कैंची मार दी थी। इस पर थाना मडियांव पर मु0अ0सं0 007/2025 धारा 118(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।दिनांक 6 जनवरी 2025 को पुलिस टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मडियांव पुल के नीचे शौचालय के पास गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम चंद्रशेखर (उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम भदेसिया, थाना रामपुर कलां, सीतापुर) और रामनिवास उर्फ अनमोल शर्मा (उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम भदेसिया, थाना रामपुर कलां, सीतापुर) हैं।पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 कैंची और 01 उस्तरा बरामद किया गया। अभियुक्तों को उनकी गिरफ्तारी और अपराध की जानकारी देते हुए हिरासत में लिया गया और विधिक कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।दौरान गिरफ्तारी माननीय सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन किया गया। आरोपियों के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थाना व जनपद से जानकारी प्राप्त की जा रही है।

लखनऊ मण्डल ने चलाया टिकट चेकिंग अभियान, 49 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा

लखनऊ पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में आज लखनऊ मण्डल ने टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन ने किया, जबकि वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता ने अभियान को दिशा-निर्देश प्रदान किए।लखनऊ मण्डल के लखनऊ मैलानी प्रखण्ड पर आयोजित इस अभियान में गाड़ी सं. 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस और 55083 मैलानी-डालीगंज सवारी गाड़ी पर 49 बिना टिकट और अनियमित रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। इसके अलावा, शयनयान और वातानुकूलित कोचों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे एमएसटी धारकों और वर्दीधारी यात्रियों को भी जाँच अभियान के दौरान पकड़ा गया।अभियान के दौरान यात्रियों को रेलवे टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक किया गया।इस अभियान को सफल बनाने में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/मुख्यालय अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/लखनऊ एस.के. बरूआ, मुख्य चल टिकट निरीक्षक एस.पी. सिंह, सीटीआई रेड और आर.पी.एफ व जीआरपी के बल सदस्यों सहित रेल कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लखनऊ पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को बरामद किया, आरोपी को गिरफ्तार किया

लखनऊ लखनऊ पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए नाबालिग पीड़िता की बरामदगी की और अभियुक्त मुन्ना कश्यप को गिरफ्तार किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 24 अगस्त 2023 को वादी मुकदमा ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की घटना के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। अभियुक्त मुन्ना कश्यप, जो बदौरा थाना मलिहाबाद का निवासी है, पर आरोप था कि उसने शादी के उद्देश्य से नाबालिग लड़की को अपने साथ भगा लिया था। इसके बाद कोतवाली दुबग्गा में मुकदमा संख्या 0250/2023 धारा 363/366 भा0द0वि0 के तहत मामला दर्ज किया गया।इस मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए, पुलिस टीम ने 06 जनवरी 2025 को चेन्नई, तमिलनाडु से पीड़िता को बरामद किया और अभियुक्त मुन्ना कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।इस कार्रवाई को सफल बनाने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 तेज कुमार शुक्ला, का0 कौशिन्द्र भागर, और म0का0 अनीता कोतवाली दुबग्गा लखनऊ शामिल रहे।

फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बोलेरो ने ली युवक की जान

लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में 6 जनवरी 2025 की रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बोलेरो ने एक युवक की जान ले ली। वादी रजत तिवारी ने पुलिस को दी गई सूचना में बताया कि उनका भाई राहुल तिवारी (उम्र 30 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से मुंशी पुलिया की ओर से इंजीनियरिंग कॉलेज की दिशा में जा रहे थे। फ्लाईओवर पर काले रंग की बोलेरो (नंबर यूपी 32 एमएस) के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर के बाद राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत भाऊराव देवरस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना विकासनगर में मु0अ0सं0 03/2025 के तहत धारा 281/206 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बोलेरो वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है।यह हादसा शहर में बढ़ती तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग की समस्याओं की ओर इशारा करता है। प्रशासन और जनता के बीच इस विषय पर जागरूकता और सख्ती की जरूरत है।

निगोहां में चोरी की घटनाः अज्ञात चोरों ने घर से जेवरात और नकदी उड़ाए

लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में एक घर में चोरी की वारदात सामने आई है। वादी राम प्रमोद यादव, निवासी ग्राम अकबपुर बेनीगंज, ने 7 जनवरी 2025 को स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। वादी ने बताया कि बीती रात 6/7 जनवरी को अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर कीमती जेवरात और 25,000 रुपये नकद चोरी कर लिए।सुबह करीब 5:30 बजे जब वादी जागे, तो उन्होंने घर के कमरे और आंगन में सामान बिखरा हुआ पाया। तभी उन्हें चोरी का पता चला।पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।चोरी की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है, और लोगों ने पुलिस से इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

लखनऊ पुलिस ने वांछित वारंटी अभियुक्त को दबोचा

लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। शिवा (उम्र 23 वर्ष), जो ग्राम बकतखेजड़ा, मजरा पतौना का निवासी है, पर वाद संख्या 112599/23 और अपराध संख्या 133/23 के तहत धारा 323/504/506 भादवि में मामला दर्ज था।अभियुक्त काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके कारण अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया था। थानाध्यक्ष नगराम के निर्देशन में पुलिस टीम ने 7 जनवरी 2025 को उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई में नगराम पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयानः सम्भल की घटना को भाजपा सरकार ने जानबूझकर कराया

संवाददाता

लखनऊ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सम्भल में हुई घटना जानबूझकर अधिकारियों के माध्यम से करायी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सम्भल में अब भी बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है और लोगों पर दबाव डाला जा रहा है। झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक कार्य कर रहे हैं।श्री यादव ने स्पष्ट किया कि सम्भल में कोई दंगा नहीं था, बल्कि पुलिस की गोली से निर्दोष युवाओं की जान ली गई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सम्भल की घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलवायी जाएगी।इस संदर्भ में, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय और नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में पीड़ितों से मुलाकात की। अखिलेश यादव ने बताया कि इस मौके पर पार्टी ने पीड़ितों को पांच लाख रुपये की सहायता देने का भी वादा किया है।अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भाजपा सरकार समाज में नफरत और भेदभाव फैलाना चाहती है। उन्होंने पूछा कि जब देश में "प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट" लागू है, तो फिर शाही जामा मस्जिद के सर्वे की इतनी जल्दबाजी क्यों थी?उन्होंने भाजपा सरकार की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है, जो भाईचारे के खिलाफ काम कर रही है। इस सरकार में पीड़ितों के लिए कोई सहानुभूति नहीं है और किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं तोड़ दी हैं और जनता की कोई कीमत नहीं है।सम्भल की घटना को एक साजिश करार देते हुए श्री यादव ने कहा कि यह घटना भाजपा के भ्रष्टाचार और वोटों की लूट छिपाने के लिए की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने कुंदरकी और मीरापुर उपचुनावों में भी धांधली की थी, जैसा कि वीडियो में सामने आया है।श्री यादव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात हो रही है, तो फिर अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दिया जा रहा है?इस प्रेस कांफ्रेंस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल, सांसद हरेन्द्र मलिक, सांसद रुचि वीरा, सांसद नीरज मौर्या, विधायक कमाल अख्तर, विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक नवाब इकबाल महमूद, विधायक पिंकी सिंह यादव सहित कई पार्टी नेता मौजूद रहे।

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में छात्रावास के आवेदन के लिए सिर्फ दो दिन शेष

संवाददाता

लखनऊ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों से छात्रावास के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। उन विद्यार्थियों को, जो किसी कारणवश छात्रावास में स्थान नहीं प्राप्त कर पाए थे, विश्वविद्यालय द्वारा 2 जनवरी को आवेदन के लिए सूचना दी गई थी। अब सिर्फ दो दिन शेष हैं, और विद्यार्थी 9 जनवरी तक छात्रावास के लिए आवेदन कर सकते हैं।विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फार्म को भरकर अपना आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही, छात्रावास से संबंधित समस्त सूचनाएं भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

इटौंजा थाना पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता

लखनऊ इटौंजा थाना पुलिस ने एक नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी माननीय न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू (Non-Bailable Warrant) के तहत की गई। अभियुक्त मनिया सिंह, निवासी ग्राम अटेसुवा, थाना इटौंजा, लखनऊ, उम्र 45 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।मनिया सिंह के खिलाफ थाना इटौंजा में वाद सं0 3303000/12 एनसीआर 59/12 धारा 323/504 भादवि के तहत मामला दर्ज था। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त का पेशी की प्रक्रिया के लिए विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तारी टीम में उ0नि0 रमेश सिंह यादव, का0 चिराग त्यागी और का0 राहुल यादव शामिल थे।

प्रियंका गांधी पर अभद्र बयानः भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता

लखनऊ भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ दिए गए अभद्र और अमर्यादित बयान को लेकर देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। कांग्रेस ने इस बयान को भाजपा की कुंठित और स्त्री विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए इसे पार्टी के "वास्तविक चाल, चरित्र और चेहरे" का प्रतीक कहा है।प्रियंका गांधी के खिलाफ इस आपत्तिजनक टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव और उरूषा राणा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा। उन्होंने भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।महिला कांग्रेस की नेता शहला अहरारी ने कहा कि भाजपा के नेता समय-समय पर महिलाओं के खिलाफ इस तरह के बयान देकर देश की आधी आबादी का अपमान करते हैं। यह भाजपा की महिलाओं के प्रति असंवेदनशील सोच को दर्शाता है।इस मौके पर महिला कांग्रेस की कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जिनमें सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्नआरा, सिद्धि श्री, डॉ. रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति और मीना रावत शामिल थीं, उपस्थित रहीं।कांग्रेस ने भाजपा नेता के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह बयान न केवल एक महिला नेता का अपमान है, बल्कि देश की महिलाओं के प्रति भाजपा की मानसिकता को उजागर करता है। पार्टी ने रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

चर्च रोड, इंदिरा नगर में आदर्श व्यापार मंडल इकाई का गठन, व्यापारी समस्याओं के समाधान के लिए की बैठक

संवाददाता

लखनऊ चर्च रोड, इंदिरा नगर स्थित अग्रवाल प्लाजा कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस बैठक में सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे और चर्च रोड, इंदिरा नगर आदर्श व्यापार मंडल इकाई का गठन किया गया।बैठक में व्यापारी समुदाय ने अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इस इकाई का गठन किया। मनोज सिंह को अध्यक्ष, कृष्ण वीर सिंह बंटू को प्रभारी, गौरव वर्मा को चेयरमैन, सुधीर कुमार को वरिष्ठ महामंत्री, शुभम पांडे को महामंत्री, मोहित वर्मा को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके अलावा, संजय वर्मा, दीपक साहू, मनोज कुमार, हिमांशु रावत को उपाध्यक्ष, और दीपक श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा, गौरव मिश्रा, शिवम पटवा, शमशाद, अरविंद केसरी को संगठन मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।

वरिष्ठ व्यापारी डी एस सिंह, संजय पांडेय, संतोष अग्रवाल और कुँवर जी पुरी को संरक्षक के रूप में सम्मानित किया गया।कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संदीप पाठक, मनीष सिंह, मुहम्मद सिराज, माज अहमद, मोहम्मद रफीक, श्री राम, मोहम्मद निशार, सुधीर कुमार संन्यासी, राजकुमार, उमाशंकर, मोहम्मद जुनैद, प्रियांशु मिश्रा, फाखिर सिद्दीकी, धर्मेन्द्र गुप्ता, योगेश मिश्रा को चुना गया।

नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।संजय गुप्ता ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारी जाति और धर्म से ऊपर उठकर चुनावों में केवल व्यापारी के रूप में वोट करें। इससे व्यापारी समाज की सभी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने, सम्मान की रक्षा करने और उत्पीड़न के खिलाफ निरंतर काम कर रहा है।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पाण्डे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, दीपक सिंह चौहान, आशीष शर्मा और अंशू श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सैन्यकर्मी बनकर युवतियों का शोषण करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता

लखनऊ थाना सरोजनीनगर पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो आर्मी की वर्दी पहनकर खुद को सैन्यकर्मी बताकर युवतियों का शोषण और ठगी करता था। अभियुक्त का नाम हैदर अली बेग (कथित नाम हार्तिक बैंगलो) है, जो उड़ीसा के जिला बालेश्वर का निवासी है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के दौरान आर्मी की वर्दी, फर्जी पहचान पत्र, मिलेट्री कार्ड और अन्य कागजात बरामद किए हैं।घटना का खुलासा तब हुआ जब एक महिला ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर दी, जिसमें उसने बताया कि हार्तिक बैंगलो नामक व्यक्ति ने खुद को हिन्दू और सेना में सेवारत बताकर उसे शादी का झांसा दिया और करीब 4.5 लाख रुपये के जेवर ठग लिए। बाद में पता चला कि उसका असली नाम हैदर अली बेग है और वह मुस्लिम समुदाय से संबंधित है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 जनवरी 2025 की रात को अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि हैदर अली बेग सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती कर उन्हें शादी का झांसा देता था और फिर उनका शोषण करता था। वह फर्जी कागजात दिखाकर युवतियों को अपने जाल में फंसा लेता था।अभियुक्त अब तक कई युवतियों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी कर चुका है। पुलिस ने इस मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की 59वीं बैठक में बाढ़ बचाव परियोजनाओं की समीक्षा

संवाददाता

लखनऊ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 59वीं बैठक आज पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय प्रमुख अभियंता, सिंचाई विभाग के नवीन सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बाढ़ से बचाव हेतु 369 परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण सिंचाई विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा किया गया।बैठक में यह जानकारी दी गई कि बाढ़ बचाव परियोजनाओं के कार्य पूर्ण होने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनधन की हानि से बचा जा सकेगा। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से लगभग 6 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि और 60 लाख आबादी को बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी।बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने परियोजनाओं की समीक्षा की और बाढ़ से बचाव के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया। जलशक्ति मंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि बाढ़ से संबंधित परियोजनाओं का धरातल पर पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बाढ़ से बचाव हेतु स्थायी समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जाए और परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए ताकि जनता को बाढ़ से सुरक्षा मिल सके और जनधन की हानि न हो।जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई विभाग ने चहुँमुखी प्रगति की है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में बाढ़ बचाव की 940 परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिससे 19 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि और 158 लाख आबादी को सुरक्षा प्राप्त हुई है।बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता अखिलेश कुमार सचान, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) संदीप कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला सांसदों, विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आज कानपुर में योगी

यूपी-उत्तराखंड के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित शामिल होंगी 56 से अधिक महिला विधायक

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां बिठूर में आज मंगलवार से शुरू कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित यूपी-उत्तराखंड की महिला सांसदों व विधायकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए आज 8 जनवरी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आज बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं इस आयोजन के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल होंगी। प्रशिक्षण के इस आयोजन में एक साथ पहली बार 56 से अधिक महिला विधायक शहर आएंगी। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

आज सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का संबोधन होगा। फिर उत्तराखंड के विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण का उद्बोधन होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की इस आयोजन के तहत विधायकों व सांसदों का प्रतिनिधित्व, सदन की कार्यवाही में सहभागिता बढ़ाने और संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महिला सदस्यों की भूमिका पर मंथन होगा। साथ ही महिला विधायकों को सशक्तिकरण और विधानसभा से जुड़ी बारीकियों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस आयोजन में इस बात पर भी मंथन होगा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किन नई योजनाओं को बनाने की आवश्यकता है और किन योजनाओं को बढ़ावा दिया जाना है।

प्रशिक्षण के इस आयोजन में संविधान व कानून में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिए जाने जैसी चर्चा का विषय भी शामिल है। इस आयोजन के लिए कड़े सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के मंत्री धर्मपाल सिंह की केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात

संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री को प्रयागराज महाकुंभ 2025 में भाग लेने का औपचारिक निमंत्रण दिया।मुलाकात के दौरान श्री धर्मपाल सिंह ने केंद्रीय मंत्री को महाकुंभ-2025 का लोगो, कुंभ कलश, कुंभ साहित्य और महाकुंभ से जुड़ी अन्य सामग्री भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक और अत्याधुनिक बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशा-निर्देशन में महाकुंभ को दिव्य, भव्य और डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।श्री सिंह ने महाकुंभ के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' का प्रतीक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए महाकुंभ के आयोजन की सराहना की और भारत की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में महाकुंभ के महत्व को उजागर किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और आयोजन की सफलता की कामना की।

काकोरी में 250 KVA विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर चोरी

संवाददाता

काकोरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की वजह से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। वादी नितिन कुमार, अवर अभियंता 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र एफसीआई काकोरी, ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के अनुसार, 7 जनवरी 2025 की सुबह करीब 7:30 बजे महेंद्र सिटी, काकोरी रोड स्थित 250 KVA ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने गिराकर उससे तेल और कॉपर निकाल लिया। इस घटना से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई और विभाग को भारी वित्तीय हानि हुई है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपराध संख्या 03/2025 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और साक्ष्य एकत्रित कर रही है।ट्रांसफार्मर की चोरी की इस घटना से विद्युत विभाग और स्थानीय लोग परेशान हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, बुधवार, 08 जनवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका में बर्फीले तूफान से 5 लोगों की मौत, 1.75 लाख लोग बिना बिजली के रह रहे

वॉशिंगटन। अमेरिका के कई राज्यों में बीते कुछ दिनों से लगातार बर्फीले तूफान का कहर जारी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक मंगलवार तक तूफान की वजह से अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1.75 लाख से ज्यादा लोग बिना बिजली के गुजारा कर रहे हैं। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने राजधानी वॉशिंगटन में 1 फुट तक बर्फबारी का आशंका जाहिर की है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन हालात पर नजर रखे हुए हैं और प्रभावित राज्यों को हर संभव मदद देने को तैयार हैं। तूफान के साथ ओलावृष्टि से लोगों की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ गई है। लाखों लोगों को ट्रैवल करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपनी रोजमर्रा की जरूरत का सामान लेने के लिए भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। तूफान की वजह से 30 राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले रविवार को 7 राज्यों में इमरजेंसी लगा दी गई थी। इससे करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अमेरिका में पिछले 10 साल का सबसे भीषण बर्फीला तूफान हो सकता है।

गुलमर्ग में बर्फबारी के बाद एवलांच, 16 राज्यों में घना कोहरा, UP में 25 फ्लाइट लेट

श्रीनगर/नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में मंगलवार सुबह एवलांच आया। इससे पहले इस इलाके में 2 फीट तक बर्फबारी हुई थी। एवलांच के चलते फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग के अलावा कई जिलों में बर्फबारी हुई। इससे मुगल रोड, श्रीनगर-लेह रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड और गुरेज हाईवे बंद कर दिया गया। मौसम विभाग के मुताबिक यहां 2 से 3 दिन तक बर्फबारी की संभावना रहेगी। उधर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के बाकी राज्यों में तेज सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। आज देश के 16 राज्यों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के कहा कि पंजाब, जम्मू, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। इससे कई फ्लाइट्स लेट हुईं। अकेले UP में ही 25 फ्लाइट और कई ट्रेनें लेट हुईं। उत्तर प्रदेश में ठंड के चलते पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में 10 की जान गई। बिहार के कटिहार, पूर्णिया समेत 20 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया। राजस्थान में भी अगले 3 दिन सर्द हवा का असर रहेगा। आज प्रदेश के 6 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। 20 जिलों में स्कूलों में छुट्टी भी कर दी गई है।

सलमान के घर बुलेट प्रूफ दीवार बनाई गई, हाई रेजोल्यूशन कैमरे भी लगाए

मुंबई। सलमान खान के घर बुलेट प्रूफ दीवार बनाई गई है। पिछले साल अप्रैल में सलमान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में लॉरेंस गैंग से जुड़े बदमाशों ने फायरिंग की थी। तब सलमान के घर सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी। अब उनकी बालकनी और खिड़कियों को बुलेट प्रूफ किया गया है। सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में बीते कुछ समय से रेनोवेशन का काम चल रहा था। अब अपार्टमेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बालकनी और खिड़कियां बुलेट प्रूफ ग्लास के साथ नजर आ रही हैं। NDTV ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि सलमान का सिक्योरिटी सिस्टम हाईटेक कर दिया गया है। घर के चारों तरफ हाई रेजोल्यूशन CCTV कैमरे भी लगाए गए हैं। सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में 1BHK में रहते हैं, जबकि उनके पेरेंट्स इस अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर में रहते हैं। 8 महीने पहले 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायरिंग हुई थी। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में फायरिंग करने वालों को कैप्चर किया गया था। फायरिंग उसी दीवार पर हुई, जिससे थोड़ी ही दूरी पर सलमान की बालकनी है, जहां वो फैंस से मिलने आते हैं। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली थी।

अनशन पर बैठे डल्लेवाल अचानक बेहोश हुए, पल्स रेट-BP गिरा, डॉक्टरों ने हाथ-पैर मसले

चंडीगढ़। हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर 42 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की सोमवार (6 जनवरी) रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। वे करीब एक घंटे तक बेहोश रहे। उनकी पल्स रेट 42 और ब्लड प्रेशर (BP) की अपर रेंज 80 और लोअर रेंज 56 तक आ गई, जबकि 60 से ज्यादा उम्र के पुरुष का सामान्य BP रेट 133/69 होता है। वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने उनके हाथ-पैर मसले। जिसके बाद उन्हें होश आया। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें पानी पिलाया। डल्लेवाल की तबीयत का पता चलते ही मोर्चे पर मौजूद सभी किसान जाग गए। उन्होंने रात को ही डल्लेवाल की सेहत को लेकर सतनाम वाहेगुरु का जाप करना शुरू कर दिया। इससे पहले, 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर महापंचायत हुई थी। यहां 9 मिनट के संबोधन के बाद डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें चक्कर आए और उल्टियां होने लगीं। उनका ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया। जिसके बाद सेहत विभाग ने एक टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उल्टियां होने के बाद डल्लेवाल ने पानी पीना छोड़ दिया था। उनकी सेहत काफी कमजोर हो गई थी।

पंजाब में बच्चे की मौत, गली से दोस्तों संग जा रहा था, सिर पर लोहे की ग्रिल आकर गिरी

चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली में सोमवार (6 जनवरी) को सेक्टर-80 स्थित मौली गांव में बन रही 6 मंजिला इमारत से लोहे की ग्रिल गली में जा गिरी। जिसमें गली से गुजर रहे 12 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ 2 दोस्त भी थे, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। घटना का 14 सेकेंड का CCTV वीडियो सामने आया है। जिसमें वह अपने 2 दोस्तों के साथ जाता दिख रहा है। उनके अलावा गली में एक महिला भी गुजर रही थी। पहले एक ईंट आकर गिरी। इसके बाद लोहे की ग्रिल सीधा बच्चे के सिर पर गिरी। सिर पर लगते ही वह जमीन पर गिर गया। मृतक बच्चे की पहचान आशीष के रूप में हुई है। सोहाना थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ BNS की धारा 106 के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। आशीष के पिता पंकज ने बताया कि आशीष के दोस्त दौड़ते हुए उनके पास आए थे। उन्होंने बताया कि आशीष के सिर पर लोहे की ग्रिल गिरी हैं। वह मौके पर पहुंचे तो वहां बिल्डिंग का ठेकेदार और लेबर तमाशा देख रहे थे। पास के गुरुद्वारा साहिब से एक सिख व्यक्ति अपनी गाड़ी लेकर आया और उसके बेटे को अस्पताल लेकर गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मैक्रों का मस्क पर जर्मन चुनाव में दखल का आरोप

विपक्षी पार्टी को समर्थन दे रहे मस्क, नॉर्वे PM बोले- लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं

एजेंसी, पेरिस

टेस्ला चीफ इलॉन मस्क लगातार दुनिया के भर के मुद्दों पर राय जाहिर करते हैं। मस्क कुछ देशों में राइट विंग की पार्टियों का भी खुलकर समर्थन करते हैं। इसे लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मस्क की आलोचना की है। CNN के मुताबिक मैक्रों ने सोमवार को मस्क का नाम लिए बिना कहा कि वे कई देशों के चुनाव में दखल दे रहे हैं।

मैक्रों ने कहा 10 साल पहले किसने ये सोचा होगा कि दुनिया के सबसे बड़े सोशल नेटवर्कों में से एक के मालिक इंटरनेशनल रिएक्शनरी मूवमेंट का सपोर्ट करेंगे और जर्मनी समेत कई देशों के चुनावों में सीधे दखल देंगे। मस्क ने अभी तक इस बयान पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। यह भी साफ नहीं है कि मस्क फ्रांस में राइट विंग पार्टी को सपोर्ट देंगे या नहीं। ये पहली बार नहीं है जब मस्क के खिलाफ किसी ग्लोबल लीडर ने बयान दिया हो। सोमवार को ही नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा था कि वो यूरोपीय देशों के आंतरिक मामलों में मस्क के हालिया बयानों से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और सहयोगी देशों में ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। जर्मन चांसलर ने मस्क को बताया ट्रोल इससे पहले जर्मनी की सत्ताधारी पार्टी मस्क पर फेडरल इलेक्शन को प्रभावित करने का आरोप लगा चुकी है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने रविवार को मीडिया से एक सवाल के जवाब में मस्क को ट्रोल कह दिया था। उन्होंने कहा कि मैं मस्क का समर्थन नहीं करता और न ही ट्रोल को बढ़ावा देता हूं।

अब बिना NET के असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

◆ वाइस चांसलर पद के लिए टीचिंग एक्सपीरियंस की जरूरत नहीं, UGC की ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी

अब हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूटस में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए UGC NET एग्जाम क्लियर करने की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट यानी HEIs में फैकल्टी रिक्रूटमेंट और प्रमोशन के लिए ड्राफ्ट UGC गाइडलाइंस जारी की हैं। इसके अनुसार, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए सब्जेक्ट में NET क्वालिफाइड होना जरूरी नहीं होगा। ड्राफ्ट गाइडलाइंस UGC की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की गई हैं। इन गाइडलाइंस पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और स्टेकहोल्डर्स से फीडबैक और सुझाव लेने के बाद इन्हें लागू कर दिया जाएगा। UGC 5 फरवरी के बाद गाइडलाइंस लागू कर सकती है। अभी लागू UGC गाइडलाइंस 2018 के अनुसार, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए कैंडिडेट का उसी सब्जेक्ट से NET क्वालिफाई होना जरूरी था, जिस सब्जेक्ट से पोस्ट ग्रेजुएट (PG) किया हो। नई गाइडलाइंस में कैंडिडेट्स को PG से इतर सब्जेक्ट्स से NET करने की आजादी है। साथ ही बगैर NET किए, सीधे Ph.D किए हुए कैंडिडेट्स भी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए अप्लाई कर सकेंगे। VC पद के लिए टीचिंग एक्सपीरियंस की जरूरत खत्म ड्राफ्ट गाइडलाइंस के अनुसार, अब किसी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में वाइस चांसलर बनने के लिए कैंडिडेट के पास 10 वर्ष का टीचिंग एक्सपीरियंस होना जरूरी नहीं होगा। अपने फील्ड के ऐसे एक्सपर्ट, जो सीनियर लेवल पर काम करने का 10 साल का एक्सपीरियंस रखते हों और जिनका ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा हो, वे वाइस चांसलर (VC) बन सकते हैं।

आसाराम को 11 साल में पहली बार जमानत मिली

एजेंसी, जोधपुर

जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम (83) को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है। हालांकि, उसके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है, क्योंकि आसाराम नाबलिग से रेप का भी दोषी है। फिलहाल वह जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। आसाराम को बीते 5 महीने में तीन बार पैरोल भी मिल चुकी है।

आसाराम के वकील आरएस सलूजा ने बताया- मंगलवार (7 जनवरी) सुप्रीम कोर्ट से पहली बार जमानत दी गई है। आसाराम जमानत के बावजूद बाहर नहीं आ पाएगा।



सुप्रीम कोर्ट से 31 मार्च तक बेल, रेप का दोषी है, जोधपुर जेल में सजा काट रहा

रेप का यह केस गांधीनगर के पास आसाराम के आश्रम में रहने वाली महिला ने दर्ज करवाया था। अब दूसरे केस में जोधपुर हाईकोर्ट में बेल एप्लीकेशन लगाने की तैयारी है। इधर, जमानत पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि आसाराम अपने फॉलोअर्स से नहीं मिल सकता है।

असम-खदान में 34 घंटे से फंसे 9 मजदूर, सेना पहुंची, 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी भरा

एजेंसी, दीमा हसाओ

असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में सोमवार को अचानक पानी भर गया था, जिससे 9 मजदूर अंदर फंस गए। मजदूरों के फंसने की सूचना 34 घंटे पहले सोमवार सुबह करीब 7 बजे मिली थी। अब इन मजदूरों के रेस्क्यू में सेना को लगाया गया है। NDRF और SDRF की टीम भी मदद कर रही है। असम के माइनिंग मिनिस्टर कौशिक राय घटनास्थल पर मौजूद हैं। भारतीय सेना और असम राइफल्स के गोताखोर और मेडिकल टीम के साथ इंजीनियर्स टास्क फोर्स रेस्क्यू में शामिल हो गई है। कुछ रिपोर्ट्स में 3 मजदूरों के शव दिखने की बात कही गई। लेकिन जब भास्कर ने एसपी मयंक कुमार झा से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई शव नहीं दिखाई दिया है। पुलिस ने खदान के मालिक पुनीश नुनिसा को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये रैट माइनर्स की खदान है। इसमें 100 फीट तक पानी भर गया है, जिसे दो मोटर की मदद से निकाला जा रहा है।

◆ डाइवर्स मौजूद, मोटर से निकाल रहे हैं पानी

प्रत्यक्षदर्शी बोले- अचानक पानी आया, निकलने का मौका नहीं मिला: दीमा हसाओ जिले के एसपी मयंक झा ने बताया कि खदान में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के मुताबिक अचानक पानी आया, जिसके कारण मजदूर खदान से बाहर नहीं निकल पाए। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, लोकल अधिकारियों और माइनिंग एक्सपर्ट की टीमों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाया जा रहा है।

चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे, बंदी सिखों की रिहाई की मांग

एजेंसी, चंडीगढ़/अमृतसर

बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मंगलवार को चंडीगढ़ कूच की कोशिश की। कौमी इंसाफ मोर्चे के 2 साल पूरे होने पर मोहाली में कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस को चकमा देकर चंडीगढ़ में घुस गए। चंडीगढ़ की SSP कंवरदीप कौर और अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को सेक्टर-43 में रोक लिया। पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

इस प्रदर्शन में चंडीगढ़ सेक्टर-11 थाने के SHO जयवीर राणा समेत 3 कर्मी घायल हुए हैं। 4 बसों में भरकर प्रदर्शनकारियों को थाने ले जाया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने लौटने का ऐलान किया। प्रदर्शनकारी दोबारा कूच न करें, इसलिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर 5 लेयर बैरिकेडिंग की है। साथ ही पत्थरों से भरे टिप्पर भी खड़े किए गए हैं। मोर्चे के नेता बाबा शेर सिंह ने कहा- '25 जनवरी को मोहाली में महापंचायत होगी, जिसमें बंदी सिखों की रिहाई का मुद्दा उठाया जाएगा। महापंचायत में देशभर से बड़े नेता पहुंचेंगे।' उधर, खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह के माता-पिता को हाउस अरेस्ट किया गया है। उनके अलावा फरीदकोट से सांसद सरबजीत सिंह खालसा, संगरूर से पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान को उनके घरों में नजरबंद किया गया है। तीनों कौमी इंसाफ मोर्चे के धरने में शामिल होने वाले थे।

◆ जेल में बंद अमृतपाल के माता-पिता हाउस अरेस्ट

अमृतपाल के पिता बोले- पूरे गांव में फोर्स तैनात की: नजरबंद होने के बाद सांसद अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह ने वीडियो जारी कर कहा- कौमी इंसाफ मोर्चा का दूसरा साल है, वहां पर बहुत बड़ा समागम हो रहा है। हमें उसमें शामिल होना था, लेकिन कल रात से ही पूरे गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। गांव की घेराबंदी की जा रही है, गांव में भी आतंक का माहौल बनाया जा रहा है। लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। भगवंत मान सरकार लोगों को अपना गुस्सा जाहिर करने का अधिकार न देकर लोकतंत्र को खत्म कर रही है। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। जब भी लोग किसी मुद्दे पर बात करने के लिए एक साथ आते हैं, तो उन्हें रोकना नहीं चाहिए। तरसेम सिंह ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मोर्चे पर पहुंचकर उनका समर्थन करें तथा जेल में बंद हमारे सिखों के अधिकारों की रक्षा करें।

सूरत में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से 6 लोग झुलसे

ब्लास्ट से दीवारें और खिड़कियां टूटीं, 3 गंभीर

एजेंसी, सूरत

सूरत के पुणागाम इलाके में राधाकृष्ण सोसायटी के एक घर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से एक ही परिवार के पांच सदस्यों सहित छह लोग झुलस गए। सभी को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायलों में तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें एक निजी अस्पताल रेफर किया गया है। आग में झुलसा परिवार बिल्डिंग में एक कमरा किराए पर लेकर रह रहा था।

दीवारें और खिड़कियां टूटीं: जांच में पता चला है कि रात में कमरे में गैस सिलेंडर लीक होने के बाद सुबह किसी चिंगारी से सिलेंडर में आग लग गई और वह ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से घर की दीवारें और खिड़कियां टूट गई थीं। कमरे में आग लगने से सभी 6 लोग झुलस गए और जान बचाने घर से बाहर भागे। आसपास के लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले पप्पू गजेंद्र भदोरिया सूरत के पुणागाम इलाके में स्थित राधाकृष्ण सोसायटी में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। गजेंद्रभाई ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। राधाकृष्ण सोसायटी के एक मकान में तीन कमरे हैं, जिनमें से एक कमरे में यह परिवार रहता है।

ट्रम्प ने कनाडा को US में मिलने का ऑफर दोहराया

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक बार फिर कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने का ऑफर दिया। ट्रम्प ने यह ऑफर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के कुछ घंटों बाद ही सोशल मीडिया के जरिए दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब कनाडा से और व्यापार घाटा नहीं सहन कर सकता और न ही उसे और ज्यादा सब्सिडी दे सकता है। कनाडा को अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए इसकी बहुत ज्यादा जरूरत है। ट्रूडो ये बात जानते थे, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अमेरिका और कनाडा में सोमवार को दो बड़े राजनीतिक घटनाक्रम हुए हुए। जहां अमेरिकी संसद में इलेक्टोरल वोट्स की गिनती के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की जीत पर मुहर लग गई। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रम्प को आधिकारिक तौर पर विजेता घोषित किया। वहीं, दूसरी तरफ जस्टिन ट्रूडो ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। ट्रूडो पर उनकी लिबरल पार्टी के सांसदों की तरफ से कई महीनों से पद छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा था। इस वजह से ट्रूडो अलग-थलग पड़ते जा रहे थे। ट्रूडो ने इस्तीफे का ऐलान करते हुए कहा कि अगर मुझे घर में लड़ाई लड़नी पड़ेगी, तो आने वाले चुनाव में सबसे बेहतर विकल्प नहीं बन पाऊंगा। कनाडा में इस साल संसदीय चुनाव होने हैं। पिछले साल 6 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत तय हो गई थी।



शाह बोले- आतंकवाद लोकतंत्र के लिए नासूर है, इसकी फंडिंग और भी खतरनाक

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार सुबह दिल्ली में भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। इस दौरान शाह ने कहा- आतंकवाद, लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ सबसे बड़ा नासूर है, जिसे हमें जीतने नहीं देना है। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। आतंकवाद की फंडिंग कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह फंड आतंकवाद को पोषित करके दुनिया के अर्थतंत्र को कमजोर करता है। शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतर्राष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाएगा। पहले CBI एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करने के लिए पहचानी गई थी, लेकिन अब भारतपोल के जरिए हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल से जुड़ पाएगी। गृह मंत्रालय ने बताया कि भारतपोल पोर्टल को CBI ने बनाया है। इससे भारत की अलग-अलग जांच एजेंसियों को अपनी जांच के लिए इंटरनेशनल पुलिस से तुरंत मदद मिलेगी। इस पोर्टल के जरिए राज्यों की पुलिस भी विदेश भाग चुके अपराधियों और उनके क्राइम की डिटेल्स इंटरपोल से मांग सकेंगी।



◆ दिल्ली में इंटरपोल से राज्य पुलिस को जोड़ने का पोर्टल लॉन्च किया

भारतपोल पोर्टल से जांच एजेंसियों को 4 सुविधा: फिलहाल CBI, इंटरपोल ऑफिसर और SP, DSP लेवल के यूनिट ऑफिसर से लेटर, ईमेल और फैक्स के जरिए ही जानकारी शेयर की जाती थी। अब भारतपोल पोर्टल की मदद से CBI केंद्र और राज्य के स्तर पर इंटरपोल ऑफिसर से डायरेक्टली जुड़ सकेगी। पोर्टल पर ही जानकारी शेयर की जाएगी। ईमेल, फैक्स की जरूरत नहीं होगी। साइबर क्राइम, फाइनेंशियल क्राइम, ऑनलाइन रेडिकलाइजेशन, ड्रग्स ट्रैफिकिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे अपराधों पर अब देश की सभी एजेंसियां एक साथ अपराधियों को ट्रैक कर सकेंगी। भारतपोल की मदद से राज्य की पुलिस भी अपराधियों के खिलाफ रेड नॉटिस सहित अन्य कलर कोड नोटिस जारी करने की प्रोसेस आसान हो सकेगी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

टीबीसीपीएल 10 ने अपने पहले उद्घाटन टी10 टेनिस बॉल लीग की घोषणा की, 8 टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी, दुबई

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग (टीबीसीपीएल10) ने आज अपने पहले टी-10 टूर्नामेंट की घोषणा की, जिसमें आठ फ्रैंचाइज़ी टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 26 मई से 5 जून, 2025 तक चलेगा। यह टूर्नामेंट, जो विशेष रूप से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा, दुनिया भर के लाखों दर्शकों के लिए टेनिस बॉल क्रिकेट का रोमांच लाने का वादा करता है। रोमांचक टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इस पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट लीग में मुंबई मावेरिक्स, दिल्ली डायनामोज, बैंगलोर ब्लास्टर्स, कोलकाता किंग्स, चंडीगढ़ चैंपियंस, हैदराबाद हंटर्स, अहमदाबाद एवेंजर्स और चेन्नई चैलेंजर्स की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की संरचना में 31 लीग मैच और उसके बाद चार प्लेऑफ गेम शामिल हैं, जो पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट के रोमांच को वैश्विक स्तर पर ले जाएंगे। एक व्यापक प्रतिभा खोज पहल में, टीबीसीपीएल 10 भारत के 50 शहरों में ट्रायल आयोजित करेगा, जिसमें उत्तर, पूर्व और मध्य क्षेत्रों के प्रमुख केंद्र शामिल हैं, जिससे देश के हर कोने से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। लीग 5-6 मई, 2025 को अपने उद्घाटन खिलाड़ी की नीलामी आयोजित करेगी, जहाँ आठ फ्रैंचाइज़ देश भर में ट्रायल के माध्यम से चुने गए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पूल से अपनी टीम बनाएंगे। क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह को टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। अपनी भूमिका को लेकर युवराज सिंह ने कहा, "मैं क्रिकेट के इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। टीबीसीपीएल10 एक ऐसा पहला टूर्नामेंट है जो इतने सारे भारतीय शहरों से एक साथ पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। अब, हम इस प्रारूप को कई शहरों में पेशेवर स्तर पर ले जा रहे हैं। यह कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए एक सपना सच होने जैसा है, जिनके पास अब अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच होगा।"

टीबीसी प्राइवेट लिमिटेड के लीग के हिस्सेदार मोहित जून ने टूर्नामेंट के अभूतपूर्व पैमाने पर जोर दिया, उन्होंने कहा, "टीबीसीपीएल 10 आठ प्रमुख भारतीय स्थानों पर एक साथ प्रतिभाओं को बढ़ावा देने वाली पहली पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट लीग के रूप में इतिहास बना रही है। 50 शहरों में ट्रायल की योजना के साथ, हम टेनिस बॉल क्रिकेट के इतिहास में सबसे व्यापक प्रतिभा खोज नेटवर्क बना रहे हैं। युवराज सिंह के साथ जुड़ना हमारे विजन को बहुत महत्व देता है, और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ हमारी साझेदारी इस रोमांचक प्रारूप के लिए सबसे व्यापक पहुंच सुनिश्चित करती है। हमें विश्वास है कि यह टूर्नामेंट टेनिस बॉल क्रिकेट को एक महत्वपूर्ण क्रिकेटिंग अवसर के रूप में क्रांतिकारी रूप से पेश करेगा जिसे अच्छी तरह से समझा और खेला जाना चाहिए।"

मलेशिया ओपन 2025: अंतिम 16 में पहुंची ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मंगलवार को मलेशिया ओपन के शुरुआती दौर में थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथपोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई को हराया।

ट्रीसा-जॉली की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। अंतिम 16 में उनका सामना या तो चीन के यी फैन जिया-शू जियान झांग या मलेशिया के पेई की गो-मेई जिंग तेओह से होगा।

मैच की बात करें तो पहला गेम भारतीयों ने जल्दी ही जीत लिया, हालांकि मैच के दूसरे गेम के ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी मुश्किल में थी, लेकिन ट्रीसा-जॉली ने बेहतरीन वापसी कर सुपर 1000 इवेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। बाद में दिन में एक्शन में शामिल अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत, अनुपमा उपाध्याय और आकर्षि कश्यप शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की वजह से पैरा एथलीटों का सम्मान बढ़ा है : सुभाष राणा

एजेंसी, नई दिल्ली

38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन इस बार उत्तराखंड कर रहा है। उत्तराखंड में इन खेलों के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों और कोचों में काफी उत्साह है। इन खेलों के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को मिलने वाले लाभ और सुविधाओं को लेकर द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चयनित पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में खुलकर अपने विचार रखे। हिन्दुस्थान समाचार को दिये साक्षात्कार में उन्होंने कहा, "उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलना बहुत बढियां हैं, पहले हम सोचते थे कि यहां आधारभूत सुविधाओं के उपलब्ध होने में हमें 15 से 20 साल लगेंगे, लेकिन अब इस आयोजन के दौरान खेलों के लिए इतना बड़ा आधारभूत ढांचा उत्तराखंड में तैयार हो जाएगा,इसकी उम्मीद नहीं थी, इन खेलों के आयोजन से स्थिति बदलेगी और अन्य प्रदेशों के खिलाड़ी भी यहां आने लगेंगे, सबसे बड़ी बात यह है कि खिलाड़ियों का पलायन रूक जाएगा। हम पहले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए लेकर बाहर जाते थे, लेकिन अब आधारभूत ढांचा तैयार हो जाएगा और हमें खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए बाहर ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में पैरा एथलीटों के हालात में हुए सुधार पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, "हमारे प्रधानमंत्री जी का खिलाड़ियों को लेकर काफी उत्साह रहता है। 2014 से पहले पैरा एथलीटों की उतनी पूछ नहीं थी, लेकिन उसके बाद पैरा एथलीटों को लेकर लोगों में उत्साह भी बढ़ा है। पहले और अब में काफी अंतर है, पहले इतनी सुविधाएं भी नहीं थी। 2014 के बाद से सुविधाएं भी बढ़ी हैं और प्रधानमंत्री जी की वजह से सम्मान भी बढ़ा है, उन्होंने पैरा खेलों को लेकर जो रूचि दिखाई है, उसका काफी फायदा हुआ है। सामान्य एथलीट और पैरा एथलीटों को उन्होंने बराबरी पर ला दिया, जिससे पैरा एथलीटों के लिए नौकरी के भी मौके खुलने लगे, और जिस तरह से वे बड़े टूर्नामेंटों में जाने से पहले मिलते हैं और पदक जीतने के बाद ही फोन पर बात भी करते हैं, उससे प्रेरणा और आगे बढ़ने की ऊर्जा भी मिलती है।"

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष चुने गए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता बहादुर सिंह सागू

एजेंसी, नई दिल्ली

एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता पूर्व गोला फेंक खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से इस शीर्ष पद पर कार्यरत आदिले सुमारिवाला का स्थान लेंगे।

51 वर्षीय सागू, जो चार साल का कार्यकाल पूरा करेंगे, ने 2002 बुसान एशियाई खेलों में शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता था और 2000 और 2004 ओलंपिक में भी भाग लिया था। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के पद की दौड़ से बाहर होने के बाद सागू अकेले उम्मीदवार रह गए थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया।

सागू ने 19.03 मीटर के थ्रो के साथ पुरुषों की शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उनका जीवनकाल का सर्वश्रेष्ठ 20.40 मीटर है और वह पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता भी हैं। शेष पदों के लिए कोई चुनाव नहीं हुआ, जो 2020 में पिछली एजीएम के दौरान हुआ था। दिल्ली इकाई के शीर्ष अधिकारी संदीप मेहता को निर्विरोध एएफआई सचिव चुना गया। वे निवर्तमान कार्यकारी परिषद में वरिष्ठ संयुक्त सचिव थे। स्टेनली जोन्स को कोषाध्यक्ष बनाया गया। 67 वर्षीय सुमारिवाला 2012 से एएफआई अध्यक्ष हैं और मौजूदा राष्ट्रीय खेल संहिता के तहत इस बार चुनाव लड़ने के पात्र नहीं थे। उनके कार्यकाल के दौरान, नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण और पेरिस खेलों में रजत पदक जीता। सुमारिवाला वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स कार्यकारी बोर्ड के सदस्य हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ब्रेक लेंगे राहुल, विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट में नहीं खेलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

बल्लेबाज के.एल. राहुल वडोदरा में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट दौर में कर्नाटक की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने वाले राहुल ब्रेक लेंगे। 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के लिए राहुल की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा।

बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जो दोनों ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे, वडोदरा में कर्नाटक के लिए खेलेंगे। पडिक्कल ने पर्थ में पहला टेस्ट खेला था, जबकि प्रसिद्ध को पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुलाया गया। तेज गेंदबाज वी. वैशाख चोट के कारण नॉकआउट दौर से बाहर हो गए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक का सामना शनिवार को वडोदरा से होगा।

कर्नाटक की टीम इस प्रकार है : मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, निकिन जोस, के.वी. अनीश, आर. स्मरण, के.एल. श्रीजीत, अभिनव मनोहर, श्रेयस गोपाल (उप कप्तान), हार्दिक राज, प्रसिद्ध कृष्णा, वी. कौशिक, विद्याधर पाटिल, अभिलाष शेट्टी, प्रवीण दुबे, लवनिथ सिसौदिया, यशोवर्धन परंतप।

एएफसी एशियन कप 2027 का आयोजन 7 जनवरी से, पांच स्टेडियम में खेले जाएंगे मैच

एजेंसी, नई दिल्ली



एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) एशिया कप 2027 की शुरुआत 7 जनवरी से होगी और समापन 5 फरवरी को होगा। एएफसी ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। इसके अलावा, महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए पांच स्टेडियमों की पुष्टि की गई है, जिसमें किंग फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम, किंग सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, इमाम मोहम्मद इब्न सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, किंगडम एरिना और अल शबाब स्टेडियम शामिल हैं। भारत द्वारा अपनी बोली वापस लेने के बाद, 2023 में एशियाई कप के 2027 संस्करण के लिए सऊदी अरब को मेजबान घोषित किया गया। पिछले संस्करण की मेजबानी कतर ने की थी। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष यासर अल मिसेहल ने कहा, "एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए तारीखों की पुष्टि और स्टेडियमों का चयन करना टूर्नामेंट की मेजबानी की हमारी यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है।" इस साल मार्च में शुरू होने वाले क्वालीफायर के तीसरे दौर के साथ अठारह देशों ने पहले ही अपनी जगहें बुक कर ली हैं। भारत को सिंगापुर, हांगकांग और बांग्लादेश के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम में शामिल हुए फिटनेस से जूझ रहे किर्गियोस

एजेंसी, नई दिल्ली



पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट निक किर्गियोस को इस महीने के अंत में स्वीडन के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए अप्रत्याशित रूप से ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। 29 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तान लेटन हेविट ने दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर, जॉर्डन थॉम्पसन और थानासी कोकिनाकिस के साथ 31 जनवरी और 1 फरवरी को स्टॉकहोम में होने वाले मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप में चुना है।

किर्गियोस को घुटने, पैर और कलाई की चोटों के कारण 2022 से फिटनेस के लिए संघर्ष करने के बावजूद चुना गया है, जबकि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है। पिछले सप्ताह ब्रिसबेन इंटरनेशनल से बाहर होने के बाद उन्होंने ग्रैंड स्लैम टेनिस के तनाव को संभालने की अपनी क्षमता पर संदेह जताया, जिसमें जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा। पिछले मंगलवार को मिली हार के बाद उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मुझे लगभग चमत्कार की जरूरत है और मुझे अपनी कलाई को ग्रैंड स्लैम में टिकाए रखने के लिए सितारों की तरह संरेखित होने की जरूरत है।" डेविस कप टीम में किर्गियोस के शामिल होने से वह कोकिनाकिस के साथ अपनी युगल साझेदारी को फिर से जीवंत कर सकते हैं, जिसके साथ उन्होंने तीन साल पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल खिताब जीता था। उन्होंने आखिरी बार नवंबर 2019 में डेविस कप खेला था और 2022 में विंबलडन के फाइनल में पहुंचे थे, जहां वह नोवाक जोकोविच से चार सेटों में हार गए थे।

अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने खो खो वर्ल्ड कप मैचों के नियम नोटिफाई किये

एजेंसी, नई दिल्ली

KHO KHO WORLD CUP INDIA 2025

अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाने वाले खो खो वर्ल्ड कप मैचों के लिए नए नियम नोटिफाई किये हैं। यह नियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खो खो मैचों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू किये गए हैं। अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने एक बयान में बताया कि खो खो मैच की अवधि 50 मिनट तय की गई है और मैच से पहले टॉस के माध्यम से दोनों टीमों को अटैकिंग और डिफेंस का विकल्प चुनने का मौका मिलेगा। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे, जिसमें से फील्ड में 12 खिलाड़ी खेलेंगे जबकि तीन बचे खिलाडी सब्सिट्यूट होंगे। सेंट्रल लेन को पार करना, जल्दी उठ जाना, पीछे हटना और दिशा बदलना फाउल माना जायेगा। खो खो वर्ल्ड कप के लिए खेल का मैदान 26 X 20 मीटर साइज आयताकार होगा। नियमों के अनुसार प्रत्येक मैच दो इनिंग का होगा। प्रत्येक इनिंग 7 मिनट्स की अटैकिंग और डिफेंसिव टर्न में विभाजित होगी। प्रत्येक इनिंग के बाद चार मिनट का इंटरवल होगा और टर्न्स के बीच तीन मिनट का ब्रेक होगा। टर्न के शुरुआत में तीन डिफेंडर्स बैच के रूप में डिफेन्स के लिए खेल के मैदान में शामिल होंगे। जब तीनो डिफेंडर्स को आउट घोषित कर दिया जाएगा तो 30 सेकण्ड्स का ब्रेक पीरियड होगा। डिफेंडर्स के अगले बैच को एंट्री जोन के माध्यम से 30 सेकण्ड के अन्दर मैदान में प्रवेश करना पड़ेगा और अगर वह निर्धारित समय अवधि के अन्दर खेल के मैदान में प्रवेश नहीं करते हैं तो उन्हें लेट एंट्री के लिए आउट करार दिया जायेगा। अगर डिफेंडिंग टीम का कोई बैच तीन मिनट तक फील्ड में डटा रहता है तो उसे एक अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा और इसके बाद प्रत्येक 30 सेकण्ड के लिए एक अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। "खो" को कार्यान्वित करने के लिए अटैकर बैठे हुए अटैकर की पीठ को अपनी हथेली/हाथ से छूएगा और तत्काल जोर से "खो" शब्द का उच्चारण करेगा, जोकि अंपायर/रेफरी को सुनाई देना चाहिए। अटैकिंग टीम को प्रत्येक सफल आउट के लिए दो अंक मिलेंगे। प्रत्येक टीम को दो रिव्यू की अनुमति होगी। दो इनिंग के अंत में ज्यादा नम्बर पाने वाली टीम विजय घोषित की जाएगी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

इस रेस्टोरेंट में घुसते ही थप्पड़ खाते हैं लोग, फिर भी खाने के लिए लगी रहती है भीड़

यूं तो आपने कई रेस्टोरेंट में खाना खाया होगा। हर जगह गजब का स्वागत होता है। जिसे देखकर लगता है कि इस रेस्टोरेंट के लिए आप ही देवता हैं। लेकिन हम आज आपको आपको एक ऐसे रेस्टोरेंट के बारे में बताने जा रहे हैं जहां ग्राहकों का स्वागत थप्पड़ मारकर होता है। जी हां, इस रेस्टोरेंट में ग्राहकों का स्वागत वेटरेस थप्पड़ मारकर करती हैं। थप्पड़ मारे जाने के कारण ही ये रेस्टोरेंट पूरी दुनिया में फेमस है।

इस रेस्टोरेंट में थप्पड़ों से होता है ग्राहकों का स्वागत

इस रेस्टोरेंट का नाम Shachihokoya-ya है। जो कि जापान के नागोया में स्थित है। इस रेस्टोरेंट में सबसे बड़ी बात तो ये है कि यहां थप्पड़ खाने के लिए लोग पैसे भी देते हैं। लोग थप्पड़ खाने के लिए 300 जापानी येन यानी कि 169 रुपए खर्च करते हैं। जिसमें कीमोनो पहने वेटरेस थप्पड़ मारती हैं। कई बार तो ऐसा भी होता है कि वेटरेस इतना जोर का थप्पड़ मारती हैं कि इंसान अपनी जगह से नीचे गिर जाता है। इससे रेस्टोरेंट को और भी फायदा हुआ है।

पैसे देकर लोग खाते हैं थप्पड़

थप्पड़ खाने के लिए लोग इतने उतावले होने लगें कि रेस्टोरेंट को और भी महिला स्टाफ को नौकरी पर रखना पड़ा गया। यहां कोई पुरूष थप्पड़ नहीं मार सकता इसलिए महिला वेटरेस को इस काम पर रखा गया है। इस रेस्टोरेंट में आप अपनी पसंद की वेटरेस से भी थप्पड़ खा सकते हैं। इसके लिए आपको 300 जापानी येन के बदले 500 जापानी येन यानी करीब 283 रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

थप्पड़ मारे जाने के पीछे की कहानी

इस रेस्टोरेंट में थप्पड़ मारने की कहानी भी बेहद शानदार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, Shachihokoya-ya को साल 2012 में खोला गया था। कुछ समय बाद ही ये बंद होने की कागार पर था लेकिन उसी वक्त ग्राहकों को थप्पड़ मारने की शुरुआत की गई। स्टाफ लोगों के अनोखे स्वागत के लिए थप्पड़ मारने लगे। जिसके बाद रेस्टोरेंट का बिजनेस काफी तेजी से बढ़ने लगा।



1100 फीट ऊंची चट्टान पर बना है श्रीलंका का प्राचीन सिगिरिया रॉक किला

सिगिरिया श्रीलंका में 5वीं शताब्दी ईस्वी का एक चट्टानी किला है. जिसे 'शेर किला' और चट्टान को 'लॉयन रॉक' के नाम से भी जाना जाता है. सिगिरिया एक खड़ी चट्टान है, जो समुद्र तल से 1144 फीट और आसपास के मैदान से 600 फीट ऊंची है. ये किला इसी चट्टान के ऊपर बना हुआ है, जिस तक पहुंचने के लिए लोगों को 1258 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं. कभी ये किला भव्य हुआ करता था, लेकिन अब उसके खंडहर ही शेष बचे हैं, जिन्हें देखकर लोग हैरान रह जाते हैं.

चट्टान के शिखर और किले के खंडहरों तक पहुंचने के लिए लोग सीढ़ियों से चढ़ते हैं. किले तक पहुंचने की सीढ़ियां के द्वार पर शेर के दो पंजें चट्टान को काटकर बनाए गए हैं, जिसे 'लॉयन गेट' के नाम से जाना जाता है. साथ ही चट्टान के चारों ओर का हरे-भरे पेड़ों से घिरा इलाका दिखता है.

किसने बनवाया था ये किला?

रिपोर्ट के अनुसार, सिगिरिया किले को राजा कश्यप प्रथम ने बनवाया था. उन्होंने 477-495 A.D. तक सिंहली राजवंश पर शासन किया था. 495 A.D. में कश्यप के पराजित होने तक यह भव्य किला सिंहली साम्राज्य की राजधानी था. इस किले में आज भी लोग किले के खंडहरों, बगीचों, खंदकों, दर्पण की दीवार और भित्तिचित्रों को देख सकते हैं. ये भित्तिचित्र अप्सराओं, दिव्य गायकों और नर्तकियों के हैं.

विश्व धरोहर स्थल है सिगिरिया

सिगिरिया श्रीलंका के सबसे अहम ऐतिहासिक स्मारकों में से एक है और संभवतः देश में सबसे अधिक देखा जाने वाला पर्यटन स्थल भी है. यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है. कुछ लोग कहते हैं कि यह श्रीलंका के पर्यटक स्थलों में सबसे अधिक प्रसिद्ध चट्टान है. बड़ी संख्या में पर्यटक इस चट्टानी किले को देखने के लिए आते हैं, इसलिए भीड़ से बचने के लिए आपको सुबह जल्दी ही किले तक पहुंचना चाहिए. चट्टान की चोटी तक लगभग 1,258 सीढ़ियां हैं, जहां से आपको मनोरम दृश्यों का आनंद मिलेगा.

किले की भव्यता देख दुनिया हैरान

श्रीलंका में एक विशालकाय चट्टान के ऊपर एक खोए हुए प्राचीन शहर की खोज से पुरातत्वविद और इतिहासकार हैरान हैं। श्रीलंका के मध्य में मौजूद सिगरिया शहर के खंडहर यहां आने वालों को आश्चर्य से भर देते हैं। अवशेष बताते हैं कि यह एक विशाल नगर था, जो पहली नजर में किसी राजा की राजधानी जैसा मालूम पड़ता है। यह एक ऊंची चट्टान पर स्थित है और इसके निर्माण की तकनीक आज भी पुरातत्वों को चकित कर देती है। ये अपने दौर की शानदार इंजीनियरिंग का नमूना पेश करता है।

रावण से सिगरिया का संबंध

इतिहास की किताबों से अलग, कई इतिहासकार ऐसे भी हैं जो सिगरिया का संबंध रामायण में बताए गए लंकापति रावण से जोड़ते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस चट्टान के शीर्ष पर 5000 साल पहले रावण का महल हुआ था, जिसे धन देवता कुबेर ने बनाया था। इस जगह पर एक नजर डालने पर आपको इसके वास्तुशिल्प का अंदाजा लग पाएगा। कहा जाता है कि इस महल में 1000 सीढ़ियों के साथ ही शीर्ष पर जाने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल किया जाता था। पांच हजार साल पहले लिफ्ट की कल्पना ही रोमांचित करने वाली है।

चट्टान के नीचे गुफाओं में किया था सीता को कैद

चट्टानी पठान के नीचे की ओर देखने पर इसमें कई गुफाएं नजर आती हैं। मान्यता है कि जब रावण ने सीता का अपहरण करने के बाद उन्हें कैद करने के बाद इन्हीं गुफाओं में से एक में रखा था। गुफा की दीवारों पर अभी भी बहुत सारे चमकीले भित्ति चित्र दिखाई देते हैं जो रायाण के युग की कहानी को दिखाते हैं। इन चित्रों में कई महिलाओं के चित्र भी हैं, जिनसे बारे में माना जाता है कि यह रावण की कई पत्नियों के चित्र हैं।

बौद्ध मठ की भी चर्चा

अगर पौराणिक कथाओं को छोड़ दें तो सिगिरिया को एक समय प्रसिद्ध बौद्ध मठ भी माना जाता था। ऐसा माना जाता है कि 14वीं शताब्दी तक यहां बौद्ध भिक्षु रहा करते थे। हालांकि, इस तथ्य की पुष्टि के लिए आज सबूत नहीं है या फिर इस बात का पता नहीं चलता कि आखिर इसे अचानक क्यों और कैसे छोड़ दिया गया।



यहां पर है रावण का महल!

दक्षिण एशिया के खूबसूरत में देशों में श्रीलंका भी शामिल है। देखा जाए तो श्रीलंका एक छोटा देश है, लेकिन यह बेहद खूबसूरत देश है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का अहम योगदान है। बताया जाता है कि यहां पर आपको भगवान श्री राम और रावण की लंका से जुड़े कई प्रमाण मिलते हैं। इन प्रमाणों में श्रीलंका में स्थित सिगिरिया रॉक किला भी शामिल है। यह एक एक प्राचीन एवं पौराणिक किला है, जहां पर कई पुरानी कलाकृतियों और प्राचीन सभ्यता देखने को मिलती है। कहा जाता है कि सिगिरिया कभी रावण की लंका हुआ करती थी। लोगों का मानना है कि यहां पर स्थित एक चट्टान पर रावण का महल था। इस महल में सुरक्षित रूप से रहता था। बताया जाता है कि महल के पास रावण के पुष्पक विमान के लिए एक खास हवाई पट्टी थी।

कहा जाता है कि लंकापति रावण का साम्राज्य मध्य श्रीलंका में, बदुल्ला, अनुराधापुरा, केंडी, पोलोन्नुरुवा और नुवारा एलिया जैसे स्थानों तक फैला था। कहा जाता है कि इस महल का निर्माण कुबेर ने किया था। सिगरिया रॉक चट्टान की चोटी पर एक प्राचीन महल का अवशेष है। यह सीढ़ीदार बगीचे, तालाब, नहर, फव्वारों से घिरा हुआ है। कहा जाता है कि रावण ने माता सीता को कुछ दिन के लिए यहां पर रखा था। इसके बाद उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया गया था। महल की खासियत यह है कि यह बेहद ऊंचाई पर मौजूद है। इसके बावजूद भी यहां पर बेहद खास तरीके से पानी का सिस्टम तैयार किया गया है। यहां पर रानियों के लिए बाग भी थे। बताया जाता है कि रावण के महल में जाने के लिए करीब 1000 सीढ़ियां थीं। इसके साथ ही लंकापित और उसके करीबियों के लिए सबसे ऊपर जाने के लिए लिफ्ट भी थी।



चट्टानी ज्वालामुखी से निकले लावा से बना था श्रीलंका का सिगरिया रॉक

पड़ोसी देश श्रीलंका टूरिज्म के लिहाज से बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां का सबसे खास टूरिस्ट स्पॉट है सिगरिया रॉक। इसे पांचवी सदी में बनाया गया था और लोग आठवां अजूबा मानते हैं। यह श्रीलंका का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला पर्यटन स्थल है। अगर ऐतिहासिक स्थलों को देखना पसंद करते हैं तो यहां जा सकते हैं।

तीसरी शताब्दी में यह जगह मठ के लिए जानी जाती थी

ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के कारण इसे देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं। यह चट्टानी पठार ज्वालामुखी से निकले लावा से बना है। यहां के नजारे मनुष्य और प्रकृति के बीच एक अनूठे संबंधों को दर्शाते हैं। तीसरी शताब्दी से यह जगह मठ के लिए जानी जाती रही। यहां सीढ़ीदार बगीचे, झीलें और तालाब भी हैं। यहां के महल और किले के परिसर को प्राचीन शहरी नियोजन के बेहतरीन उदाहरणों में से एक माना जाता है।

राजा कश्यप ने 5वीं शताब्दी में यहां रॉयल रेसीडेंस बनने का निर्णय लिया था, लेकिन राजा की मृत्यु के बाद यह जगह फिर बौद्ध मठ के रूप में 14वीं शताब्दी तक ख्याति प्राप्त करती रही। इसका प्रवेशद्वार चट्टान के उत्तरी हिस्से से है। इस चट्टान को इस तरह डिजाइन किया गया कि यह स्टोन लॉयन की तरह दिखाई देती है। हालांकि लॉयननुमा चट्टान का निचला हिस्सा यानी पैर वैसे के वैसे ही हैं, लेकिन ऊपरी संरचना क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। इसका नाम सिगरिया पड़ गया, जिसका अर्थ होता है लॉयन रॉक।

सिगरिया की पश्चिमी दीवार भित्तिचित्रों से ढकी थी, जो कश्यप के शासनकाल के दौरान बनी थी। इनमें से 18 भित्ति चित्र आज तक देखे जा सकते हैं। इन चित्रों में नारी सौंदर्य से जुड़े विषय हैं। सिगरिया की सबसे खासियत इसकी मिरर वॉल है। प्राचीन समय में इसकी ऐसी देखभाल की जाती थी कि राजा इसमें अपना प्रतिबिंब देख सकते थे। मिरर वॉल पर सिगिरिया में आने लोगों के लिए लिखे गए शिलालेखों और कविताओं के साथ चित्रित किया गया है। सबसे प्राचीन शिलालेख 8वीं शताब्दी के हैं। शिलालेख बताते हैं कि सिगरिया एक हजार साल पहले भी पर्यटन स्थल था। यहां की इमारतों और उद्यानों से पता चलता है कि इस अद्भुत वास्तुशिल्प स्मारक के रचनाकारों ने अद्वितीय और रचनात्मक तकनीकी कौशल का प्रयोग किया था।

कुदरत का चमत्कार हैं झील किनारे मौजूद ये स्तंभ, आखिर क्या है रहस्य?

क्रॉली लेक कॉलम एक अनोखी भूवैज्ञानिक संरचना है जो कैलिफोर्निया के मोनो काउंटी में क्रॉली झील के पूर्वी तट पर स्थित है। ये आकर्षक स्तंभ ज्वालामुखीय चट्टान से बने हैं और 760,000 साल पहले एक विशाल ज्वालामुखी विस्फोट के परिणामस्वरूप बने थे।

कैलिफोर्निया के मोनो काउंटी में क्रॉली झील है, जिसके पूर्वी किनारे पर हजारों की संख्या में रहस्यमयी स्तंभ मौजूद हैं. इनको क्रॉली लेक कॉलम्स के नाम से जाना जाता है, जिनकी बनावट अजीबोगरीब है, जिन्हें देखकर लोग हैरान रह जाते हैं. इन स्तंभों कुदरत का चमत्कार बताया जाता है, क्योंकि ये कैसे बनाए गए, कब इनका निर्माण हुआ और इनका क्या रहस्य है. इन सवालों पर आज भी चर्चा होती है.

कैसी है स्तंभों की बनावट

रिपोर्ट के अनुसार, क्रॉली लेक कॉलम्स जियोलॉजिकल संरचनाओं का एक ग्रुप है. ये स्तंभ 20 फीट तक ऊंचे हैं, जो ऊंचे मेहराबों से जुड़े हुए हैं. अक्सर इनकी तुलना एक प्राचीन मूरिश मंदिर के खंडहरों से की जाती है. स्तंभों को लेकर स्टडी कर रहे पीएचडी स्कॉलर नूह रैंडोल्फ-फ्लैग ने अहम जानकारी बताई. नूह रैंडोल्फ-फ्लैग के मुताबिक, क्रॉली झील के पूर्व में 2 से 3 वर्ग मील क्षेत्र में 5,000 से अधिक स्तंभ मौजूद हैं, जिनके आकार में विविधता देखी जाती है. कई स्तंभ भूरे रंग के हैं, जो टेलीफोन के खंभों की तरह सीधे हैं. कुछ स्तंभ लाल-नारंगी रंग के हैं. कुछ मुड़े हुए हैं, या सभी एक ही कोण पर झुके हुए हैं. स्तंभ आकार में षट्कोणीय हैं, लेकिन वे पंचकोणीय या वर्गाकार भी हो सकते हैं.

क्या है इन स्तंभों का रहस्य?

आखिर इन स्तंभों का निर्माण कैसे हुआ इसको लेकर बर्कले स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया की स्टडी सामने आई है. रिसर्चर्स ने निर्धारित किया है कि स्तंभों का निर्माण 760,000 साल पहले एक प्रलयकारी विस्फोट द्वारा उगली गई गर्म ज्वालामुखी राख, पानी के नीचे रिसने और भाप के ऊपर उठने से हुआ था. लेकिन बड़ा सवाल ये है कि स्तंभों के बीच समान स्थान कैसे बनाए गए, यही क्रॉली लेक कॉलम्स का रहस्य है.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

साउथ इंडस्ट्री में काम करना चाहते हैं डायरेक्टर अनुराग कश्यप

डायरेक्टर और एक्टर अनुराग कश्यप ने हाल ही में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने मुंबई छोड़ने का फैसला कर लिया है। डायरेक्टर ने कहा कि उनके अंदर अब फिल्म बनाने की कोई एक्साइटमेंट नहीं बची है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में रिस्क फैक्टर कम होने और रीमेक बनने को लेकर भी बात की है।

फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट खत्म हो गई अनुराग

अनुराग कश्यप ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें कुछ नया करने को नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से उनके अंदर फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट खत्म हो गई है। उनको लगता है कि इसका कारण एक्टर्स की टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी हैं क्योंकि टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी ने एक नया ट्रेंड शुरू कर दिया है, जिसमें एक्टर्स को एक्टिंग पर नहीं स्टार बनने पर ज्यादा ध्यान देना होता है।

अपनी फिल्मों में कोई एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकता

अनुराग ने कहा कि आज के समय में मैं बाहर जाकर कोई नई अलग तरह की फिल्म नहीं बना सकता, मैं अपनी फिल्मों में कोई एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकता। क्योंकि अब सब कुछ पैसे पर आ गया है। जिसमें प्रोड्यूसर्स सिर्फ प्रॉफिट और मार्जिन के बारे में सोचते हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले ही सब तय किया जाता है कि फिल्म को कैसे बेचेंगे और कितना प्रॉफिट होगा। तो फिल्म बनाने का मजा खत्म हो जाता है। डायरेक्टर ने आगे कहा- मैं अगले साल मुंबई छोड़कर साउथ में शिफ्ट हो जाउंगा। मैं वहां जाना चाहता हूं जहां काम करने के लिए सब एक्साइटेड रहें। वरना मैं एक बूढ़े आदमी की तरह जिंदगी बिता कर मर जाउंगा। मैं अपनी बॉलिवुड इंडस्ट्री से काफी परेशान और निराश हो गया हूं। मैं इंडस्ट्री के लोगों की सोच से भी काफी परेशान हूं। बॉलीवुड में सिर्फ रीमेक बन रहा है- अनुराग अनुराग ने इंडस्ट्री की सोच को लेकर भी बात की है। उन्होंने कहा- बॉलीवुड में सिर्फ रीमेक बन रहा है। फिल्म मेकर्स कुछ भी नया नहीं करना चाहते हैं। इसी मानसिकता से मैं काफी थक गया हूं। एजेंसियां एक्टर्स का माइंडवॉश कर रही हैं और उन्हें ग्लेमर का लालच देकर स्टार बना रही हैं और खुद पैसे कमा रही हैं। वे उन्हें वर्कशॉप के लिए भेजने की जगह जिम भेजना चाहते हैं।

दोस्तों ने छोड़ा साथ- अनुराग कश्यप

अनुराग कश्यप ने कहा कि वह इंडस्ट्री में जिन एक्टर्स को अपना दोस्त मानते थे, उन लोगों ने भी उन्हें अकेला छोड़ दिया है।

रश्मिका ने पांच महीने तक छावा के लिए भाषा सीखी

फिल्म छावा में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी, महारानी येसूबाई भोसले का किरदार निभा रही हैं। एक मराठी महारानी का किरदार निभाना रश्मिका के लिए सिर्फ एक मौका नहीं, बल्कि एक सपना था। हाल ही में बातचीत के दौरान, रश्मिका ने बताया कि उनका सपना खुद को महारानी के रोल में देखना था, जो 'छावा' से पूरा हुआ। बता दें, इस किरदार के लिए रश्मिका ने पांच महीने तक रोजाना 3-4 घंटे भाषा सीखने में बिताए।

महारानी का किरदार निभाना सपना था

रश्मिका ने कहा, इस फिल्म के लिए मैंने बहुत ज्यादा मेहनत की है। लेकिन यह वही है जो मैंने हमेशा चाहा था। जब मैंने एक्टर बनने का सपना देखा, तब से ऐसी ऐतिहासिक फिल्म में काम करने की इच्छा थी। हमारे इतिहास, परंपराओं और संस्कृति की भव्यता मुझे हमेशा आकर्षित करती है। 'छावा जैसी फिल्म में काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। मैं हमेशा से खुद को एक राजसी दुनिया में, किसी महारानी के रूप में, शाही महल, शानदार डांस और इतिहास के बीच देखने का सपना देखती थी। जब यह फिल्म मेरे पास आई तो मैं बहुत उत्साहित थी। यह लक्ष्मण उतेकर सर की दूरदृष्टि थी जिसने इसे खास बनाया। उन्होंने मुझे पहली बार कहानी सुनाते समय कहा था कि वह मुझे एक महाराष्ट्रीयन क्वीन के रूप में देखना चाहते हैं। मेरी शक्ल-सूरत, मेरे चेहरे के फीचर्स - सब कुछ इस किरदार के लिए परफेक्ट थे। यह एक ऐसी फिल्म है जो आपको गर्व महसूस कराएगी। यह न केवल भव्य है बल्कि दिल को छूने वाली भी है।

पांच महीने तक सीखी भाषा

किरदार की तैयारी को लेकर एक्ट्रेस ने आगे कहा, सबसे बड़ी तैयारी लैंग्वेज को लेकर रही। हिंदी मेरी मातृभाषा नहीं है। यह भाषा मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है लेकिन मेरी ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था। फिर जब आपको एक क्वीन का किरदार निभाना हो, तो आपको हर चीज पर पकड़ बनानी होती है- चाल, बोलचाल, अंदाज- सबकुछ। डायलॉग के लिए मैंने हर दिन तीन से चार घंटे मेहनत की। यह सिलसिला पांच महीनों तक चला। हर शब्द, हर वाक्य को मैं इस तरह सीखती थी जैसे यह मेरी अपनी जुबान हो। मेरे लिए यह सिर्फ किरदार निभाने की बात नहीं थी, बल्कि उस किरदार की आत्मा को जीने की कोशिश थी। इस दौरान मैंने यह भी सीखा कि भाषा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से भी बनती है। लक्ष्मण सर कहते थे, 'जब लोग तुम्हें सुनेंगे, तो वे भूल जाएंगे कि तुम दक्षिण से आई हो या उत्तर से। उन्हें केवल तुम्हारा किरदार दिखेगा। मैं खुश हूं कि हमने यह हासिल किया। 'छावा मेरी अब तक की सबसे मेहनती जर्नी रही है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है।

सलमान खान के साथ सेट पर हर दिन एक यादगार पल होता

बता दें, रश्मिका सलमान खान के साथ फिल्म 'सिकंदर में भी हैं। उनके साथ काम करने के अनुभव को लेकर उन्होंने कहा, सलमान खान के साथ काम करना... क्या कहूं। यह मेरे करियर का एक बेहद खास मौका है। सेट पर हर दिन एक यादगार पल होता है। सलमान सर सबसे स्वीट और विनम्र इंसान हैं। जब वो सेट पर होते हैं, तो माहौल अपने आप हल्का-फुल्का और मजेदार हो जाता है। सब हंसते हैं, मस्ती करते हैं लेकिन साथ ही काम को लेकर पूरा फोकस भी रखते हैं। उनके साथ काम करना न सिर्फ एक सम्मान है, बल्कि उनके साथ वक्त बिताना भी बहुत कुछ सीखा जाता है। जब मुझे पता चला कि मैं सलमान के साथ फिल्म कर रही हूं, तो यकीन मानिए, मैं बहुत नर्वस थी लेकिन सलमान सर का जादू ही ऐसा है कि वो सबको तुरंत कंफर्टेबल महसूस कराते हैं। उनका स्वभाव इतना आरामदायक है कि आपको लगता ही नहीं कि आप एक लिविंग लेजेंड के साथ काम कर रहे हैं। उनके साथ काम करना न सिर्फ एक अनुभव है, बल्कि यह उन यादों में शामिल है जो मैं जिंदगी भर सहेजकर रखूंगी।

ग्राउंड जीरो में पहली बार एक आर्मी अफसर के रोल में नजर आएंगे इमरान

इमरान हाशमी का एक अधूरा ख्वाब नए साल में पूरा होने जा रहा है। वह लंबे समय से आर्मी अफसर के रोल निभाने को बेताब थे। हालांकि उन्होंने टाइगर 3 में पाकिस्तानी आर्मी मैन का रोल किया था पर इंडियन आर्मी अफसर का रोल किया था। अपने ही प्रोडक्शन से उनकी कैप्टन नवाब में वह इंडियन आर्मी अफसर का किरदार निभाने बाले थे पर वह फिल्म आगे नहीं बढ़ पाई। अब आखिरकार फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के बैनर से ग्राउंड जीरो में वह पहली बार बल सेना अफसर के रोल में दिखेंगे। यह फिल्म पार्लियामेंट अटैक के बाद उसके मास्टर माइंड के शिकार की कहानी है। इमरान इसमें बीएसएफ सेकंड इन कमांड नरेंद्र नाथ धर दुबे से इंस्पायर्ड शख्स के रोल में होंगे। इसे तेजस प्रभास और विजय देउस्कर ने मिलकर डायरेक्ट किया है। तेजस ने इससे पहले रकुल प्रीत सिंह स्टारर छतरीवाली डायरेक्ट की थी। वह कॉमेडी फिल्म थी। यह विशुद्ध एक्शन फिल्म है।

फिल्म की स्क्रिप्ट बीएसएफ की असल मुहिम पर केंद्रित है...

फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया, संचित गुप्ता और प्रियदर्शी श्रीवास्तव द्वारा लिखी गई इस फिल्म में पुनीत तिवारी, जोया हुसैन, साई ताम्हणकर, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना, दीपक परमेश और ललित प्रभाकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। मुकेश हाल के बरसों में कॉमिडी रोल ज्यादा करते रहे हैं पर यहां वह भी इमरान के साथ संसद हमलों के साजिशकर्ताओं की खोज में नजर आएंगे। स्क्रिप्ट को बीएसएफ की असल मुहिम पर केंद्रित किया गया है। इस तरह यह नीरज पांडे की स्पेशल ऑप्स से अलग है। इसमें खुफिया विभाग का चैप्टर ही नहीं है। पूरी तरह आर्मी जवानों की बहादुरी को दिखाया गया है।

सूत्र कहते हैं. यहां ग्राउंड जीरो में हालांकि मेकर्स ने सीधे तौर पर अफजल गुरू और गाजी बाबा की दबिश और एक्शन पर फोकस किया गया है। अफजल गुरू की युवावस्था का रोल पुनीत तिवारी ने प्ले किया है। जोया हुसैन और मुकेश तिवारी बीए?सएफ जवान ग्रुप से हैं। फिल्म के ज्यादातर हिस्सों की शूटिंग कश्मीर और उसके आस-पास हुई है। सिर्फ कुछेक धमाकों और हमलों के लिए मुंबई के एक्सेल के स्टूडियोज में ही कश्मीर का सेट क्रिएट कर सीक्वेंस फिल्माया गया। वहां भी सीन प्रामाणिक लगे, उसकी खातिर 400 से ज्यादा कश्मीरी युवाओं को कश्मीर से मुंबई बुलाया गया। वह इसलिए कि काफी धमाके भरे सीन फिल्माने थे। उसकी परमिशन कश्मीर में नहीं मिली थी।

शूटिंग के दौरान इंडियन आर्मी से मेकर्स को काफी मदद मिली

सूत्र बताते हैं. सेट पर शूट के दौरान एक दिन पत्थरबाजी को घटना भी हुई। हालांकि उसे आधिकारिक नहीं किया गया। बाद में कहा गया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ, जबकि वह घटना हुई थी। बहरहाल, बाकी के दिनों में शूटिंग में कोई दिक्कत नहीं आई। इमरान का हैवी एक्शन फिल्म में हैं। पहले फिल्म में परवेज शेख ने एक्शन की कोरियोग्राफी की थी मगर कुछ सीन फरहान को पसंद नहीं आए तो सुनील राड्रिम्स से एक्शन डिजाइन करवाया। पहलगाम के अलावा बीएसएफ के कैंप में अधिकारियों के ऑब्जर्वेशन में ही पूरी शूटिंग की गई। उनकी ओर से हथियार आदि मुहैया करवाए गए।

अक्षय ने की भूत बंगला की शूटिंग शुरू

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी कई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों की रिलीज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसमें स्काई फोर्स, वेलकम टू द जंगल, जॉली एल एल बी 2 और भूत बंगला शामिल हैं। लेकिन इन सभी में से सबसे ज्यादा चर्चा हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की हो रही है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। बॉलीवुड खिलाड़ी कुमार अक्षय अपनी आगामी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार प्रियदर्शन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, जिनमें हेरा फेरी, भूल भुलैया, गरम मसाला और बाकी कई बेहतरीन फिल्में शामिल हैं। पिछले महीने मुंबई में फिल्मांकन के बाद जयपुर में इस शेड्यूल की शूटिंग की जाएगी। अब टीम गुलाबी नगरी जयपुर के लिए रवाना हो चुकी है, जहां हॉरर-कॉमेडी का अगला शूट शुरू किया जा रहा है। प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की आगामी फिल्म भूत बंगला रोमांच और हंसी का एक बेहतरीन मिश्रण होने का वादा करता है, क्योंकि यह फिल्म एक कॉमेडी ट्विस्ट के साथ भूतहा घर की शैली को दर्शाती है।

आज की जेनरेशन में ठहराव नहीं, उनकी सोच इंस्टाग्राम रील की तरह छोटी

आजकल की पीढ़ी सोशल मीडिया और उसकी दुनिया में पूरी तरह घिरी हुई है। इन सबके बीच, एक्ट्रेस नेहा जोशी ने हाल ही में इंटरव्यू में इस पर अपने विचार व्यक्त किए। नेहा ने कहा, मुझे लगता है कि आज की पीढ़ी बहुत भाग रही है। उनका ध्यान भी रील की तरह बहुत छोटा हो गया है। आज की जेनरेशन में ठहराव नहीं है। उनके केवल चमक दिख रही है। असली मेहनत और लगन अब पीछे रह गए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जो लोग कला के फील्ड में असली मेहनत करते हैं, वे एक अलग ही दुनिया में होते हैं। अगर आप कलाकार हैं, तो आपको अपनी कला का प्रदर्शन करना है। नेहा का मानना है कि आजकल की पीढ़ी भटक रही है, लेकिन आखरी में वे अपनी जड़ों तक लौट आएंगे। देखिए, मेरा मानना है कि हमें अपने जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए। यही तो भारतीय होने का हमारा असली रूप है। तपस्या, रियाज और ठहराव, ये हमारे सबसे बड़े गुण हैं। हम भारतीय होने के नाते अपनी जड़ों और इतिहास से जुड़े रहकर ही आगे बढ़ सकते हैं। नेहा का मानना है कि अटल जैसे शोज और प्रोजेक्ट्स बहुत जरूरी हैं क्योंकि ये बच्चों और उनके माता-पिता को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स बच्चों को यह सिखाते हैं कि उनका इतिहास और संस्कृति क्या है, जिससे उन्हें अपनी पहचान समझने में मदद मिलती है। बता दें, अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म दृश्यम 2 में पुलिस स्पाई ऑफिसर जेनी थॉमस का रोल कर चुकीं नेहा जोशी इन दिनों टीवी सीरियल अटल में नजर आ रही हैं।



मैं कुछ और होने का अभिनय असल जिंदगी में नहीं करता

51 साल के हो चुके अभिनेता सोनू सूद अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म 'फतेह' से निर्देशक भी बन गए हैं। साइबर क्राइम पर बनी ये फिल्म इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। सोनू सूद को हिंदी सिनेमा के सबसे चुस्त तंदुरुस्त कलाकारों में माना जाता है, यहां वह बता रहे हैं अपनी खुशहाली के राज।

आप मुंबई की फिल्मी पार्टियों में क्यों नहीं दिखते हैं?

मैं अभिनेता हूं। मेरा काम है कैमरे के आगे एक किरदार को जीने की पूरी कोशिश करना। असल जिंदगी में मै जो हूं, वही रहता हूं। मैं कुछ और दिखने की दूसरों की तरह कोशिश नहीं करता। और, ऐसा करने से आज तक किसी कलाकार का करियर नहीं बना, ये मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं। न मैं दारू पीता हूं। न सिगरेट पीता हूं। तो मैं इन पार्टियों में खुद को बहुत तन्हा महसूस करता हूं।

लोग कहते हैं कि शरीर सौष्ठव के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी है और इसके लिए ही लोग मांसाहार शुरू कर देते हैं?

मैं संपूर्ण शाकाहारी प्राणी हूं, अंडा छोड़कर। हां, ये सही है कि अगर आप पौष्टिक शाकाहारी भोजन करते हैं, वह कई बार बेस्वाद हो सकता है लेकिन भोजन हम शरीर को हृष्ट पुष्ट रखने के लिए खाते हैं, स्वाद लेने के लिए नहीं। मेरे तो घर पर आने वाले लोग कहते हैं कि सोनू, अस्पताल जैसा खाना खाता है। लेकिन, मेहमानों के लिए हमारे घर पर उनकी पसंद और स्वाद का खाना बनता है। हमारे खानसामा बेहतरीन भोजन बनाने में पारंगत हैं।

फिर तो आप शुरू से अच्छे बच्चे ही रहे होंगे, घर पर, स्कूल में कभी खाने को लेकर पंगा नहीं हुआ?

आप सुनकर चौंकेगे लेकिन मैंने आज तक किसी भी खाने को लेकर कोई परेशानी नहीं जताई। जो चीजें खाने के लिए प्रकृति ने बनाई हैं, उनमें दोष निकालने वाले हम कौन होते हैं? दोष निकालने वाले वैसे भी कुछ बना नहीं सकते। वे सब दोष इसलिए निकालते हैं क्योंकि इसी में उनको संतोष मिलता है। हां, खाने को लेकर मेरा एक अनुशासन है। मैं रोटी नहीं खाता हूं। चार साल हो गए मुझे गेहूं की रोटी खाए हुए।

कभी कोई नशे वगैरह की आदत भी नहीं रही?

नहीं, कभी नहीं। नशा जीवन तबाह कर सकता है। मैं शराब तो बिल्कुल भी नहीं पीता। तमाम सारे कलाकारों ने कोशिश की है, कि मैं किसी तरह दारू पीने लग जाऊं, लेकिन नहीं होता मुझसे। सलमान (खान) भाई को बड़ा शौक रहता था मुझे पिलाने का। लगे रहते कि कैसे भी मैं पी लूं। बोलते, कोल्ड ड्रिंक में डालकर ले आ, इसके लिए थोड़ी सी।

बैडएस रवि कुमार में खूंखार अंदाज में नजर आए हिमेश रेशमिया

हिमेश रेशमिया की नई फिल्म बैडएस रवि कुमार का ट्रेलर रविवार को रिलीज हो गया। म्यूजिक कंपोजर और सिंगर हिमेश एकदम खूंखार अवतार में हैं। वे कभी दुश्मनों को गाजर-मूली की तरह काट रहे हैं तो कभी बिल्डिंग पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। हिमेश रेट्रो लुक में हैं। इस 3 मिनट 25 सैकंड लंबे ट्रेलर में हिमेश की एंट्री सिगरेट पीते हुए होती है। मुंह में सिगरेट लगाए और हाथ में इलेक्ट्रिक कटर लिए हिमेश तगड़े डायलॉग बोल रहे हैं। वे बोलते हैं, तेरे शरीर में इतना खून नहीं होगा, जितना मैं मूत देता हूं। तू बुरा है तो मैं बुरे लोगों का नवाब हूं। तू बड़ा होके बिगड़ा होगा और मैं बचपन से खराब हूं। हिमेश कभी कटर से तो कभी मशीनगन से दुश्मनों को भून रहे हैं। हिमेश पूर्व में भी कुछ फिल्मों में एक्टिंग कर चुके हैं। विलेन के रूप में साउथ इंडियन एक्टर व कोरियोग्राफर प्रभुदेवा भी चौंका रहे हैं। फिल्म में जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, एनिमल फेम सौरभ सचदेवा और गदर 2 फेम मनीष वाधवा, हिमेश की पत्नी सोनिया कपूर भी हैं। फैंस को यह ट्रेलर खूब पसंद आ रहा है। इसे जबरदस्त तरीके से सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। बता दें फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।